kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-306 ❑ गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



देश और दुनिया के लोगों में गजब का उत्साह है। दीपावली हमारी संस्कृति और मूल्यों के बेहद करीब है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची का हिस्सा बनने के बाद दीपावली को दुनियाभर में और अधिक लोकप्रियता मिलेगी। **नरेन्द्र मोदी**

हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकार : राष्ट्रपति 11

सरकारी स्कूलों में 50 हजार नई अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करेंगे : प्रधान 12

## संक्षेप

### वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर शशि थरूर बोले- यह गैर-जिम्मेदाराना हरकत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वीर सावरकर अवार्ड को लेकर बुधवार को कहा कि उन्हें इस अवॉर्ड के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी और न ही उन्होंने इसे स्वीकार किया है। उन्होंने आयोजकों पर बिना अनुमति उनका नाम घोषित करने के लिए गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार करने का आरोप लगाया। थरूर ने एक्स पोस्ट में कहा कि मुझे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला कि मुझे 'वीर सावरकर अवॉर्ड' के लिए चुना गया है, जो आज दिल्ली में दिया जाना था। मुझे इस घोषणा के बारे में कल केरल में पता चला, जहां मैं स्थानीय निकाय चुनाव के लिए वोट डालने गया था। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम में मीडिया से बात करते हुए साफ किया था कि न तो उन्हें ऐसे किसी अवॉर्ड की जानकारी है और न ही उन्होंने इसे स्वीकार किया है। इसके बावजूद आज दिल्ली में फिर वही सवाल पूछे जाने पर उन्होंने स्थिति स्पष्ट करने के लिए लिखित बयान जारी किया। थरूर ने कहा कि अवॉर्ड की प्रकृति, इसे देने वाले संगठन या किसी अन्य संदर्भ की स्पष्ट जानकारी के बिना, मेरे लिए किसी कार्यक्रम में शामिल होने या अवार्ड लेने का सवाल ही नहीं उठता।

### पूर्व न्यायाधीशों ने रोहिंग्याओं पर की गई टिप्पणी के लिए प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ 'अभियान' की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारतीय न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीशों के एक समूह ने रोहिंग्या प्रवासियों से संबंधित मामले में हालिया सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ चलाए जा रहे 'अभियान' की कड़ी निंदा की है। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने एक सार्वजनिक बयान जारी करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का अपमान अस्वीकार्य है। यह बयान 5 दिसंबर को जारी एक खुले पत्र के जवाब में आया है, जिसमें न्यायिक पूछताछ को पूर्वाग्रह के रूप में बताया गया था और न्यायपालिका को अवैध ठहराने का प्रयास किया गया था। अब 44 पूर्व जजों ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'पांच दिसंबर को कुछ पूर्व न्यायाधीशों, वकीलों और न्यायिक जवाबदेही एवं सुधार अभियान (सीजेएआर) द्वारा एक खुला पत्र जारी किया गया था। इसमें भारत में रोहिंग्या शरणार्थियों के हिरासत में लापता होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही उच्चतम न्यायालय की पीठ द्वारा दो दिसंबर को रोहिंग्या शरणार्थियों के बारे में की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर गहरी चिंता जताई गई थी। 'न्यायालय की अवमानना अस्वीकार्य' बयान में इस बात का भी जिक्र किया गया कि 'उच्चतम न्यायालय की अवमानना अस्वीकार्य है'। इसमें कहा गया है कि न्यायिक कार्यवाही केवल निष्पक्ष और तर्कसंगत आलोचना के अधीन होनी चाहिए। इसमें कहा गया है, 'हालांकि, हम जो देख रहे हैं, वह सैद्धांतिक असहमति नहीं है।

# दीपावली को यूनेस्को ने अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया

## उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने दी बधाई

एजेंसी

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने भारत में धूमधाम से मनाए जाने वाले दीपोत्सव दीपावली को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक और लोक परंपराएं भी शामिल हैं।

यह निर्णय यहां लाल किला परिसर में आयोजित यूनेस्को की एक महत्वपूर्ण बैठक में बुधवार को लिया गया। पैनल का 20वां सत्र 8-13 दिसंबर तक लाल किले में चल रहा है। यह पहली बार है जब भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है। यूनेस्को ने जैसे ही दीपावली को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की घोषणा की, लाल किला- जया श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से



गूंज उठा। घोषणा के बाद मौके पर मौजूद लोग खुशी से झूम उठे। बैठक में शामिल केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और भारतीय दल के अन्य सदस्यों ने इस अवसर पर पारंपरिक पगड़ी पहन रखी थी।

यूनेस्को की इस घोषणा के बाद केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को ही विशेष दीपावली समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की आध्यात्मिक- सांस्कृतिक पहचान को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सके। यूनेस्को की इस सूची में दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल किया जाता है, जिन्हें छू नहीं सकते लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इसे अमूर्त विश्व धरोहर भी कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। फिलहाल भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं पहले से अमूर्त विश्व धरोहर सूची में सम्मिलित हैं। इनमें वेद पठन (2008), कुटियट्टम (2008), रामलीला (2008), राम्मन (2009), मुदियेट्ट (2010), कालबेलिया लोक गीत और नृत्य (2010), छऊ नृत्य (2010), लद्दाख में बौद्ध पाठ (2012), मणिपुर का संकीर्तन (2013), जंडियाला गुरु के ठठेरा बर्तन निर्माण (2014), योग (2016), नवरोज (2016), कुंभ मेला (2017), कोलकाता की दुर्गा पूजा (2021) और गुजरात का गरबा (2023) शामिल हैं। अब दीपावली (2025) के ● शेष पेज 11 पर

### यूपी की परंपरा को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचानः योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में सम्मिलित किए जाने को गर्व का पल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्व पटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' के माध्यम से विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण से इस उपलब्धि के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या प्रभु श्रीराम की पावन भूमि है। यहीं पर दीपावली की पहली ऐतिहासिक उत्सव परंपरा की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल सांस्कृतिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपराओं की आत्मा है। ऐसे में इस पर्व की वैश्विक मान्यता अयोध्या के आध्यात्मिक महत्व को और भी प्रखर बनाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान भारत की बढ़ती सांस्कृतिक प्रतिष्ठा का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व स्तर पर अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति को व्यापक रूप से स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपराओं और उत्सवों को विश्व समुदाय द्वारा अपनाया जाना सकारात्मक संकेत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आशा व्यक्त की कि अयोध्या का शाश्वत प्रकाश मानवता को सत्य और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। उनके अनुसार यह पर्व केवल उत्सव नहीं बल्कि जीवन दर्शन है, जो समाज को एकता और संस्कारों की दिशा में अग्रसर करता है।

# विपक्ष के आरोप बेबुनियाद

## चुनाव आयोग पर आरोप लगाकर लोकतंत्र को धूमिल कर रहा विपक्ष : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और मतदाता सूची पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि इससे दुनिया में भारत के लोकतंत्र को धूमिल करने का काम किया जा रहा है।

श्री शाह ने चुनाव सुधारों पर दो दिनों तक हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि दो दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी. लोगों के बीच इस तरह का संदेश देने की कोशिश की गई कि हम चर्चा नहीं करना चाह रहे हैं। हम भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोग चर्चा से कभी नहीं भागे। चर्चा के लिए हमने न कहा, इसके पीछे भी कारण थे। विपक्ष एसआईआर की डिटेल में समीक्षा की मांग कर रहा है, जो संभव नहीं है क्योंकि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम चुनाव नहीं करवाते हैं। इस पर चर्चा होगी तो जवाब कौन देगा? जब ये चुनाव सुधार पर चर्चा के लिए तैयार हुए, हमने दो दिन चर्चा की। श्री शाह ने कहा कि चर्चा तय हुई चुनाव सुधार पर लेकिन विपक्ष के सदस्यों ने एसआईआर पर ही बोला। जवाब तो मुझे देना पड़ेगा। मैंने पहले के भी सभी एसआईआर का गहन अध्ययन किया है और कांग्रेस की ओर से फैलाए गए झूठ का अपने तर्कों के हिसाब से जवाब देना चाहता हूं। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। श्री शाह ने कहा कि विपक्ष एसआईआर का मुद्दा छेड़कर बहस को भटकाना चाहता था, जबकि सरकार व्यापक चुनावी सुधारों पर सार्थक चर्चा चाहती थी।

उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार है, यह व्यवस्था जब बनी,



तब हम थे ही नहीं। अनुच्छेद 324 में चुनाव आयुक्त को विशेष अधिकार दिए गए। अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता तय की गई है। एसआईआर का अधिकार चुनाव आयोग को अनुच्छेद 327 में है। एसआईआर चुनाव को पवित्र रखने की प्रक्रिया है। चुनाव जिस आधार पर होते हैं, वह वोटर लिस्ट ही अशुद्ध है, तो चुनाव कैसे पवित्र हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए यह तय नहीं कर सकते कि सीएम-पीएम कौन हो।

गृह मंत्री ने कहा कि हम भी विपक्ष में बैठे हैं। हम जीत से ज्यादा हारे हैं। कई चुनाव हम हारे हैं। हमने चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग पर कभी आरोप नहीं लगाए। एक नया पैटर्न खड़ा किया गया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए, श्री स्टालिन ने लगाए, श्री राहुल गांधी ने लगाए, अखिलेश यादव ने लगाए, हेमंत सोरेन ने लगाए, भगवंत मान ने लगाए। पहले ऐसी परंपरा सिर्फ कांग्रेस में थी लेकिन कड़ी ऐसी जुड़ी की यह आरोप अब इंडी गठबंधन के लोग भी लगाने लगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरे चुनाव आयोग की छवि को पूरी दुनिया में धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। आपको लग रहा है कि आप सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं, आप देश की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के नाम पर देशवासियों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर ● शेष पेज 11 पर

### मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयोग चयन समिति से हटाने की वजह बताएंः राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार बताये कि उसने चुनाव आयोग के चयन समिति से किस कारण मुख्य न्यायाधीश को हटाने का निर्णय लिया है। श्री गांधी कहा कि चुनाव आयोग के चयन निष्पक्ष चयन के लिए गठित समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा मुख्य न्यायाधीश होते हैं लेकिन सरकार ने समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक कैबिनेट मंत्री को रखने का फैसला किया है। यह निर्णय किस कारण से लिया गया इसकी वजह सरकार को बतानी चाहिए। श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, ''भारत की जनता ये तीन बहुत ज़रूरी और सीधे सवाल पूछ रही है। पहला सवाल है कि उच्चतम न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्त के चयन के पैनल से क्यों हटाया गया। पिछले आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग को लगभग पूरी कानूनी इम्युनिटी क्यों दी और सीसीटीवी फुटेज 45 दिन में नष्ट करने की इतनी जल्दबाज़ी क्यों की गयी। उन्होंने कहा कि सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं है और उसका जवाब एक ही है कि ऐसा करने से भाजपा चुनाव आयोग को वोट चोरी करने का औज़ार बना रही है।

# जमीन आवंटन मामले में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आज़ाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को मंगलवार देर रात नाटकीय घटनाक्रम के तहत शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर तब गिरफ्तार कर लिया गया जब वह लखनऊ से नई दिल्ली जा रही ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। लखनऊ पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से उनकी लोकेशन ट्रेस की और शाहजहांपुर पुलिस की टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई अंजाम दी।

सूत्रों के अनुसार, घटना करीब रात 1:15 से 1:52 बजे के बीच की है। अमिताभ ठाकुर जिस कोच में सफर कर रहे थे, पुलिस टीमें दोनों ओर से उसमें



सवार हुईं। उस समय ठाकुर सो रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें जगाया और ट्रेन से नीचे उतार लिया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने इस कार्रवाई को देखा तो कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रात में उन्हें लखनऊ लाकर पूछताछ की गई और इसके बाद विधिक कार्यवाही हेतु देवरिया भेज दिया गया। बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, वर्ष 1999 में देवरिया में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर तैनाती के दौरान अमिताभ ठाकुर ने कथित रूप से अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए जिला उद्योग केंद्र, देवरिया से औद्योगिक प्लॉट संख्या उ-2 को अपनी पत्नी नूतन ठाकुर के नाम पर आवंटित कराया। आरोप है कि उन्होंने बाद में फर्जी नाम और फर्जी पहचान के आधार पर इसे नए नामों से परिवर्तित कर कूट दस्तावेज तैयार कर प्लॉट को व्यावसायिक उपयोग के लिए तैयार किया तथा बाद में इसे लाभ कमाने के उद्देश्य से बेच दिया। शिकायत में कहा गया है कि जमीन आवंटन के लिए झूठे दस्तावेज व ● शेष पेज 11 पर

### सिरप प्रकरण में एसआईटी की जांच कई बिन्दुओं पर शुरू

लखनऊ। सिरप प्रकरण की जांच के लिए गठित एसआईटी कई बिन्दुओं पर अपनी कार्रवाई आगे बढ़ाएगी। एसआईटी जांच में यह भी देखेगी कि पिछले साल जांच के बाद दर्ज एफआईआर में पूर्व सांसद का करीबी बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह, अमित टाटा का नाम विवेचना में सामने आ चुका था, फिर भी इसे दबाए क्यों रखा गया। उसे बचाने में लगे रहे पुलिस कर्मियों की भूमिका का भी पता लगाया जाएगा। इसके साथ ही फर्जी फर्म और फर्जी ई-बिल से कितने करोड़ रुपये की तस्करी की गई, इसके लिए जीएसटी विभाग से पूरा ब्योरा ले लिया गया है। शासन ने इस प्रकरण के तूल पकड़ने पर आईजी एल. कुमार ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 से

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❑ अनुपूरक बजट के साथ कई विधेयक पेश करने की तैयारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को 'बाई सर्कुलेशन' के माध्यम से इस सत्र की तिथियों को मंजूरी दी और अब राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अनुमोदन के बाद इन तिथियों की आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलेगा। सत्र की संक्षिप्त अवधि को देखते हुए सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं। सबसे महत्वपूर्ण कार्य 22 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इसमें प्रमुख विभागों की अतिरिक्त आवश्यकताओं के लिए धनराशि की मांग की जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार सदन में 10 से अधिक विधेयक भी रखने वाली है। इनमें कुछ पुराने लंबित विधेयक और ● शेष पेज 11 पर

# दो कारों की टक्कर के बाद लगी आग, पांच की मौके पर ही मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार को डीह गांव के पास खड़ी वैगन आर में पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा कार टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन धू-धूकर जल उठे। हादसे में महिला व किशोरी समेत पांच की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए जिनमें दो की हालत बेहद नाजुक है। दोनों वाहनों में नौ लोग सवार थे। सभी घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती करवाया गया है।

हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सुबेहा थाना क्षेत्र के डीह कुड़वा गांव के पास माइल स्टोन 51.6 पर हुआ। यह राजधानी लखनऊ से 59 किमी की दूरी पर है। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों गाड़ियां पूरी तरह जल गई थीं। हादसे के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस अधिकारियों ने दोनों कारों को

## बाराबंकी में दर्दनाक हादसा



एक्सप्रेस-वे से हटवाया। हादसा कैसे हुआ और आग किन परिस्थितियों में लगी, इसकी पड़ताल की जा रही है। ब्रेजा कार दिल्ली और वैगनआर गाजियाबाद के नंबर पर रजिस्टर्ड है। इस घटना के चश्मदीद कुड़वा डीह गांव के प्रधान प्रतिनिधि अनिल ने बताया हादसा मेरी आंखों के सामने हुआ है। हम लोग सड़क किनारे खड़े हुए थे। दोपहर करीब ढाई बजे वैगनआर कार (यूपी 14 सीबी 2088) एक्सप्रेस-वे पर खड़ी थी। उसका बोनट खुला हुआ था। एक महिला और पुरुष गाड़ी के आगे खड़े हुए थे। तीन बच्चे कार के अंदर पानी पी रहे थे। तभी आजमगढ़ की ओर जा रही ब्रेज़ा कार (डीएल 3 सीसी जेड 5826) ने पीछे से वैगनआर को भीषण टक्कर मार दी। टक्कर होते ही हम लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन, वैगनआर कार में आग लग गई। उसकी लपटों ने ब्रेजा कार को भी चपेट में ले लिया। राहगीर भी मदद के लिए दौड़े। सूचना पाकर मौके पर पुलिस और यूपीडा के ● शेष पेज 11 पर

## नशे से बचकर ही खुद और देश के भविष्य को बचा पाएंगे युवा : मुख्यमंत्री

# किसी न किसी रूप में घुसना चाहता है देश का दुश्मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां सामने हैं। एक ड्रग्स का नशा और दूसरा मोबाइल या स्मार्टफोन का नशा। इन दोनों नशों से बचना होगा। इनसे युवा जितना बच पाएंगे, उतना ही खुद को और देश के भविष्य को भी बचा पाएंगे। नशे से बचकर ही युवा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे।

सीएम योगी बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं को मोबाइल फोन के नशे से दूर रहने की सलाह दी। एक शिक्षक और अभिभावक के रूप में मुख्यमंत्री ने युवाओं

### योगी बोले

❑ ड्रग्स के साथ स्मार्टफोन का नशा भी आज युवाओं के सामने चुनौती

से कहा कि आपको सतर्क रहना होगा क्योंकि नशा माफिया तेजी के साथ युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेने का कुत्सित प्रयास करता है। अकादमिक संस्थाओं को भी इसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा। सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को इसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है। उसको हम अवसर न दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन पर युवाओं का अत्यधिक समय खर्च हो रहा है, इसको कम करना होगा। उन्होंने युवाओं को समझाया, हालांकि एकाएक यह कर पाना कठिन होगा, इसलिए धीरे-धीरे कम करिए। आवश्यक हो तभी आधा या एक घंटा, तक ही आप मोबाइल फोन का



इस्तेमाल करिए। समय तय करिए कि मुझे जब आवश्यक बात करनी है तभी बात करूंगा, अनावश्यक नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग आपकी आंख की साइट को प्रभावित करेगा। मस्तिष्क को कुंद कर देगा, बुद्धि, विवेक और शारीरिक क्षमता को भी यह पूरी तरह कमजोर कर देगा। इसलिए स्मार्टफोन से जितना बच सकते हैं, बचने का प्रयास करना चाहिए।

समय और तकनीक के साथ चलते हुए भविष्य की चुनैतियों के लिए खुद को तैयार करने की सीख देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन और रोबोटिक्स के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। हममें से कोई व्यक्ति उससे अपने आप को अलग नहीं कर सकता। हमें करना भी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उस मानसिकता से भी उबरना पड़ेगा कि तकनीक आएगी तो रोजगार के अवसर कम करेगी। यह ● शेष पेज 11 पर

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**अनुपचारित सीवेज किसी भी स्थिति में गंगा में न छोड़ा जाए : जिलाधिकारी**

**वृक्षारोपण 2026 हेतु पहले से स्थल चयन तथा विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा सुरक्षा समिति और जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्ष 2025 के वृक्षारोपण की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को पौधों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही वर्ष 2026 के वृक्षारोपण हेतु विभागीय लक्ष्य के अनुसार स्थल चयन, कार्ययोजना एवं सूक्ष्म कार्ययोजना समय से तैयार कर वन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्रिम मृदा कार्य समय से पूरा करने पर भी बल दिया।गंगा सुरक्षा समिति की समीक्षा में जिलाधिकारी ने गंगा की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में अनुपचारित सीवेज या प्रदूषित जल गंगा नदी में न छोड़ा जाए। उन्होंने नालों की टैपिंग, गंगा सफाई, पर्यावरण एक्शन प्लान के उन्नयन तथा नदियों के पुनरुद्धार से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी नालों की नियमित साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए।जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को एनजीटी को भेजी जाने वाली सूचनाएँ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर नियंत्रण, वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा जनजागरूकता बढ़ाने से संबंधित आवश्यक कार्यवाहियाँ सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद यादव, जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत तेज गति से ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है: ए के शर्मा

**केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा की वर्चुअल उपस्थिति में विधिवत टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट शुभारंभ किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना–1000 मेगावाट टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट की तृतीय यूनिट का वाणिज्यिक संचालन आज केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा की वर्चुअल उपस्थिति में विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश को ऊर्ज़ा क्षेत्र में एक नई क्षमता प्राप्त हुई है, जो राज्य के विकास और उपभोक्ताओं को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहायक होगी। टिहरी पीएसपी देश की प्रथम वेरिएबल स्पीड तकनीक वाली पंप स्टोरेज परियोजना है, जो ऑफ-पीक घंटों में अतिरिक्त बिजली को स्टोर करके ग्रिड को 1000 मेगावाट तक की पीकिंग पावर उपलब्ध कराएगी। परियोजना की चार इकाइयों में से प्रथम दो पहले ही सफलतापूर्वक वाणिज्यिक उत्पादन कर रही हैं, जबकि तृतीय इकाई के संचालन से परियोजना की क्षमता और अधिक मजबूत हुई है। वेरिएबल स्पीड पीएसपी तकनीक की सहायता से बिजली की मांग के अनुरूप ऊर्ज़ा का रियल टाइम स्टोरेज एवं रिलीज संभव सकेगा। इससे राष्ट्रीय ग्रिड पर लोड मैनेजमेंट और अधिक सुदृढ़ होगा और नवीकरणीय ऊर्ज़ा को बिना किसी रूकावट के ग्रिड से जोड़ा जा सकेगा।

ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत तेज गति से ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है, और टिहरी परियोजना इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री शर्मा ने बताया कि तृतीय इकाई के उत्पादन से 25 प्रतिशत विद्युत उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जिससे राज्य की ऊर्ज़ा आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी।उन्होंने केंद्रीय ऊर्ज़ा मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि परियोजना की चौथी इकाई का उद्घाटन भी आगामी महीनों में संपन्न हो जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि यदि इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार की किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हुई तो राज्य पूर्ण रूप से तत्पर रहेगा।इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य ऊर्ज़ा मंत्री श्री श्रीपाद नाइक, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (ऊर्ज़ा) श्री नरेंद्र भूषण, सचिव विद्युत मंत्रालय भारत सरकार श्री पंकज अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत (13 दिसंबर) की सफलता के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रयागराज। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज, सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने आगामी 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रचार वाहन के साथ जनपद के सभी बैंकों के प्रबंधकगण एवं जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा भी उपस्थित रहे। पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा शहर भर में राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की गई, ताकि अधिकतम लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें।इस दौरान लोक अदालत के नोडल अधिकारी/एडीजे रविकांत तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/एडीजे दिनेश कुमार गौतम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार पूरे जनपद में किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनमानस से अपील की गई है कि 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने लंबित मुकदमों को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर उनका निस्तारण कराएँ।यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

## डीईओ ने एसआईआर के डिज़िलाइजेशन प्रगति की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश



रायबरेली । जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025-2026 के अंतर्गत डिजिटाइजेशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की । बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सभी प्रविष्टियों के डिजिटाइजेशन कार्य समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसलिए इसमें दर्ज प्रत्येक प्रविष्टि का सही-सही सत्यापन आवश्यक है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नामांकन, विलोपन, स्थानांतरण तथा सुधार संबंधी प्रपत्रों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनसे अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने एवं त्रुटिरहित सूची तैयार कराने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ,प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में छात्र को प्रधानाचार्य ने बैट से पीटा, परिजनों ने काटा हंगामा



रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत राघवपुर में परिजनों के द्वारा प्रधानाचार्य पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के साथ स्कूल का घेराव किया गया तथा प्रधानाचार्य पर कार्यवाही की मांग की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 9 बजे के आसपास पीड़ित परिजनों के द्वारा विद्यालय पहुंचकर हंगामा काटना शुरू किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञात हो कि प्राथमिक विद्यालय राघवपुर में कक्षा एक के दलित छात्र ऋतिक पुत्र रामबरन निवासी गरीब दास का पुरवा मजरे राघवपुर के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य ने किसी बात को लेकर छात्र के सिर पर बैट से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मामला शांत कराकर चौकी पर तहरीर देने की बात। परिजनों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में बच्चों के साथ न केवल मारपीट की जाती है, बल्कि विद्यालय में उनके साथ छुआछूत और जातिगत भेदभाव भी किया जाता है। विरोध स्वरूप ग्रामीणों ने विद्यालय का घेराव किया है। ग्रामीण आरोपित प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा है यदि जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह आंदोलन करेंगे। पीड़ित छात्र के पिता रामबरन ने बताया कि देर शाम जब उसका बच्चा विद्यालय से पढ़कर घर पहुंचा, तब उन्हें घटना की जानकारी प्राप्त हुई। घटना मंगलवार दोपहर की है। पीड़ित पिता के द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी डी चौकी पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

## गोवंश के अवशेष मामले में गिरफ्तार अनीस के खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही पर रोक

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मेरठ के परतापुर थाने में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 की धारा 3/8, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के मुकदमे में आरोपी अनीस के खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल ने अनीस की याचिका पर उसके अधिवक्ता और सरकारी वकील को सुनकर दिया है। याची के एडवोकेट ने मुकदमे की सम्पूर्ण कार्यवाही रद्द करने के लिए दाखिल याचिका पर बहस में कहा कि मजिस्ट्रेट अदालत ने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि काले जानवर के अवशेषों के सम्बंध में कोई जांच रिपोर्ट रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं है। जबकि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 की धारा 3/8 के प्रावधान के तहत यह होना चाहिए था।अधिवक्ता ने कहा कि आरोप पत्र में 12 गवाहों का उल्लेख है और उनमें से शिकायतकर्ता के बयान को छोड़कर अन्य गवाह औपचारिक हैं। सरकारी वकील ने भी बताया कि प्रथम सूचनाकर्ता को छोड़कर अन्य गवाह पुलिसकर्मी हैं, जो अभियुक्त की गिरफ्तारी के गवाह हैं। उन्होंने पाए गए जानवरों के अवशेषों के सम्बंध में कोई जांच रिपोर्ट रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं होने की बात भी कही। इस पर अधिवक्ता ने कहा है कि जब तक यह निर्धारित नहीं हो जाता कि पाया गया शव-जानवर का अवशेष वास्तव में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 की धारा 3 में यथा-प्रावधानित गाय, बैल, बछड़े का है, तब तक याची के विरुद्ध धारा 3 के तहत अपराध के लिए कोई अभियोजन शुरू नहीं किया जा सकता।

# हलोर ग्राम के श्री बालाजी मंदिर तक पक्की सड़क और पुलिया निर्माण की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के महाराजगंज तहसील क्षेत्र में स्थित महाराजगंज ब्लॉक के समसपुर हलोर ग्राम में श्री बालाजी पवन तनय संकट मोचन सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री बालाजी आश्रम तक पहुंचने वाली सड़क की स्थिति जर्जर बनी हुई है।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्य सड़क से मंदिर तक पक्की सड़क और पुलिया के निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ट्रस्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितेंद्र प्रसाद से तथा डीएम से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।ट्रस्ट के पदाधिकारियों में संदीप दास, अविनाश चंद्र,के अनुसार, समसपुर हलोर वाया ओसाह मेन सड़क से मंदिर तक का मार्ग वर्तमान में कच्चा है, जिसकी लंबाई लगभग 150 मीटर है। बरसात के मौसम में इस मार्ग पर पानी भर जाता है,जिससे श्रद्धालुओं और भक्तों को मंदिर पहुंचने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं और यहां सामाजिक एवं धार्मिक कार्य भी नियमित रूप से आयोजित होते हैं। कच्चे मार्ग के कारण न केवल आवागमन प्रभावित होता है, बल्कि सुरक्षा संबंधी जोखिम भी बढ़ जाते हैं।ट्रस्ट ने इस समस्या के समाधान के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी रायबरेली सहित अन्य संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नेताओं को पत्र के माध्यम से इस मुद्दे से अवगत कराया है। इसके अलावा, क्षेत्रीय विधायक से भी अनुमोदन प्राप्त किया गया है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा, ''हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोक निर्माण मंत्री जितेंद्र प्रसाद से इस सड़क और पुलिया के निर्माण की मांग की है। यह न केवल धार्मिक महत्व का विषय है, बल्कि स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ा है।

# अधिशासी अभियंता महराजगंज संदीप कुमार ने विद्युत उपभोक्ताओं को दी जानकारी

**उत्तर प्रदेश सरकार ने 2025-26 के लिए बिजली बिल समाधान योजना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। अधिशासी अभियंता महराजगंज संदीप कुमार ने एसके इंडिया न्यूज़ के माध्यम से विद्युत उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि, उत्तर प्रदेश सरकार ने 2025-26 के लिए ''बिजली बिल समाधान योजना'' शुरू करी है, जो बीते 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक चलेगी, जिसमें बिजली उपभोक्ताओं को लंबित बिलों पर 100% ब्याज/सरचार्ज माफी और मूलधन पर 25% तक की छूट, आसान किस्तों में भुगतान के साथ-साथ बिजली चोरी के मामलों में राहत और औसत खपत के आधार पर बिल कम करने जैसी सुविधाएँ मिलेंगी। योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता या तो ठघ्एख्र की वेबसाइट, या फिर ऐप अथवा जनसेवा केंद्रों से पंजीकरण करा सकते हैं। आपको बता दें कि, अधिशासी अभियंता महराजगंज ने जानकारी देते हुए बताया कि, यह योजना तीन चरणों में लागू होगी, प्रथम चरण में लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को योजना का 100% लाभ मिलेगा। वहीं दूसरे चरण के लिए कुछ काम तथा तीसरे चरण में योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को सबसे कम लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) में लागू हो रही इस एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत, 2 किलोवॉट तक के घरेलू (एलएमवी-1) और 01 किलोवॉट तक के वाणिज्यिक (एलएमवी-2) उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि, इस योजना के माध्यम से महराजगंज डिवीजन के अंतर्गत बड़ी तादाद में उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुँचेगा। उन्होंने योजना की छूट का विवरण देते हुए कहा कि, पहली बार तीन चरणों की इस योजना में, नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड बिजली उपभोक्ताओं को ब्याज पर 100 फीसदी और मूलधन पर 25 फीसदी तक की छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि, प्रथम चरण (01 से 31 दिसंबर 2025) में पंजीकरण कराकर 30 दिन में पूरा भुगतान करने पर ब्याज में 100% और मूल बकाए में 25% की छूट मिलेगी। द्वितीय चरण में मूलधन में छूट का दायरा 20% और तृतीय चरण में यह 15% रहेगा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि, किस्त में भुगतान का विकल्प चुनने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी राहत है। मासिक 500 या 750 रुपए की किस्त व नियमित बिल का भुगतान करने पर ब्याज में 100% छूट रहेगी।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता आयोजन सम्पन्न

**कार्यक्रम में बच्चों को बाल विवाह से होने वाले समस्याओं के बारे में बताया गया, बाल विवाह एक गैर कानूनी कार्य है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग द्वारा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा वीणापाड़ी इंटर कॉलेज, मलिकमऊ में ''बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय'' विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों को बाल विवाह से होने वाले समस्याओं के बारे में बताया गया, बाल विवाह एक गैर कानूनी कार्य है इसी कारण सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का प्रावधान किया है जिसमें बाल विवाह करने एवं करने वाले सभी लोगों के लिए सजा का प्रावधान किया गया है। संविधान द्वारा बताया गया है कि विवाह की आयु लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़के का 21 वर्ष होना चाहिए। बालिकाओं और बालकों को बताया गया कि अगर आपके आसपास लड़के या लड़की का बाल विवाह हो रहा तो आप 1098, 1090, 181 पर कॉल करके जरूर सूचित करें, आपका परिचय गोपनीय रखा जाएगा, परंतु सूचना सही होनी चाहिए। आपके एक छोटे से प्रयास से किसी बालिका का भविष्य अंधकारमय होने से बच जाएगा। साथ ही साथ बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह एवं जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, विद्यालय का स्टाफ और छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# धोखाधड़ी से दस्तावेज तैयार कर बेची गई जमीन के मामले में महिला समेत छह पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बेची गई जमीन के मामले में एक महिला समेत छह के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है।

आपको बता दें कि, मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे पंडित मजरे ओसाह गांव का है। गांव निवासी अर्जुन पुत्र माता प्रसाद ने न्यायालय को दिए गए 173(4) बी एन एस एस के तहत दिए गए प्रार्थना पत्र में न्यायालय को बताया कि, उसके पिता माता प्रसाद की वर्ष 2017 की 10 जून को मौत हो गई थी। पिता की देहांत के बाद उसके विधिक वारिसान के साथ महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के सलेथू गांव निवासी सतीश कुमार पुत्र शिवराम का नाम धोखाधड़ी कर खाते में दर्ज कर लिया गया। भुक्त भोगी ने न्यायालय को बताया राजस्व निरीक्षक के प क 11 को न्यायालय में स्थगित किया गया ।खतौनी में अंकन हुआ। आरोप है कि, मामले से जुड़े आरोपी सतीश कुमार ने धोखाधड़ी करते हुए कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उसके पिता की जमीन को शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नवलगंज मजरे पर खुर्द गांव निवासी राम रानी पत्नीरामकुमार एवं राकेश कुमार पुत्र जगन्नाथ एवं ओसाह गांव निवासी नंदकिशोर पुत्र श्री पाल को बिगाड़ 22 जुलाई को उपनिबंधक कार्यालय में जमीन बेच दी गई। भुक्तभोगी ने न्यायालय को बताया महाराजगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया ।एफआईआर नहीं दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्यायालय की शरण ली । न्यायालय ने तथ्यों का परिशीलन कर महाराजगंज एसओ को मामला दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामले से जुड़े सतीश कुमार पुत्र शिवराम, राम रानी पत्नी रामकुमार, राकेश कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद, नंदकिशोर पुत्र श्रीपाल, राकेश कुमार पुत्र जगन्नाथ व रामसागर पुत्र जगन्नाथ के खिलाफ गंभीर धाराओं में मंगलवार को मामला पंजीकृत कर लिया है।

# डीएम ने किया गणना प्रपत्रों की फीडिंग और मैपिंग के कार्यों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्रों की फीडिंग और मैपिंग के कार्यों का आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा कटिंग मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज का फिर से औचक निरीक्षण किया गया और बूथवार फीडिंग तथा मैपिंग की अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई।

उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर कार्मिकों से आज किए गए गणना प्रपत्रों की मैपिंग और फीडिंग के कार्यों का ब्यौरा लिया। उन्होंने मैपिंग के कार्यों को हर हाल में सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने फॉर्म भरने और सत्यापन प्रक्रिया में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।इसके बाद उन्होंने डी ए वी पीजी कॉलेज, नरहरपुरा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित बीएलओ को अगले तीन दिनों के कार्यों के बारे में बताया। कहा कि आपके द्वारा बूथवार गणना प्रपत्र वितरित किये गये, उसे 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग कराते हुए जिन मतदाताओं द्वारा अब तक अपने गणना प्रपत्र वापस जमा नही किये हैं या ऐसे मतदाता जो अनुपस्थित थे या दूसरे स्थान पर शिफ्ट हुए हैं या जिसकी मृत्यु हो गयी है या दोहरी प्रविष्ठि है, ऐसे लोगो के गणना प्रपत्र ASD (अनुपस्थित एवं शिफ्टेड तथा मृत्यु) डाला गया है, उसके संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी इट्टक मार्क मतदाताओं के घर जाकर पुनः चेक कर सत्यापन करा लिया जाय और संबंधित परिवार या किसी बगल के व्यक्ति हस्ताक्षर करवा ले जिससे वास्तविक मतदाता इट्टक श्रेणी में मार्क न हो।उन्होंने कहा कि जनपद में जिन मतदाताओं का गणना प्रपत्र किसी कारणवश डिजिटाइज्ड नही हो पाया है उन मतदाताओं के लिए दिनांक 10, 11, 12-12-2025 तीन दिन विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में इट्टक मार्क मतदाता को पुनः खोजा जाए तथा जिन मतदाता का नाम त्रुटिवश इट्टक सूची में पड़ गया है, उन मतदाताओं का क्रॉस चेकिंग करा कर सही मैपिंग किया जाए।इस कार्य हेतु उन्होंने अतिरिक्त अधिकारी लगाकर मैपिंग कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने बूथ से संबंधित बीएलए के साथ बैठक कर इट्टक मतदाता के संबंध में चर्चा कर लें और उसकी सूची भी उन्हें उपलब्ध करा दें तथा उस सूची को अपने बूथ पर चस्पा भी करें।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/217/2025–26 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनउ चल स्टॉक की आधारभूत संरचना के सुधार एवम् उन्नयन का विद्युत कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू 62,09,464.97 |
| ग | धरोहर राशि | रू 1,24,200/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ङ | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/218/2025–26 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनउ विभिन्न क्षमताओं के डी०सी० से ए०सी० रिजनरेटिव लोड बॉक्स के रचना, आपूर्ति, जॉच सहित विकास एवम् कमिशिनिंग का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू 42,92,910.40 |
| ग | धरोहर राशि | रू 99,900/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ङ | कार्य समापन अवधि | 08 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवंम समय | 02.01.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 02.01.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। सं.: विद्युत/डब्ल्यू0/आलमबाग/217/218/2025–26 दिनांक: 10.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3818/25

# साइकिल भत्ते से खफा पंचायत सचिव साइकिल चलाकर बैठक में पहुंचे

**कहा– अब फील्डवर्क भी साइकिल से ही करेंगे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ जनपद के विकासखंड काकोरी में आज ग्राम पंचायत अधिकारियों ने अपने विरोध को दर्ज कराने का अनूठा तरीका अपनाया। 'मोटरसाइकिल के युग' में उन्हें मिलने वाले महज 100 से 200 रुपए मासिक साइकिल भत्ते के विरोध में सैकड़ों सचिव साप्ताहिक ब्लॉक बैठक में साइकिल चलाकर पहुंचे।

इस सांकेतिक सत्याग्रह के जरिए उन्होंने शासन को अपना संदेश स्पष्ट कर दिया।ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के निर्देश पर हुए इस विरोध प्रदर्शन में सचिवों ने यह निर्णय भी लिया कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे फील्ड में सरकारी योजनाओं का संचालन और भ्रमण केवल साइकिल से ही करेंगे। उनका कहना है कि यह कदम सरकारी योजनाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी दर्शाता है और साइकिल भत्ते के प्रति विरोध भी।'आशा-आंगनबाड़ी को मिलता है फोन, नोडल अधिकारी को क्यों नहीं?'सचिवों ने एक और बड़ी विसंगति की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में तैनात आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शासन की ओर से सीयूजी (एठक्क) मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि ग्राम पंचायत के नोडल अधिकारी यानी सचिव को आज तक न तो कोई फोन मिला है और न ही कोई सीयूजी नंबर।'100 रुपए भत्ते में कैसे पूरा करें तत्काल उपस्थिति का आदेश?'सचिवों ने उच्च अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले तत्काल उपस्थिति के आदेशों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ''अक्सर हमें आदेश मिलते हैं कि अपनी ग्राम पंचायत से 5 मिनट में ब्लॉक या आधे घंटे में जिला मुख्यालय पहुंच जाएं। जब हमें सिर्फ 100-200 रुपए साइकिल भत्ता मिलता है, तो हम इन आदेशों का पालन कैसे करें? यह अनुचित है और हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं।''नेतृत्व की चेतावनीइस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष ललित कुमार गौतम (ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन) और जिला अध्यक्ष व प्रांतीय महामंत्री नागेंद्र प्रताप कुशवाहा (ग्राम पंचायत अधिकारी संघ) ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उनकी मुख्य मांगें हैं - साइकिल भत्ते में उचित वृद्धि, कार्यशील सीयूजी फोन की उपलब्धता और तत्काल उपस्थिति के अवास्तविक आदेशों पर पुनर्विचार।इस विरोध से जिला प्रशासन का ध्यान तो गया है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। देखना है कि 'साइकिल सत्याग्रह' कर रहे इन ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ कहे जाने वाले अधिकारियों की आवाज सुनने के लिए सरकार कितनी गंभीर है।

# आकर्षक फाउंडेशन द्वारा किया गया सराहनीय कार्य



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विभिन्न प्रकार के कई सराहनीय कार्य करता है आकर्षक फाउंडेशन एवं उनके कार्यकर्ताउत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ में स्थित नरपत खेड़ा डूडा कॉलोनी के निवासियों ने आकर्षण फाउंडेशन की फाउंडर अरशी शर्मा को सूचना दी की कई दिनों से बीमार एक गाय को नगर निगम रेस्क्यू नहीं कर रहा है यह सुनकर के आकर्षक फाउंडेशन की फाउंडर अरशी शर्मा ने तत्काल नगर निगम में से संपर्क करते हुए नगर निगम नगर आयुक्त जी को इसकी कंप्लेंट दर्ज कराई तत्काल प्रभाव से गाय को रेस्क्यू कर करके कान्हा उपवन इलाज हेतु भेजा ।

# हरदोइया बाजार में धनुष यज्ञ मेला का भव्य समापन

**अमरेन्द्र भारद्वाज ने दिया भाईचारे और एकता का संदेश, राम दरबार स्मृति चिन्ह से हुए सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम के हरदोइया बाजार में आयोजित पांच दिवसीय धनुष यज्ञ बाबा शिवराम दास मेला धार्मिक और अद्भुत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। 5 दिसंबर से शुरू हुए इस ऐतिहासिक मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने रामलीला मंचन का अवलोकन करते हुए हजारों की भीड़ को संबोधित किया।

समापन समारोह में अमरेन्द्र भारद्वाज ने रावण- राम संवाद का उदाहरण देते हुए समाज को एकजुटता, भाईचारे और पारस्परिक सहयोग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मृत्यु शैय्या पर रावण ने श्रीराम से स्वीकार किया था ल्लहम इसलिए हार गए क्योंकि हमारा भाई हमारे साथ नहीं था, जबकि आपका भाई आपके साथ खड़ा था।ङ्क उन्होंने जनता से अपील की कि भाई भाई का सहारा बने, प्रेम और तालमेल बनाए रखें, तभी समाज आगे बढ़ता है। मेला आयोजक विजय चौरसिया ने समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज का स्वागत माला पहनाकर और राम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धा, सांस्कृतिक उत्साह और पारंपरिक कला की भव्यता देखने को मिली। इस अवसर पर गंगा चरण भारद्वाज, हरिकृष्ण भारद्वाज (गौरव भारद्वाज), मयंक द्विवेदी, विनोद वर्मा, सर्वेश तिवारी, बृजेश रावत (लाला), रामलाल रावत (अध्यक्ष, स्माइल नगर सोसायटी), मोहम्मद कय्यूम, विशाल भारद्वाज, कल्लू वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# साइकिल भत्ता मात्र 200 रुपये: पंचायत सचिवों का मोहनलालगंज में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बुधवार को मोहनलालगंज विकासखंड में पंचायत सचिवों ने अपने सिर्फ 200 रुपये के साइकिल भत्ते को बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। समन्वय समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में, ग्राम पंचायत अधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष साधना रावत और ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह की अगुवाई में सभी सचिव साइकिलों पर सवार होकर विकासखंड कार्यालय पहुंचे–जो अपने आप में व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

सचिवों ने कहा कि आज के मोटरसाइकिल युग में मात्र 200 रुपये का साइकिल भत्ता अत्यंत हास्यास्पद है। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में स्पष्ट कहा कि अब वे सरकारी योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए फील्ड भ्रमण सिर्फ साइकिल से ही करेंगे, ताकि शासन को उनकी पीड़ा और वास्तविकता का अहसास हो सके। यह कदम उनकी सिस्टम के प्रति निष्ठा और अपर्याप्त भत्ते के प्रति रोष दोनों को दर्शाता है। साथ ही सचिवों ने ऑनलाइन प्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शासन को जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों को समझते हुए ऑनलाइन उपस्थिति और कार्यभार को सरल व व्यावहारिक बनाना चाहिए, ताकि गांवों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। इस विरोध प्रदर्शन में वंदना शर्मा, अनीता मिश्रा, प्रतिभा शर्मा, दिव्या द्विवेदी, श्रुति अग्निहोत्री, मनोज वर्मा, विनय सागर, शशांक शुक्ला, संदीप यादव, अक्रम अंसारी, केपी सिंह, बृजेश थारू, प्रणय प्रसून, महेंद्र क्षेत्रे समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## पंचायत सचिवों ने साइकिल चलाकर किया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पंचायत सचिवों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन की कड़ी में आज साइकिल से कार्यालय पहुंचकर पंचायत सचिवों ने अपना विरोध दर्ज कराया। तमाम पंचायत सचिव आज साइकिलों से गोसाईगंज विकासखंड कार्यालय पहुंचे और उसके बाद साइकिल से ही अपने गांव गए। कर्मचारी नेता ललित कुमार, प्रशांत सक्सैना, राम बहादुर शर्मा अभय सिंह, संतोष गिरी सहित कई सचिव इसमें शामिल रहे। संघ के महामंत्री प्रशांत सक्सेना ने बताया कि आज भी वाहन भत्ता के नाम पर साइकिल भत्ता 200 प्रतिमाह दिया जा रहा है। डीजल पेट्रोल का कोई पैसा नहीं मिलता है। शांतिपूर्ण सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें ग्राम विकास विभाग व पंचायत विभाग के अधिकतर कर्मचारी शामिल रहे। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिंह व ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबाष पांडे के निर्देशन में पूरे प्रदेश में पंचायत सचिव लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य मुद्दा ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम लागू करने के विरोध का है।

## धौरहरा में जानवरों को खूर पका व मुंह पका की बीमारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों गोसाईगंज इलाके में जानवरों में खुर पका मुंह पका की बीमारी देखने को मिल रही है।ग्राम पंचायत धौरहरा में यह बीमारी जानवरों में पाई गई है। इस मामले में पशु चिकित्सालय गोसाईगंज के डॉक्टरों का कहना है कि यह गांव उनके कार्य क्षेत्र में नहीं आता है।जानवरों में फैल रही खुर पका व मुंह पका बीमारी के मामले को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह ,ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार बबलू पटेल, जिला सचिव राममिलन , एवं अन्य साथियों की ओर से उठाया गया है। संगठन के लोगो ने बताया कि धौरहरा गांव का भ्रमण करने पर यह पाया कि उस वहां पशु खुर पका और मुंह पका की बीमारी से पीड़ित है। इस मामले पर पशु चिकित्सालय के डॉक्टर से इलाज के लिए बात हुई तो उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र हमारे क्षेत्र में नहीं आता है। इसके बाद इसी बात की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की गई । राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महामंत्री ने कहा कि यदि उस गांव में शीघ्र ही डॉक्टर पशुओं का इलाज करने नहीं पहुंचे तो संगठन पशु चिकित्सालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सालय के डॉक्टरों की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आवारा सांड के हमले से युवक घायल

**सरोजनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके के चिल्लावां में एक आवारा सांड़ ने रास्ते से जा रहे एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज हो रहा है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मण लोधी करीब 45 वर्ष मंगलवार शाम चिल्लावां बाजार से सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में दो आवारा सांड़ आपस में लड़ रहे थे। जब लक्ष्मण ने उनसे बचकर निकलने की कोशिश की, तो एक सांड़ ने उन पर ही हमला कर दिया। सांड़ की सींग लगने से उनके पेट में गहरा घाव हो गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े।आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह सांड़ को भगाया और एंबुलेंस बुलाकर लक्ष्मण को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उनके पेट में 15 टांके लगाए गए हैं और फिलहाल उनका इलाज जारी है। लक्ष्मण पेशे से राजमिस्त्री हैं।

## महापौर से मिला सिंधी समाज, भगवान झूलेलाल द्वार बनाने की रखी मांग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ नगर निगम कार्यालय में बुधवार को सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की। सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, सुरेश छाबलानी, अशोक चांदवानी, श्याम कृष्णानी, मोहित जसवानी, पुनीत लालचंदानी, घनश्याम दास सहित उपस्थित अन्य ने महापौर सुषमा खर्कवाल को ज्ञापन सौंपते हुए झूले लाल वाटिका में जल्द ही भगवान झूलेलाल का स्वागत द्वार लगाए जाने की मांग रखी।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम कार्यकारिणी में भगवान झूलेलाल का स्वागत द्वार बनाए जाने के प्रस्ताव को पास किया जा चुका है। अब नगर निगम की जमीन को चिन्हित कर इस द्वार को बनाए जाने का कार्य अभी शेष बाकी है जिसे लेकर सिंधी समाज आज महापौर सुषमा खर्कवाल से मिला। इस दौरान पदाधिकारियों ने नाका हिंडोला चौराहे पर स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी चौराहे का नवीनीकरण का कार्य क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता के माध्यम से खूब तेज गति से चल रहा है।

# दिव्यांगजनों को विधायक जयदेवी कौशल ने बांटी ट्राईसाइकिलें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद ब्लॉक सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक जयदेवी कौशल ने क्षेत्र के दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिलें वितरित कीं। ट्राईसाइकिल पाकर दिव्यांगजन बेहद खुश नजर आए।

कार्यक्रम में पहुँची विधायक जयदेवी कौशल का स्वागत ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा व प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजू सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें भी अपनी इच्छा के अनुरूप कार्य एवं प्रगति करने का समान अधिकार है। सरकार दिव्यांगजन पेंशन के साथ जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध करा रही है, जिससे उनके आत्मविश्वास और हौसले में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन स्वयं को कमजोर न समझें, सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है। ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा ने कहा कि उनका प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक दिव्यांगजन को उनकी विकलांगता के अनुसार उचित उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ। इसके लिए वह लगातार समाज कल्याण विभाग से संवाद बनाए हुए हैं। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अनूप कुमार सिंह, अखिलेश उर्फ अंजू सिंह, जितेंद्र गौतम, सर्वेश रावत सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# रंगारंग स्पोर्ट्स डे में छात्रों की चमक ने किया सबको मुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । चौक स्टेडियम बुधवार को उत्साह, जोश और तालियों की गूंज से भर उठा, जब सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स डे, इंटर हाउस स्कूल ओलंपिक एवं पी.टी. डिस्प्ले 2025 का भव्य समापन हुआ।

यह कार्यक्रम न सिर्फ़ खेल का महोत्सव था, बल्कि अनुशासन, प्रतिभा और टीमवर्क का जीवंत उत्सव भी साबित हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अर्पणा बिष्ट यादव, एमएलसी पवन सिंह चौहान, जस्टिस अताउर रहमान मंसूरी, पार्षद अनुराग मिश्रा, पार्षद अयाज़ुर्रहमान (अल्लाह प्यारे) और पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद अहसन जैसे कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसने समारोह को औपचारिक रूप से शुभारंभ प्रदान किया। इसके पश्चात कॉलेज के विद्यार्थियों ने अत्यंत अनुशासित और मनमोहक परेड प्रस्तुत कर मंचासीन अतिथियों को सलामी दी। खेल मैदान में एक के बाद एक मुकाबले शुरू हुए तो बच्चों की ऊर्जा मानो अपने चरम पर थी।बॉक्सिंग, कबड्डी, रस्साकशी, ताइक्वांडो, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस, हर खेल में विद्यार्थियों ने न सिर्फ़ जीत का जज़्बा दिखाया, बल्कि खेल भावना का उम्दा परिचय भी दिया।दर्शकों की तालियाँ बार-बार मैदान में गूंजती रहीं। पी.टी. डिस्प्ले का दृश्य तो मानो पूरे कार्यक्रम की शान बन गया। योग, मार्च-पास्ट, लेज़र फॉर्मेशन और सामूहिक व्यायाम की प्रस्तुतियाँ बच्चों के तालमेल, समर्पण और अनुशासन की अद्भुत मिसाल थीं, जिन्होंने अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद आमिर सिद्दीकी ने बताया कि इस तीन दिवसीय खेलोत्सव में सैकड़ों छात्रों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में टीमवर्क, नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास और नैतिक अनुशासन को मजबूत करते हैं, जो उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी पवन सिंह चौहान ने विद्यालय की कार्यशैली की सराहना की और शिक्षकों की मेहनत को सलाम किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की नियमित उपस्थिति, अच्छे मित्र, अच्छी पुस्तकें और अच्छे संस्कारों पर ध्यान दें, ताकि बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

मुख्य अतिथि अर्पणा बिष्ट यादव ने सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज को चौक क्षेत्र का प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बताया। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन द्वारा राष्ट्रीयता और मूल्यों पर दिए जा रहे विशेष बल की भी प्रशंसा की और विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# सिर्फ 200 रुपये साइकिल भत्ते पर भड़के पंचायत सचिव

**मोहनलालगंज में साइकिल रैली निकाल कर किया जोरदार विरोध प्रदर्शन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ । बुधवार को मोहनलालगंज विकासखंड में पंचायत सचिवों ने अपने सिर्फ 200 रुपये के साइकिल भत्ते को बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। समन्वय समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में, ग्राम पंचायत अधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष साधना रावत और ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह की अगुवाई में सभी सचिव साइकिलों पर सवार होकर विकासखंड कार्यालय पहुंचे–जो अपने आप में व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। सचिवों ने कहा कि आज के मोटरसाइकिल युग में मात्र 200 रुपये का साइकिल भत्ता अत्यंत हास्यास्पद है। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में स्पष्ट कहा कि अब वे सरकारी योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए फील्ड भ्रमण सिर्फ साइकिल से ही करेंगे, ताकि शासन को उनकी पीड़ा और वास्तविकता का अहसास हो सके। यह कदम उनकी सिस्टम के प्रति निष्ठा और अपर्याप्त भत्ते के प्रति रोष दोनों को दर्शाता है।

साथ ही सचिवों ने ऑनलाइन प्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शासन को जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों को समझते हुए ऑनलाइन उपस्थिति और कार्यभार को सरल व व्यावहारिक बनाना चाहिए, ताकि गांवों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। इस विरोध प्रदर्शन में वंदना शर्मा, अनीता मिश्रा, प्रतिभा शर्मा, दिव्या द्विवेदी, श्रुति अग्निहोत्री, मनोज वर्मा, विनय सागर, शशांक शुक्ला, संदीप यादव, अक्रम अंसारी, केपी सिंह, बृजेश थारू, प्रणय प्रसून, महेंद्र क्षेत्रे, पंकज वर्मा, राजेश सिंह, सुनीता पाल, संजू राय, सुप्रिया गौतम, सरला वर्मा सहित रामशरण राजपूत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पर्यटकों को लखनऊ भ्रमण कराने के लिए 1090 चौराहे से इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस का होगा संचालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को 31 दिसंबर 2025 तथा फरवरी, 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर शीघ्रता से कार्य करते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए हिदायत दी है। इसके साथ ही विभिन्न विकास परिषदों के क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर बल दिया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि निर्माण कार्यों में वित्तीय अनुशासन, समयबद्धता तथा गुणवत्ता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

पर्यटन मंत्री बुधवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन सभागार में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यकलापों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजधानी आने वाले पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं को लखनऊ के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने के लिए 1090 चौराहे से इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस संचालित की जाएगी। इस बस में प्रशिक्षित गाइड की व्यवस्था होगी, जो ऐतिहासिक एवं प्राचीन धार्मिक स्थलों के इतिहास पृष्ठ भूमि मान्यताओं एवं विरासत के बारे में जानकारी देंगें। बस के रूट एवं किराया आदि के बारे में विचार-विमर्श करके निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस डबल डेकर बस का शुभारंभ भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को किया जाना प्रस्तावित है। जयवीर सिंह ने समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिए कि जहां पर भी पर्यटन एवं संस्कृति की परियोजनाएं संचालित की जा रही है उस स्थल पर एक बोर्ड लगाया जाए, जिसमें परियोजना का नाम, अनुमानित लागत, पूर्ण होने की तिथि तथा अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता का मोबाइल नंबर अंकित हो। इसके साथ ही आम जनता परियोजना की पृष्ठभूमि, आस्था एवं ऐतिहासिक महत्व के बारे में जान सके। उन्होंने बोर्ड पर कार्यदायी संस्था का नाम एवं मोबाइल नंबर भी दर्शाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनः दौहराया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। घटिया सामग्री का उपयोग पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार तथा कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जयवीर सिंह ने संस्कृति निदेशालय तथा उप्र संग्रहालय निदेशालय के निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति गहन समीक्षा की। उन्होंने हरदोई, एटा, अलीगढ़, पीलीभीत, फिरोजाबाद, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अमरोहा में निर्माणाधीन रामलीला चारदीवारीयों को 31 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही बड़े रामलीला मैदान में आंगतुकों के लिए टॉयलेट कॉपलेक्स बनाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश की निर्माणाधीन रामलीला चारदीवारी में एकरूपता होनी चाहिए। इसके साथ ही दीवारों पर सनातन परंपरा की झलक दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यही स्टैंडर्ड पूरे प्रदेश के रामलीला स्थलों पर लागू होगा। जयवीर सिंह ने जनपद चित्रकूट स्थित रामलीला स्थल व रामायण मेला परिसर के शुद्धिकरण का कार्य विलंब से चलने पर अप्रशंता व्यक्त की। इसके अलावा अवध केसरी राणा बेनी माधव सिंह की स्मृति में निर्माणाधीन सभागार एवं पुस्ताकालय का निर्माण, बंदायू में ऑडिटोरियम, जनपद कन्नौज में रोमा समुदाय को समर्पित स्मारक एवं मुक्ताकाशी मंच का निर्माण, चित्रकूट में महर्षि बाल्मिकी सांस्कृतिक केन्द्र, लखनऊ में डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के संग्रहालय के आंतरिक कार्य के निर्माण कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए ताकि इन महापुरूषों से जुड़े स्थलों का शीघ्र लोकार्पण किया जा सके।

# खैराबाद किसान मेले में लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

**300 मरीजों की हुई जांच**
**भूमिजा बहुउद्देशीय हाल में तीन दिवसीय किसान मेला**
**स्वास्थ्य विभाग का बड़ा शिविर आकर्षण का केंद्र शुगर बीपी और महिला रोगों की हुई विशेष जांच**
**डॉ. राहिल फरीद ने शिविर को बताया ऐतिहासिक**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। खैराबाद के भूमिजा बहुउद्देशी हाल के प्रांगण में तीन दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा अधीक्षक डा0 राहिल फरीद के नेतृत्व एवं 310 अनिल पंकज के पर्यवेक्षण में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में विशेष रूप से शुगर, ब्लडप्रेशर स्त्री एवं प्रसूति रोग सम्बन्धी रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण डा. विनीत मिश्रा एवं डा0 शाहिना बानो द्वारा किया गया।भावना मिश्रा स्टाफ़नर्स उपस्थित रहीं। अपर जिलाधिकारी नीतिश सिंह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।डा0 विनीत मिश्रा ने अपने उद्?बोधन में स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि कैसे आप अपने आहार विहार दिनचर्या द्वारा स्वस्थ जीवन जी सकते हैं डा. शाहिना ने महिला रोगों को लेकर विशेष जागरुकता सम्बन्धी बातें साझा की।कुल 300 मरीजों का स्वास्थ्यशिविर में परीक्षण किया गया।अन्त में डा0 राहिल फरीद ने आभारव्यक्त करतेहुए इस स्वास्थ्य शिविर कोऐतिहासिक बताया।

# प्रदेश स्तरीय दिव्यांग अधिकार महासम्मेलन का आयोजन

**शिक्षा, स्वास्थ्य ,रोजगार, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता का मुख्य उद्देश्य सम्मेलन में रहा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर। बुधवार को आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग अधिकार महासम्मेलन आयोजित किया गया।महासम्मेलन में शहरी ग्रामीण अंचल दिव्यांग, वृद्धा, निराश्रित महिला और समाजसेवी महिला व पुरुषों ने भागीदारी की । महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन द्वारा दिव्यांग निराश्रित ,वृद्धा जनों का अधिकार के साथ साथ उनकी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए समय समय पर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करना ।

शिक्षा, स्वास्थ्य ,रोजगार, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता का मुख्य उद्देश्य सम्मेलन में रहा । कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया ।महासम्मेलन के मुख्य अतिथि, राजकुमार दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी रहे। इस अवसर पर दिव्यांगों ने वंदना ,स्वागत गीत, भजन बबलू, प्रेरणादायक गीत किरन गौतम ,कवि कमलेश मौर्य मृदु,सगीर भारती आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करके दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर कार्य करने का प्रयास कर रहे है। महासम्मेलन में विशिष्ट अतिथि, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, वरिष्ठ समाजसेवी सागर गुप्ता, परियोजना अधिकारी अनिल कुमार चौधरी, जिला प्रोबेशन कार्यालय से साक्षी शुक्ला,बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी, वरिष्ठ समाजसेवी सागर गुप्ता,



गौरक्षक अनूप खेतान आदि ने कार्यक्रम में संबोधन किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सावन कुमार हिमांशु,, कौशल किशोर, प्रीति, हरिलाल, शैलेंद्र सिंह आदि लोगों ने काफी सहयोग प्रदान किया। दिव्यांगों का उत्थान के लिए कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित ।

कार्यक्रम में दिव्यांग, वृद्धजन, पत्रकार, किसान, उन्नतशील किसान, व्यापारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, महन्त, अधिवक्ता, अनाथ, कुष्ठ रोगी, शिक्षक, गौरक्षक, बागवान, सभासद, सिंगारे को किया गया सम्मानित । और दिव्यांगों को भोजन कराया गया ।इस अवसर पर आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, उपाध्यक्ष बृजेश शुक्ला, प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या कोषाध्यक्ष विजय पाल गुड्डू , संदीप सैनी,प्रदीप कुमार मौर्य फाउंडेशन पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय महमूदाबाद में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

**कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर। विश्व मानव अधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय महमूदाबाद में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एम.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल, मोहल्ला रमुआपुर स्थित परिसर में राष्ट्रीय अध्यक्षा माननीय नीतू सिंह दिनकर के दिशा-निर्देशन एवं राष्ट्रीय संरक्षक एस.एस. दिनकर की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख एवं न्यूज़ एडिटर अनुज कुमार जैन ने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवाधिकार किसी एक दिन की औपचारिकता नहीं, बल्कि मानव गरिमा के संरक्षण की सतत प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 10 दिसंबर 1948 को मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा अपनाई गई, जिसके उपलक्ष्य में 1950 से हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (गब्बटए) नई दिल्ली की स्थापना 12 अक्टूबर 1993 को हुई थी और वर्तमान अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. राम सुब्रमण्यम हैं, जिन्होंने 31 दिसंबर 2024 को कार्यभार ग्रहण किया था।राष्ट्रीय संरक्षक एस.एस. दिनकर ने अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकार हर व्यक्ति के वे मूल अधिकार एवं स्वतंत्रताएँ हैं जो उसे केवल मानव होने के नाते प्राप्त होते हैं— जैसे जीवन, स्वतंत्रता, शिक्षा और समानता का अधिकार। ये सभी अधिकार सार्वभौमिक हैं और सभी के लिए समान रूप से लागू होते हैं।कार्यक्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों—जाकिर (ब्लॉक राम हुसैनी), पूनम, पप्पू, प्रिया, अशोक कुमार वर्मा, एडवोकेट संतोष कुमार पांडेय—को भी कार्यभार ग्रहण कराया गया।इस अवसर पर रवि लाल रस्तोगी (राष्ट्रीय महासचिव), सपना श्रीवास्तव (राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा महिला सशक्तिकरण मानवाधिकार मोर्चा), मुजीब अहमद (जिला अध्यक्ष, सीतापुर), सुधीर चौहान (जिला प्रभारी), शिव कैलाश (जिला उपाध्यक्ष), शिवदास, जुम्मन अली, मोहम्मद शरीफ, चित्रांश, सूफिया बनो, आसमान, बिल किस्सा, चांदनी, रूमाना तरन्नुम, आफरीन, प्रियंका गुप्ता, पिंकी, आलमीन समेत अन्य लोग शामिल।

## आपराधिक कानूनो का लक्ष्य सामाजिक बुराई को समाप्त करना होना चाहिए-प्रो. अखिलेंद्र

शाहजहांपुर। स्वामी सुकदेवानंद महाविद्यालय में दो दिवसीय नवीन आपराधिक विधि व्यवस्था और मानवाधिकारः आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में चुनौतियों और संभावनाएं विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का आयोजन मुख्य शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमित सिंह, प्रो0 (डॉ0) अखिलेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रो. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, डॉ. प्रमोद तिवारी, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. (डॉ.) अवनीश कुमार मिश्र, (सचिव प्रबन्ध समिति), प्रो. (डॉ.) जय शंकर ओझा (प्राचार्य एसएस लॉ कालेज मंचसीन रहे। इस दौरान मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) अखिलेंद्र पांडे ने मौलिक अधिकारों और भारतीय धर्मशास्त्र की व्यापकता का बखान किया। कहा कि आपराधिक कानूनो का लक्ष्य सामाजिक बुराई को समाप्त करना होना चाहिए। उन्होंने नई अपराधिक विधियों के अंतर्गत मात्रात्मक एवं गुणात्मक दृष्टिकोण से आलोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया।

# डीएम ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने टाउनहॉल स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह, शहीद द्वार, शहीद उद्यान में राज्य स्मार्ट सिटी योजना और मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत निर्माणाधीन और सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। गांधी भवन के निरीक्षण के दौरान डीएम ने दोनों तरफ बड़े पंखे लगाने, स्क्रीन को ऊंचाई पर स्थापित करने, बरसात के पानी की निकासी करने तथा अंदर और सामने की दीवारों को आकर्षक रंगों से सजाने, सोलर सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और सामने पार्क को हटाकर वाहन पार्किंग विकसित करने के निर्देश दिए। कहा कि यूट्यूब स्टूडियो और ई-लाइब्रेरी के कमरों को उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार करें और भवन में चटोरी गली विकसित करने का प्रस्ताव तैयार करें। डीएम ने बताया कि गांधी भवन प्रेक्षागृह में 462.62 लाख रुपये स्वीकृत धनराशि से मुख्य भवन के रिनोवेशन के तहत फॉल्स सीलिंग, वॉल पैनलिंग, कारपेट फ्लोरिंग, स्टेज पर वुडन फ्लोरिंग, 600 ऑडिटोरियम चेयर, लाइट एंड साउंड



सिस्टम, एंट्रेंस लॉबी के मरम्मत कार्य, बाहरी फसाड़ का सौंदर्यीकरण, स्टेज साइक्लोरामा व पर्दे का कार्य तथा 75 टन एयर कंडीशनिंग और एलईडी स्क्रीन की स्थापना की जा रही है। वहीं, शहीद द्वार पर राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत 237.37 लाख रुपये की स्वीकृत धनराशि से प्लेनेटोरियम, ट्रांसफार्मर, डीजी सेट, सीसीटीवी एवं फसाड निर्माण कार्य प्रगति पर है। वहीं मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत 1337.139 लाख रुपये की लागत से स्मार्ट पार्किंग का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड, प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल पर पार्किंग, गेमिंग जोन, फूड कोर्ट, कॉमर्शियल स्पेस और अन्य आधुनिक सुविधाएँ शामिल होंगी। उन्होंने कार सैलून, बड़े ब्रांड के फूड आउटलेट और कार पार्किंग के ऊपर ओपन एयर थिएटर अथवा रेस्टोरेंट विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही शहीद उद्यान में स्थापित म्यूजिक सिस्टम का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि अधिकांश समय सुबह-शाम देशभक्ति एवं भक्ति गीत ही बजाए जाएं। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कबिरहा समिति में खाद के लिए हंगामा मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कर्मचारियों की शिकायत पर ईसानगर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ईसानगर खीरी। ईसानगर विकास खण्ड स्थित कबिरहा सहकारी समिति पर शुक्रवार को यूरिया वितरण के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब किसानों और समिति कर्मचारियों के बीच कहासुनी के बाद स्थिति टकराव में बदल गई। मामला इतना बढ़ गया कि समिति के कर्मचारियों ने कुछ किसानों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

कर्मचारियों की शिकायत पर ईसानगर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यूरिया खाद की किल्लत के चलते कबिरहा सहकारी समिति पर सुबह से ही किसानों की लंबी कतार लग गई थी। घंटों इंतजार के बाद भी वितरण व्यवस्थित ढंग से न हो पाने से किसानों में नाराजगी बढ़ती गई। इसी दौरान किसी बात को लेकर किसानों और कर्मचारियों के बीच बहस शुरू हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कहासुनी देखते ही देखते धक्काऽमुक्की में बदल गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और हाथापाई भी की गई। घटना के बाद समिति परिसर में हड़कंप मच गया और कुछ देर के लिए वितरण कार्य भी प्रभावित हुआ।घटना से आहत कर्मचारियों द्वारा ईसानगर थाना पुलिस को तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।वहीं कुछ किसानों का कहना है कि खाद वितरण में अव्यवस्था, समय पर सूचना न मिलना और सीमित मात्रा में उर्वरक मिलने के कारण स्थिति बिगड़ी। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन उचित व्यवस्था कराकर समयबद्ध तरीके से खाद उपलब्ध कराए, जिससे भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न बने।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। समिति परिसर में शांति व्यवस्था बहाल कराई गई। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि वितरण प्रक्रिया को जल्द व्यवस्थित किया जाएगा ताकि किसानों को परेशानी न हो।

# मनिकापुर तिराहे पर यातायात पुलिस की सख्ती, 52 वाहन चेक, 12 के चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला, खीरी। सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने के लिए गोला, लखीमपुर रोड स्थित मनकापुर तिराहे पर बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वाहनों पर अनिवार्य रिफ्लेक्टर टेप की जांच की गई।इस दौरान कुल 52 वाहनों की जांच की गई, जिसमें से 12 वाहन ऐसे पाए गए जिनमें रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगे थे। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।यातायात पुलिस ने बताया कि रिफ्लेक्टर टेप का उपयोग रात के समय और कम दृश्यता में अन्य वाहनों को दूर से पहचानने में मदद करता है, जिससे टक्कर की आशंका कम होती है। खासकर ट्रक, ट्राली, ट्रैक्टर और भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप का होना अत्यंत आवश्यक है।एएसआई/यातायात पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद वाहन



चालकों को रिफ्लेक्टर टेप लगाने की अनिवार्यता के बारे में जानकारी दी और समझाया कि यह केवल नियम नहीं, बल्कि जान की सुरक्षा का उपाय है। जिन वाहनों पर टेप नहीं थे, उन्हें भविष्य में नियम का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुर्माना और कानूनी कार्रवाई होती रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि अपने वाहनों में समय रहते रिफ्लेक्टर टेप लगवाएं और यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## खमरिया पुलिस ने डीएम के निर्देश पर जिलाबदर अभियुक्त को भेजा जनपद सीमा से बाहर



लखीमपुर खीरी। जिले में अपराध पर सख्ती जारी रखते हुए जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर थाना खमरिया क्षेत्र में एक अभियुक्त के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। मंगलवार को खमरिया पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जनपद लखीमपुर खीरी की सीमा से बाहर भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम भट्ठीपुरवा निवासी महेंद्र दीक्षित के आपराधिक इतिहास और जिले की कानून-व्यवस्था के लिए उत्पन्न खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा उसे जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया था। आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओपी राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त को हिरासत में लिया और विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे जनपद की सीमा से बाहर छोड़ा।बताया जा रहा है कि महेंद्र दीक्षित के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज थे, जिससे क्षेत्र में भय और अशांति का माहौल बना हुआ था। आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को जिले से बाहर करने का निर्णय लिया।पुलिस ने अभियुक्त को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वह 6 माह की जिला बदर अवधि के दौरान लखीमपुर खीरी की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। यदि वह आदेश का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा सकता है।

## एसपी सिटी ने साइबर क्राइम सेल की समीक्षा बैठक की



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार ने साइबर क्राइम सेल की समीक्षा बैठक की और साइबर अपराधों की वर्तमान स्थिति, प्राप्त शिकायतों की प्रगति, पीड़ित सहायता, डिजिटल साक्ष्यों के संकलन तथा त्वरित जांच-निस्तारण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान एसपी सिटी ने निर्देश दिए कि साइबर अपराध से संबंधित प्रत्येक शिकायत का जल्द एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। सोशल मीडिया फ्रॉड, यूपीआई/ओटीपी धोखाधड़ी, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड तथा बैंकिंग फ्रॉड जैसे मामलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पीड़ितों को समय से परामर्श, सहायता एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएं। संदिग्ध लिंक्स, फ़ेक कॉल, साइबर ठगी के तरीकों के बारे में जनजागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं। थानों एवं साइबर सेल के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर साइबर अपराधियों पर कठोर कार्यवाही की जाए। एसपी सिटी ने कहा कि शाहजहांपुर पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों की सहायता के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। बैठक में साइबर क्राइम सेल के प्रभारी एवं टीम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जेल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



शाहजहांपुर। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला कारागार में किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ओमप्रकाश मिश्रा तृतीय ने की। इस दौरान सचिव ने बंदियों को उनके अधिकारों एवं मानवाधिकारों के बारे बताया। कहा कि मानवाधिकारों में मुख्यतः मानव गरिमा के साथ जीने का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, स्वच्छ वातारण में रहने का अधिकार, वॉक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, रोजगार का अधिकार आदि मानवाधिकार की श्रेणी में आते हैं, जिसकों हमारे संविधान ने मूलभूत अधिकारों के रूप में मान्यता दी है। एल एडीसी एस चीफ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य कैदियों को मूल अधिकारों के बारे में बताना है। कहा कि दूसरों के अधिकारों का हनन नहीं करना चाहिंए। उन्होंने बंदियों को कानूनी अधिकारों और उपलब्ध कानूनी सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता का निधन पर शोकसभा आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता के आकस्मिक निधन पर पत्रकारिता जगत में शोक व्याप्त है। उनके निधन पर यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के जिला कार्यालय पर शोकसभा आयोजित की गई। सभा में उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उपजा के प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद इरफान ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता के निधन से मीडिया क्षेत्र ने एक सरल स्वभाव, मिलनसार और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्ध पत्रकार को खो दिया। उपजा जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि सभी के दुःख-सुख में शामिल होने वाले पत्रकार अशोक गुप्ता का निधन पत्रकारिता जगत में अपूर्णीय क्षति है। उपजा जिला महामंत्री पंकज सक्सेना ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता के द्वारा की गई उत्कृष्ट पत्रकारिता और धार्मिक कार्यों के आयोजनों को सदैव याद किया जाएगा। उनका निधन मीडिया जगत और समाज के लिए बड़ी क्षति है। सभा में उपस्थित पत्रकारों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को शांति मिले। इस अवसर पर उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार शर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, जिला संरक्षक ओंकार मनीषी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा एडवोकेट, अमरदीप रस्तोगी, रामलड़ैते तिवारी, एमआई खान, जिला उपाध्यक्ष एनुल हक, जिला सचिव विषेक मिश्रा एडवोकेट, इमरान जिलानी, मीडिया प्रभारी शशांक सोमवंशी, संजय कौशल, मोहम्मद अर्शीयान सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# खमरिया बाजार में खाद्य विभाग का छापा, दुकानदारों में मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा खीरी। क्षेत्र में मिलावटी व घटिया खाद्य सामग्री की बिक्री पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गुरुवार को धौरहरा तहसील क्षेत्र के खमरिया बाजार में वृहद चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम जी शुक्ला ने किया।जैसे ही खाद्य विभाग की टीम बाजार में पहुंची, दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार आननऽफानन में अपनी दुकानें बंद करने लगे, तो कुछ सड़ाऽगला माल छिपाने में जुट गए। टीम ने मिठाई की दुकानों, किराना स्टोर, फलऽसब्जी ठेलों और दूध विक्रेताओं के यहां पहुंचकर उत्पादों की गुणवत्ता, पैकिंग, एक्सपायरी डेट और स्वच्छता व्यवस्था की बारीकी से जांच की।खासकर दूध विक्रेताओं को रोककर मौके पर ही दूध की जांच की गई। मिलावट की आशंका के चलते कई दूध के सैंपल लिए गए, जिन्हें प्रयोगशाला जांच के लिए



भेजा गया है।टीम ने बच्चों के उपयोग में आने वाले दूध पैकेट, टॉफी, नमकीन, बिस्कुट, चॉकलेट और अन्य खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की। खाद्य अधिकारी ने बताया कि बच्चों के लिए बिक रहे उत्पादों में जरा सी लापरवाही भी गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है।खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम जी शुक्ला ने दुकानदारों को साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि–''खाद्य पदार्थों के साथ किसी भी प्रकार की मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।''उन्होंने सभी दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने, खराब या एक्सपायर सामग्री न बेचने तथा मानक के अनुरूप ही सामान रखने के निर्देश दिए। साथ ही आम जनता से अपील की कि किसी भी दुकान पर गंदगी या मिलावट नजर आए तो तुरंत खाद्य विभाग को सूचना दें।खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया कि प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों पर जुर्माना, लाइसेंस निरस्तीकरण तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनशिचत करें अधिकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में अधिकारियों के साथ विकास व कानून व्यवस्था आदि की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक व निष्ठा से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत बन जाएगा तथा उत्तर प्रदेश भी विकसित उत्तर प्रदेश होगा।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस विभाग की शिकायत प्राप्त हो उसकी जांच के आदेश उसी अधिकारी को न दिए जाएं। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका निस्तारण व समाधान नहीं किया जा सकता हो। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता व रैंकिंग की स्थिति की जानकारी लेते हुए शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता व समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चकमार्ग पर अवैध कब्जे व सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायतें लखनऊ तक आती हैं इसलिए अधिकारी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लें। उन्होंने कहा कि चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायतों के लिए विशेष अभियान चलाकर इसका निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरो को जगमग किया जाए यह सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने सीमांकन कराने के आवेदनों की जानकारी ली। जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि 90 दिन से पुराना कोई मामला लंबित नहीं है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के मामलों का निस्तारण पूरी गंभीरता से किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने धान खरीद की स्थिति की जानकारी लेते हुए क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 37000 मेट्रिक टन का लक्ष्य मिला है। जोकि बरेली मंडल में जनपद को सबसे कम लक्ष्य मिला है। डीएम ने बताया कि लक्ष्य पूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने खाद की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि खाद के लिए किसानों को परेशानी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने किसान सम्मान निधि की जानकारी भी अधिकारियों से ली। उप मुख्यमंत्री ने परिषदीय विद्यालयों में यूनिफार्म जूते-मोजे के वितरण की स्थिति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानी। उन्होंने कहा की स्कूली ड्रेस (यूनिफार्म) बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह की दीदीयों को प्रेरित किया जाए साथ ही अभिभावकों को भी प्रेरित किया जाए जिससे स्वयं सहायता समूह की दीदीयां लखपति दीदी और आत्मनिर्भर बन सकें।

उप मुख्यमंत्री ने हर घर नल से जल की स्थिति की जानकारी लेते हुए जनपद के प्रत्येक ब्लॉक के 10-10 ऐसी ग्राम सभाओं का निरीक्षण कराए जाने के लिए निर्देशित किया जिसमें शतप्रति कार्य पूर्ण होकर जल की आपूर्ति की जा रही हो। ताकि वस्तु स्थिति से अवगत हुआ जा सके।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के दिए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद मुरादाबाद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को डाटा अपडेशन पर विशेष ध्यान देते हुए ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डाटा अपडेशन से रैंकिंग में सुधार आता है और जनपद की स्थिति अच्छी बनी रहती है। उन्होंने सभी कार्यदायीं संस्थाओं को निर्देशित किया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। निर्माण परियोजनाओं को हैण्डओवर करने से पूर्व ही समस्त कार्य दुरस्त हों, इसको सुनिश्चित भी किया जाये। कार्यदायीं संस्था यूपीसीएलडीएफ द्वारा राजकीय प्रक्षेत्र रौण्डा के सुदृढ़ीकरण में भौतिक प्रगति मात्र 53 प्रतिशत होने पर तथा पेड़ों की कटाई की प्रक्रिया धीमी गति पर होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह में पेड़ कटाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजकीय पौधशाला फहेतउल्लागंज निर्माण परियोजना के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण की भौतिक प्रगति 25 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उ.प्र. जल निगम ग्रामीण द्वारा रुस्तमनगर सहसपुर में सोलर पैनल एवं मिट्टी भराव का कार्य कैम्पस में शेष रहने पर जिलाधिकारी ने जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम द्वारा गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र मुरादाबाद के प्रशासनिक भवन, छात्रावास, आवासीय भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति 75 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाकर समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम को निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उ.प्र. जल निगम नगरीय, यूपी सिडको, सीएनडीएस, उ.प्र. पर्यटन विकास निगम, उ.प्र. राज्य सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग,प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड प्रथम लोक निर्माण विभाग, नलकूप विभाग, उ.प्र. वक्फ विकास निगम लिमिटेड, पैकफ़ेड आदि कार्यदायीं संस्थाओं द्वारा जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी के साथ साथ अपर नगर आयुक्त, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंधक उपस्थित रहें।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले कार्यक्रमों की जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति आवश्यक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सहायक आयुक्त राज्यकर व प्रभारी पूर्व मनोरंजन आकांक्षा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसम्बर को नये वर्ष की पूर्व संध्या पर जनपद के विभिन्न क्लब, बैंकट लॉन, रिजोर्ट्स, रेस्टोरेंट, मनोरंजन पार्क, स्विमिंगपूल आदि में आयोजित किये जाने वाले मनोरंजक कार्यक्रम उ0प्र0 चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) अधिनियम-1955, की धारा-2(।-2) के अन्तर्गत मनोरंजन की परिभाषा से आच्छादित है, ऐसे कार्यक्रम के आयोजन व संचालन से पूर्व अधिनियम की धारा-4 (1) के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।

उन्होंने बताया कि बिना जिला मजिस्ट्रेट से पूर्वानुमति प्राप्त किये, ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित किया जाना, वर्णित अधिनियम की धारा-8 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है, जिसके लिये 06 माह के कारावास अथवा अधिकतम 20000 रुपए के अर्थदण्ड अथवा दोनों दिये जाने का प्राविधान है तथा निरंतरता में उल्लंघन किये जाने की दशा में प्रत्येक दिवस हेतु 2000 रुपए अतिरिक्त दण्ड दिये जाने का भी प्राविधान है।उन्होंने जनपद के समस्त क्लब, बैंकट लॉन, रिजोर्ट्स, रेस्टोरेंट, मनोरंजन पार्क, स्विमिंगपूल आदि के संचालको को सूचित किया है कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अथवा अन्यथा किसी भी दिवस में, आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम को, बिना जिला मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के आयोजित न करें, अन्यथा उनके विरूद्ध उपर्युक्त सुसंगत विधिक प्राविधानों के अन्तर्गत कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने बताया कि ऐसे किसी भी कार्यक्रम को पूर्वानुमति, प्राप्त करने हेतु निवेशमित्र पोर्टल के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजन से 30 दिन पूर्व आवेदन किया जा सकता है, जिसके लिये अग्नि सुरक्षा, विधुत-सुरक्षा, शांति व्यवस्था आदि प्रमाण-पत्रों को संबंधित विभागों से प्राप्त कर ऑनलाइन अपलोड करना होता है। अनुमति की प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन है, फिर भी यदि ऑनलाइन प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है या किसी सहायता को इच्छुक है।

# उप मुख्यमंत्री ने किया राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

**निर्माणकार्य में लाएं तेजी, सुचारू रूप से संचालित करें स्वास्थ्य सेवाएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय में चिकित्सा शिक्षकों तथा स्टाफ की उपलब्धता, शिक्षण व्यवस्था, तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्थाओं यूपीआरएनएन, यूपी सीडीको एवं सी एंड डीएस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों से संबंधित सभी समस्याएँ कॉलेज प्रशासन द्वारा लिखित रूप में उपलब्ध कराई जाएँ, जिससे उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान यूपी सीडीको के अधिकारियों ने बताया कि नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य जनवरी 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा फरवरी 2026 तक उसे मेडिकल कॉलेज प्रशासन को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार ने उप-मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि एनएमसी के मानकों के अनुसार मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षकों एवं स्टाफ की कमी विद्यमान है। इसके बावजूद कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण के साथ कर रहे हैं तथा सभी कार्य समय पर संपादित किए जा रहे हैं। यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्य अभी पूर्ण रूप से संपन्न नहीं किए गए हैं, जिसके कारण कॉलेज के कुछ विभाग प्रभावित हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व शेखूपुर विधायक धर्मेंद्र शाक्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व अधिकारी, चिकित्सक व स्टाफ मौजूद रहे।

## चलाया गया बाल एवं किशोर श्रमिक चिन्हांकन अभियान

मुरादाबाद। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट के निर्देश पर तथा सहायक श्रमायुक्त के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा जनपद मुरादाबाद के सीतापुरी एवं नेता कालोनी, करूला सम्भल रोड में बाल एवं किशोर श्रमिक चिन्हांकन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 03 प्रतिष्ठानो से 03 बाल श्रमिको एवं 01 किशोर श्रमिक का चिन्हांकन किया गया। चिन्हित समस्त 03 बाल श्रमिकों को उनकी आयु परीक्षण के लिए सम्बन्धित श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात उनकी सुपुर्दगी हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही की गयी। प्रतिष्ठान के नियोजको द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिशोध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के अधिनियम का उल्लघंन किये जाने के कारण सम्बन्धित नियोजको के विरूद्ध अधिनियम के अन्तर्गत निरीक्षण टिप्पणी निर्गत कर मौके पर ही हस्तगत करा दी गयी है तथा प्रकरण में निरीक्षण उपरान्त अग्रिम कार्यवाही अपनायी जा रही है। उप श्रमायुक्त द्वारा नियोजको को भविष्य मे बाल एवं किशोर श्रमिकों से कार्य न लिये जाने हेतु सचेत भी किया गया।

## छात्र और छात्राओं ने खून की जांच कराई

शिकारपुर। श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा निशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 141 छात्र और छात्राओं ने अपने खून की जांच कराई। बुधवार को प्राचार्य डा ललित कुमार गुप्ता ने छात्रों को रक्त समूह की जानकारी होने के महत्व के बारे में बताया। साथ ही रक्त दान से खुद और दूसरे बीमार व्यक्ति को होने वाले लाभ और आवश्यकता के बारे में बताया। रक्त जांच शिविर की व्यवस्था में उप प्राचार्य नीरज कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डा राजकुमार सिंह, रेशु भारद्वाज, श्रीमती प्रिंसी सिंह, गुणेश कुमार, श्वेता कौशिक आदि का सहयोग रहा।

## थाने के निरीक्षण में दारोगाओं से पिस्टल लोड करा कर देखा

शिकारपुर । एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर थाना अहमदगढ़ के अर्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह द्वारा दरोगाओं से पिस्टल लोड करा कर चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान शस्त्रागार, माल खाना, मैस, कार्यालय, आवासीय परिसर, बैरक की साफ सफाई की जांच की गई। प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा को थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के साथ सरकारी संपत्ति की देखभाल करने, अभिलेखों को संभालकर रखने, सरकारी वाहनों की उचित फिटनिश चेक करने के निर्देश दिए।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का बताया गया महत्व

शिकारपुर। सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को उसके महत्व के बारे में बताया गया। बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाए जाने के कारण के बारे में बताते हुए कानून के छात्रों से कहा कि 1948 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाने की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है, ताकि सभी लोगों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया जा सके। डॉक्टर अरविंद कुमार और सुहैल आलम ने मानवाधिकारों के ऐतिहासिक विकास, समानता के अधिकार, लिंग भेद की समस्या तथा शिक्षा के समान अवसर आदि विषयों पर प्रकाश डाला। छात्रा अंजलि, ममता और प्राची ने भी विचार रखे।

## संभल में तीन महिलाओं समेत 6 घुसपैठिये चिन्हित

चन्दौसी । संभल में भारत की नागरिकता हासिल किए बिना अवैध तौर पर रह रहे 3 महिलाओं सहित 6 बांग्लादेशी घुसपैठिए मिले है । यह सभी 6 बांग्लादेशी घुसपैठिए आज गृह मंत्रालय द्वारा गठित जिला स्तरीय कमेटी के सामने भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए पेश होने पहुंचे थे । लेकिन जिला स्तरीय कमेटी के अफसरों को महिलाओं सहित सभी 6 बांग्लादेशियों के पास जरूरी दस्तावेज नहीं मिले है। जिला स्तरीय कमेटी के अफसरों ने भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए सभी जरूरी दस्तावेज पेश करने को कहा है। जिला स्तरीय कमेटी के अफसरों ने पूरे मामले की जानकारी शासन को भेजी है।

## 19 दिसम्बर को होगा पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह

बदायूँ। ले0 कर्नल (अ0प्रा0) व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि जनपद में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 दिसम्बर 2025 दिन शुकवार को प्रातः 11.00 बजे से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बदायूँ में किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि समारोह में ईसीएचएस योजनाओं की जानकारी, स्पर्श की सुविधा, स्वतः रोजगार से सम्बन्धित जानकारी, विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, बैंक ऋण की जानकारी एवं वीर नारियों व विजेता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों का सम्मान हेतु कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर जनपद के सभी पूर्व सैनिक व पत्नियां एवं उनके आश्रित अधिक से अधिक इस कार्यक्रम में बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ उपस्थित होंगे।

## पांच वर्षीय पूर्वी सिंह ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

बदायूं। एचजी इंटरनेशन स्कूल बरेली में ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की है। जिसमें कस्बा उझानी की पांच वर्षीय पूर्वी सिंह ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।इस उपलब्धि के लिए उनके परिवार को लोग बधाई दे रहे है।पांच वर्षीय पूर्वी सिंह को ताइक्वांडो टीचर निहारिका सिंह ने बहुत ही होनहार बच्ची बताया है उसका पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद में भी अच्छी रुचि है। पूर्वी सिंह के पिता प्रदीप सिंह मां जलधारा उझानी के निवासी है पूर्वी सिंह के माता पिता यूनिसेफ में कार्य कर रहे है।

## 17 दिसंबर को मुरादाबाद की तहसील सदर में आयोजित होगा पेंशनर्स दिवस

मुरादाबाद। जिले में 17 दिसंबर 2025 को पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाएगा।जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर 2025 को तहसील सदर मुरादाबाद के सभागार में पूर्वाहन 11:00 से आयोजित होने वाले पेंशनर्स दिवस में पेंशनर्स की समस्याओं एवं शिकायतों को चिन्हित करते हुए उनका समाधान कराया जाएगा।उन्होंने जिले के सभी आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भी पेंशनर्स दिवस में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे ताकि उनके कार्यालय से सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

# शिव देवी सरस्वती शिशु मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। विद्या भारती विद्यालय शिव देवी सरस्वती शिशु मंदिर में प्रांतीय योजनानुसार दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण संपन्न हो गया। बाहर से आये निरीक्षक दल ने दोनों दिन विद्यालय में उपस्थित रहते हुए विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, आय-व्यय एवं भौतिक संसधनों एवं सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण में सब-कुछ ठीक-ठाक मिला। निरीक्षण के प्रथम दिवस माँ सरस्वती की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। निरीक्षक दल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर वन्दना प्रारंभ की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने निरीक्षक दल का परिचय कराया। निरीक्षक दल के प्रमुख सरस्वती शिशु मन्दिर, सिंजई (शाहजहांपुर) के प्रधानाचार्य श्री दयाशंकर शर्मा ने बोध कथा के माध्यम से भैया बहिनों को बताया कि यदि भगवान में सच्ची आस्था हो तो भगवान भी अपने भक्त की रक्षा अवश्य करते हैं। सभी निरीक्षकों ने कक्षा-कक्ष में जाकर भैया बहिनों के पठन-पाठन को देखा। सायं काल में विद्वत परिषद एवं पूर्व छात्र परिषद के सदस्यों के साथ बैठक कर विद्यालय विकास में उनका योगदान व उद्देश्य को लेकर चर्चा वार्ता की। साथ ही विद्यालय स्टॉफ के साथ सामूहिक रूप से बैठक कर विद्यालय गतिविधियों के विषय में जाना। सरस्वती शिशु मंदिर, जलालाबाद के कार्यालय प्रमुख अनुराग पाराशरी ने कार्यालय के आय-व्यय एवं लेखा-जोखा का निरीक्षण किया जो पूर्ण एवं ठीक-ठाक मिला। निरीक्षण के दूसरे दिन बंदना के उपरांत भैया बहिनों की शिशु सभा का आयोजन किया, जिसमें शिशुओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा। वहीं विद्यालय के संरक्षक मदनलाल राजपूत, अध्यक्ष अमृतपाल सिंह एवं व्यवस्थापक नवनीत प्रताप सिंह के साथ बैठक कर विद्यालय विकास को लेकर आगामी योजनाओं पर बातचीत की। निरीक्षक के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर नकटिया के प्रधानाचार्य रामदास प्रजापति, फतेहगंज पूर्वी के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह एवं रामपुर बाग बरेली के आचार्य रमेश चंद्र ने शिशु भारती के पदाधिकारी एवं विभाग प्रमुखों के साथ बैठक कर विभागों की सक्रियता को जाना। कुल मिलाकर विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधि, पठन-पाठन ,भौतिक व्यवस्थाएं, शारीरिक खेलकूद, योगाभ्यास, स्वच्छता, साज-सज्जा आदि का गहन निरीक्षण किया।

# एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राजकीय महाविद्यालय आवास विकास, बदायूं में 21वीं यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में व्यक्तिगत स्वच्छता, हाइजीन एवं सैनिटाइजेशन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की तथा संचालन प्रभारी केयर टेकर डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स में व्यक्तिगत स्वच्छता, रोग-निवारण और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस मौके पर वक्ताओं ने रोजमर्रा के जीवन में साफ-सफाई की आदतों, सैनिटाइजेशन और हैंड वॉश के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने अपने संबोधन में व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जैसे देश की सुरक्षा में लगे सैन्य बल स्वच्छता अपनाकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, वैसे ही प्रत्येक नागरिक को भी अनुशासित स्वच्छ जीवनशैली अपनानी चाहिए। मुख्य वक्ता वनस्पति विज्ञान की असिस्टेंट प्रो़फेसर डॉ प्रियंका सिंह राघव ने वायरस एवं बैक्टीरिया जैसी अदृश्य सूक्ष्मजीव शक्तियों को स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए नियमित हैंड वॉश औरसैनिटाइजेशन को सुरक्षित जीवन की अनिवार्य शर्त बताया। डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि यदि व्यक्ति स्वच्छता के प्रति सजग न रहे तो अनेक रोगों का शिकार होकर स्वास्थ्य को भारी क्षति पहुंचा सकता है।

# गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय बदायूं में तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का समापन समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय बदायूं में आयोजित तीन दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह प्राचार्या डॉ. सरला देवी चक्रवर्ती के नेतृत्व एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. सरला देवी चक्रवर्ती द्वारा रेंजर्स ध्वज फहराकर किया गया। इसके उपरांत क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधीर चौहान, चीफ कमिश्नर भारत स्काउट-गाइड श्री महेश चंद्र सक्सेना, प्राचार्या जे.एस. कॉलेज डॉ. निशि अवस्थी, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री गौरव रस्तोगी, अध्यक्षा मोनिका रस्तोगी एवं रेंजर प्रशिक्षक मो. असरार ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधीर चौहान ने रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। महाविद्यालय के सम्मानित सचिव श्री गौरव रस्तोगी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें निरंतर उत्साह के साथ प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। चीफ कमिश्नर भारत स्काउट-गाइड श्री महेश चंद्र सक्सेना ने रेंजर्स की सराहना करते हुए कहा कि ल्लरेंजिंग हमें प्रकृति से जोड़ती है तथा कठिन परिस्थितियों में जीवन-निर्वाह के गुण सिखाती है।''

डॉ0 निशि अवस्थी ने भी छात्राओं के प्रदर्शन की प्रशंसा की और निरंतर प्रगति हेतु प्रोत्साहित किया। शिविर के अंतिम दिन रेंजर्स द्वारा टोली बनाकर टेंट हाउस तैयार किए गए और आकर्षक रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण श्री मोहम्मद असरार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। प्राचार्या डॉ0 सरला चक्रवर्ती ने कहा कि रोवर्स एवं रेंजर्स की गतिविधियों में सामुदायिक सेवा, आउटडोर रोमांच एवं कौशल विकास शामिल हैं, जो सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देती हैं।

# मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो अनिल कुमार ने तथा संचालन परास्नातक राजनीति विज्ञान की छात्रा कुसना उमर ने किया।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर 2025 की थीम दैनिक जीवन के अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति के अधिकार विषय पर विचार गोष्ठी सम्पन्न किया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो अनिल कुमार ने तथा संचालन परास्नातक राजनीति विज्ञान की छात्रा कुसना उमर ने किया। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने कहा कि वास्तव में प्रत्येक व्यक्ति को जीवन के ऐसे उत्कृष्ट स्तर को प्राप्त करने का अधिकार है, जो उसे और उसके परिवार के स्वास्थ्य, कल्याण और विकास के लिए आवश्यक है। मानव अधिकारों में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों के साथ समानता एवं शिक्षा का अधिकार भी महत्वपूर्ण है। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा किआज भी दुनिया और हमारे समाज के कई हिस्सों में गरीबी, अशिक्षा, भेदभाव, हिंसा, लैंगिक असमानता और जातिवाद के कारण मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। ऐसे में केवल कानून बनाना काफी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह दूसरों के अधिकारों का सम्मान करे और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाए। डॉ जायसवाल ने कहा कि आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने, विकास करने एवं उन्नति करने के लिए हालात ऐसे होने चाहिए जिससे कि कोई व्यवधान न आए। इसके लिए सरकार की सक्रियता और संविधान की सुपरिवर्तनशीलता आवश्यक है। इतिहास के असिस्टेंट प्रो़फेसर डॉ संजय कुमार ने कहा कि वर्ष 2025 में मानवाधिकार दिवस की थीम ल्लफ क्फ्द्न्भदथभ क्पपद्द्रप्द्धथद्यप / हमारे रोज़मर्रा के अनिवार्य अधिकारङ्क पर केंद्रित है जो हमें बताती है कि भोजन, पानी, घर, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, सम्मान और अपनी बात कहने का अवसर, ये सब कोई विशेष सुविधा नहीं बल्कि हर इंसान के बुनियादी अधिकार हैं। सना उमर ने कहा कि मानवाधिकार केवल किताबों या संयुक्त राष्ट्र के दस्तावेजों तक सीमित विषय नहीं हैं, बल्कि यह हमारे रोज़मर्रा के व्यवहार, भाषा और निर्णयों में दिखाई देने चाहिए। सभा को परिषद की अध्यक्ष शगुन शर्मा, महामंत्री निखिल सिंह, संयुक्त मंत्री निशा, मो कैफ, साक्षी तोमर ने भी संबोधित किया। राजनीति विज्ञान परिषद के संयोजक डॉ दिलीप कुमार वर्मा ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर अनमोल भारती, प्रीति राठौर, अनामिका, नेहा शाक्य, मंतशा अनवर, पवन, खुशबू यादव, ललिक राम, कोमल सागर आदि उपस्थित थे।

# देश के विकास में आयकर की भूमिका महत्व पूर्ण : प्रफुल्ल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । देश के समग्र विकास में आयकर की भू मिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।यह बात श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता सभा गार में आई क्यू ए सी द्वारा आयोजित ''आयक र की भूमिका एवं महत्व पर चर्चा '' विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अति थि के रूप में बोलते हुए आयकर अधिकारी प्रफुल्ल वर्मा ने कही।उन्होंने आयकर के विभि न्न स्रोतों और देश के निर्माण में आयकर की भूमिका पर प्रकाश डाला,आयकर निरीक्षक विपिन सिंह एवं सीए पवन अग्रवाल ने आयकर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सभी नागरिकों को समय से आयकर जमा करने के लिए जागरूक किया।वहीं डॉक्टर ओंकार पाठक ने कौटिल्य के अर्थशास्त्र पर चर्चा करते हुए आज भी इसे प्रासंगिक बताया,प्रोफ़ेसर जितेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत बुके, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट करके किया डॉ. रेखा शर्मा ने मंच संचालन किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रो बी.पी. सिंह ने किया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रफु ल्ल वर्मा जी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आय कर से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए छात्र छात्राओं की जिज्ञासा को शांत किया प्रिया शुक्ला अनुपा यादव,अमितोष वर्मा, आदि त्य चौरसिया,शिवासं तिवारी,ओंकार वर्मा,अमन पांडे एवं आर्यन पाठक ने आयकर पर पूछे गए प्रश्नों का सारगर्भित उत्तर देकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया,कार्यक्रम में प्रो अमन चंद्रा, प्रो मनसा राम वर्मा,प्रो शशि वाला,प्रो जयशं कर तिवारी,प्रो.अरविंद कुमार शर्मा डॉ बैजनाथ डॉ.वंदना भारती डॉ. ममता शुक्ला,डॉ. धर्मेंद्र शुक्ला, डॉ ओम प्रकाश यादव ,डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ,डॉ अमित शुक्ला ,सुमित मौर्य,आनंद चतुर्वेदी ,योगेश श्रीवास्तव एवं रोहित सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

# महिलाओं को स्वावलम्बन की राह दिखा रहीं परसाखरगमन की शकुन्तला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । बहराइच जिले के रिसिया विकास खण्ड की एक ग्राम पंचायत है परसाखरगमन जिसमें गठित डॉ. भीमराव अम्बेडकर महिला स्वयं सहायता समूह में श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी तीरथराम, आयु लगभग 34 वर्ष, अनुसूचित जाति की इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण महिला ने समूह में जुड़ने के बाद समूह से रू. 50,000 की धनराशि ऋण लेकर दरी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया। जहाँ इस महिला ने जिन्दगी की तमाम बाधा को पार करते हुए अपने घर की आर्थिक हालात को बदल डाला और अपनी एक नयी सामाजिक पहचान बनाई। इस महिला का नाम श्रीमती शकुन्तला देवी है और इनकी पहचान समूह की एक सक्रिय महिला के रुप में होती है। श्रीमती शकुन्तला ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत राज्य के कई ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को संगठित कर उनके आर्थिक एवं सामाजिक जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाने में सफलता प्राप्त की है। परेशानी का धैर्य से किया सामनाः खेती



बारी कम होने के कारण एवं गाँव में कोई रोजी-रोजगार न होने के कारण श्रीमती शकुन्तला देवी को हमेशा आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता था। बच्चों के लिए भोजन की एवं स्कूल की व्यवस्था करना मुश्किल था। तभी आजीविका मिशन द्वारा 2019 में गाँव में समूह बनाये जाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसमें श्रीमती शकुन्तला देवी ने सक्रिय भूमिका निभाई उन्होने न स्वयं वल्कि अपने आस पास की गरीब महिलाओं को समूह से जोडा।

समूह से ऋण लेकर प्रारम्भ किया दरी बनाने का कार्य सशक्तीकरण का उदाहरण पेश करने वाली श्रीमती शकुन्तला देवी के चेहरे पर आज मुस्कान है। आज सफल गृहणी होने के साथ साथ सफल व्यवसायी भी है। स्वरोजगार की तरफ इनका रूझान 2024 में प्रारम्भ हुआ तब

## स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरक कहानी

इन्होने अपने स्वयं सहायता समूह से ऋण लेकर इन्होने दरी बनाने की मशीन व इसमे उपयोग होने वाली समाग्री खरीदकर दरी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया जिसकी बिक्री वर्तमान में आपने विकासखण्ड व जनपद स्तर पर स्टॉल लगाकर कर रही है।

आत्म विश्वास ने बदले दिन हुई आत्मनिर्भर श्रीमती शकुन्तला देवी आज खुश है। गाँव में उनकी एक अलग पहचान है। दरी के कार्य से उनको प्रतिमाह रू. 10 से 12 हज़ार की आमदनी हो जाती है जिससे वो अपने परिवार का पालन पोषण अच्छे ढंग से कर पा रही है। श्रीमती शकुन्तला देवी उ.प्र. राज्य आजीविका मिशन को उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए धन्यवाद कहना नहीं भूलती। सम्पूर्णता अभियान अन्तर्गत आडिटोरियम परिसर में आयोजित आकांक्षा हाट में श्रीमती शकुन्तला के स्टाल पर समूह द्वारा तैयार की गई दरी लोगों का आकर्षित कर रही है।

# श्री कृपाराम जनजागृति हाईस्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी, बच्चों के मॉडलों ने सबका मन जीता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा अंतर्गत अगैय्या चौराहा स्थित श्री कृपाराम जनजागृति हाईस्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक आदेश अग्रवाल ने की। प्रदर्शनी में कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने ट्रांसपोर्ट, कम्युनिकेशन और साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा 9 के बच्चों ने वाटर हार्वेस्टिंग, कक्षा 8 ने सपनों का नगर, कक्षा 7 ने सोलर पैनल और सौर मंडल, कक्षा 6 और 5 के विद्यार्थियों ने पाचन तंत्र, वाटर साइकिल और सिंचाई यंत्र पर रोचक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार, श्री शंकर इंटर कॉलेज के प्राचार्य अनुराग श्रीवास्तव, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता बृजेश मौर्या, आन प्रकाश श्रीवास्तव तथा अवधी के प्रसिद्ध कवि प्रमोद साधक सहित दर्जनों अभिभावक एवं अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों द्वारा बनाए



गए मॉडलों की सराहना की और उन्हें आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य कृपा राम गुप्ता ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य शिवा सोनी, राम निवास यादव, प्रमोद यादव, संदीप कुमार, बिसमा सैयद, शाहिना परवीन, उम्मे सालमा, संजय गुप्ता, अभिषेक सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# स्वयं सहायता समूह के नाम पर करोड़ो का घोटाला, सीडीओ ने रिकवरी का भेजा नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में स्वयं सहायता समूह के नाम पर लगभग एक करोड़ 31 लाख रुपये के घोटाले के खुलासा हुआ है,जिसके बाद हड़कंप मच गया है,जाँच कमेटी ने इस संबंध में मुख्य विका स अधिकारी को रिपोर्ट भेजी है,जिसके बाद स रकारी धन रिकवरी के लिए नोटिस भेजा गया है जवाब नहीं मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।गोंडा जिले के रुपईडीह ब्लॉक में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी ) के नाम पर 1.31 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है जांच में सामने आया कि कम पढ़ी-लिखी ग्रामी ण महिलाओं के नाम पर समूह बनाकर, उनके लिए स्वीकृत ऋण राशि को ग्राम संगठन के प दाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों की मिली भगत से बंटरबांट कर लिया गया हैं।

### निर्धारित सीमा से ज्यादा हुआ भुगतान

जांच कमेटी ने घोटाले की पुष्टि करते हुए विस्तृ त रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी है रिपोर्ट के अनुसार,कई समूहों में निर्धारित सी मा से कई गुना ज्यादा भुगतान किया गया है।




जांच में सामने आया कि जहां प्रत्येक समूह को अधिकतम 1.50 लाख रुपये मिलने चाहिए थे, वहीं कुछ समूहों में दस से पंद्रह लाख रुपये त क की रकम निकाल ली गईं हैं।इसी अनियमित भुगतान की वजह से क़रीब 1.31 करोड़ रुपये का गबन कर लिया गया हैं ये पूरा लेन-देन ग्राम संगठन स्तर पर चेक और नकद में किया गया हैं, लाभार्थी महिलाओं को न जानकारी दी गई और ना ही उनके खातों में पूरी राशि पहुंची हैं।

### जांच में यह भी सामने आया कि कई

महिलाओं को यह तक पता नहीं कि उनके नाम पर लाखों रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ और निकाल भी लिया गया,रिपोर्ट में बताया गया कि कम-से-कम छह ग्राम संगठन इस पूरे मामले में संदिग्ध पाए गए हैं. इनके पदाधिकारियों ने मि लकर समूहों की राशि का दुरुपयोग किया, जबकि इससे जुड़े अधिकारियों पर भी सवाल उठे हैं।सीडीओ को रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद मामले में प्रशासनिक कार्रवाई की पूरी संभा वना जताई जा रही है,संबंधित अधिकारियों, ग्राम संगठन पदाधिकारियों और अन्य जुड़े लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तक की तैयारी की जा रही है।

### सहायता समूहों पर गबन का आरोप

जिन स्वयं सहायता समूह पर सरकारी धन के गबन करने का आरोप लगा है वो हैं- रुपईडीह विकासखंड के अंतर्गत नंदबाबा ग्राम संगठन और पंचमुखी मनोहर जोत के साथ-साथ जय माता दी स्वयं सहायता समूह. भारतीय क्लस्टर लेवल फ़ेडरेशन नंद बाबा और जय माता दी इनके माध्यम से 15 लाख 80 हजार रुपए का गबन किया गया।भारती क्लस्टर लेवल फ़ेडरे शन के अंतर्गत किसान ग्राम संगठन व लक्ष्मी समूह द्वारा 10 लाख 50 हजार का गबन कि या गया हैं।भारतीय क्लस्टर लेवल फ़ेडरेशन के अंतर्गत किसान ग्राम संगठन और लक्ष्मी समूह ने 4 लाख ?50000 का गबन किया हैं भारती क्लस्टर लेवल फ़ेडरेशन के अंतर्गत कोमल आ जीविका ग्राम संगठन और फार्म पदमा ट्रेडर्स और जय माता दी स्वयं सहायता समूह इन सभी ने मिलकर 21 लाख 60 रुपए का गबन किया हैं।मनोहर लाल क्लस्टर लेवल फ़ेडरेशन के अंतर्गत महिला शक्ति ग्राम संगठन 15 लाख 75000 का गबन किया है।राधा महिला ग्राम संगठन और लक्ष्मी आजीविका और दुर्गा महि ला स्वयं सहायता समूह में मिलकर 16 लाख ?50 हजार का गबन किया हैं।अवस्थी पेंट स्व यं सहायता समूह मल्लापुर फरेंदा शुक्ला के पदाधिकारी के साथ सावित्री देवी ग्राम संगठन ने 10 लाख 80 हजार का गबन किया है।शक्ति प्रेरणा भरकुंडी के पदाधिकारी ने आपस में मि लकर तीन लाख 63000 और शक्ति प्रेरणा भरकुंडी 8 लाख 52000 का गबन किया है

### मुख्य विकास अधिकारी ने भेजा लीगल नोटिस

जिले के मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि सरकारी धन के दुरुपयोग करने वा लों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और हर हाल में सरकारी धन के बंदरबाट करने वा लों से रिकवरी की जाएगी आरोपी समूहों को लीगल नोटिस दिया गया है।जल्द ही एफआई आर की कार्रवाई भी की जाएगी।

## यमुना विकास प्राधिकार ने करोड़ों की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करवाया

नोएडा। यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने बुधवार को दनकौर में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। टीम ने सरकारी और प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर बने टिनशेड, कच्ची-पक्की दीवारें, स्थायी और अस्थायी निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त कर करीब 500 करोड़ की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। यमुना विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि दनकौर में कॉलोनाइजर और भू-माफियाओं ने करीब 4.6 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ था। वे अवैध निर्माण कर प्लॉटिंग कर रहे थे। प्राधिकरण को इसके बारे में शिकायत मिली थी। इस पर प्राधिकरण की टीम ने योजना बनाकर कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत खसरा नंबर 211 पर हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर करीब 500 करोड़ की भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया। उन्होने बताया कि यह भूमि यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरीफ़ेरल एक्सप्रेसवे पर बनने वाले इंटरचेंज से प्रभावित किसानों को सात प्रतिशत आबादी भूखंड देने के लिए है। साथ ही, अन्य भूमि पर कई विशेष परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इस कार्रवाई से यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे औ?द्योगिक एवं शहरी विकास के लिए आरक्षित भूमि पूर्ण रूप से मुक्त हो गई। ओएसडी ने चेतावनी दी है कि यदि किसी ने भी प्राधिकरण की भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## राजर्षि टंडन मुक्त विवि में भी एआई को किया जाएगा शामिल : प्रो. सत्यकाम

बलिया। राजर्षि टंडन विवि कुलपति प्रो. सत्यकाम ने कहा कि राजर्षि टंडन विवि का लक्ष्य युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना है। इसके लिए एआई को विवि के कोर्स में शामिल किया जा रहा है और सारी तैयारी भी कर ली गई है। प्रो सत्यकाम ने बुधवार को बलिया में पत्रकारों से बातचीत में राजर्षि टंडन मुक्त विवि से डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों के लिए एआई को अनिवार्य किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुक्त विवि से विद्यार्थी अपनी अधूरी शिक्षा विवि से पूरी कर सकते हैं। विद्यार्थियों को उपस्थिति की चिंता नहीं करनी है। उन्हें अध्ययन सामग्री, अंकपत्र और डिग्री सब घर पर उपलब्ध होगी। केवल उन्हें परीक्षा देने परीक्षा केंद्र जाना होगा। इसलिए वे संरक्षक जो अपनी बेटियों को पढ़ने के लिए कॉलेज भेजने में असुविधा महसूस करते हैं, वे चिंतामुक्त हो अपनी बेटियों को राजर्षि टंडन विवि से पढ़ा सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर हुई विचार गोष्ठी


कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी बहराईच (अवध) के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर मानवाधिकार विषयक पर जन जागरण अभियान चलाए जाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।पदाधिकारियों ने मानवाधिकार का हनन करने वाले जिम्मेदार कर्मियों व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ वैधानिक संघर्ष के लिए प्रभावी टीम का भी घटन किया। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी के तत्वावधान में जिला अधिवक्ता संघ परिसर में आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए सोसाइटी अवध क्षेत्र अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि विश्व मानवाधिकार दिवस हम सभी को यह स्मरण कराता है कि मानव मात्र का सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता ही एक सभ्य समाज की असली पहचान है । मानवाधिकार किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, विचार या स्थिति से परे केवल इसलिए मिलते हैं क्योकि वह मानव है। यही अधिकार हमारे अस्तित्व, गरिमा और विकास की आधारशिला है।जिला संयोजक प्रमोद सिंह चौहान ने कहा कि मानवधिकार




केवल कानून की बात नही बल्कि यह हमारे आचरण हमारे व्यवहार और हमारे सोच में दिखाई देना चाहिए जबतक समाज का अंतिम व्यक्ति सम्मान और सुरक्षा का अनुभव नही करता तबतक मानवधिकारो का उद्देश्य पूर्ण नही हो सकता। उपाध्यक्ष संजय पाठक ने कहा कि विश्व मानव अधिकार दिवस हमे यह प्रेरणा देता है कि हम मानवता को सर्वोच्च रखते हुए एक न्याय पूर्ण, दयालु और समान समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाये। जिला मंत्री अमित वर्मा नवोदयन ने कहा कि मानव मूल्यों की रक्षा करने, समाज मे समानता सदभाव और न्याय को बढ़ावा देने तथा हर व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित औए मजबूत बनाने में सोसाइटी के पदाधिकारी सदैव कटिबद्ध और प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संविधान विषेशज्ञ अनिल त्रिपाठी ने कहा कि अत्याचार, हिंसा, भेदभाव को समाप्त करने के लिए मानवधिकार दिवस के अवसर पर हम सबको संकल्प लेना होगा ताकि हर व्यक्ति को न्याय, समान अवसर और सम्मान मिल सके।परिचर्चा का संचालन प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया । आयोजित परिचर्चा में प्रमुख रूप से कानूनविद रमन कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता किशोरी लाल चौधरी, शिवपाल शुक्ल, समाजसेवी संजय श्रीवास्तव, शोभित शुक्ल शुक्ला, प्रवीण पांडेय, बाबू राम तिवारी, अमित पाल, राजेश मिश्र, सुनील द्विवेदी, अरविंद पांडेय एडवोकेट, नरेंद्र मोहन आर्य समेत तमाम अधिवक्ता व मानवाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन अवसर पर संगठन पदाधिकारियों ने संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लेकर मानवाधिकार विषयक पर जन जागरण अभियान चलाये जाने का संकल्प भी लिया ।

## पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सुनी जनता की समस्याएं



गोंड़ा कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्श न में फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया।जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के शीघ्र,गुणवत्तापूर्ण एवं निष्प क्ष निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने स भी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जन सुनवाई व महिला हेल्पडेस्क को अधिक प्रभाव शाली और संवेदनशील बनाया जाए ताकि आम जन को बार-बार पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े तथा उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो सके।उन्हों ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन शिकायतों का निस्तारण थाना स्तर पर संभव है,उन्हें प्राथमि कता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निष्पादित किया जाए।इसी क्रम में जन पद के समस्त राज पत्रित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों के द्वारा भी अपने-अपने कार्या लयों,थानों पर जनसुनवाई करते हुए आमजन से प्राप्त शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निस्ता रण सुनिश्चित किया जा रहा है,जिससे पुलिस व जनता के मध्य विश्वास और सहयोग की भाव ना और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## एंटीएंटी करप्शन टीम का भ्रष्टाचार पर प्रहार



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले में भ्रष्टाचार रोकने का नाम नहीं ले रहा है,रिश्वतखोर के खिलाफ एंटी करप्शन की टीम ने बड़ी कार्रवाई हुई है।एंटीएंटी करप्शन देवी पाटन मंडल की टीम ने मुख्य चिकित्सा अधि कारी (सीएमओ) कार्यालय में तैनात वरिष्ठ स हायक शशिकांत सिंह को पांच रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में की गई है।बहराइच के आद मपुर गांव निवासी आशीष पांडे ने शिकायत द र्ज कराई थी।उनके पिता अंगद प्रसाद पांडे के 51 हजार एक सौ दो रुपये के चिकित्सा प्रति पूर्ति भुगतान के लिए वरिष्ठ सहायक शशिकांत सिंह लगातार रिश्वत की मांग कर रहे थे। इससे परेशान होकर आशीष पांडे ने गोंडा एंटी करप्श न देवीपाटन मंडल थाने में शिकायत की थी।शि कायत के आधार पर,एंटी करप्शन टीम ने वरि ष्ठ सहायक शशिकांत सिंह को पीडित ने आशी ष पांडे से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा हैं।गिरफ्तारी के बाद टीम शशि कांत सिंह को गोंडा देहात कोतवाली ले गई, ज हां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनिय म के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों,वरिष्ठ सहायक शशिकांत सिंह और शिका यतकर्ता आशीष पांडे,से पूछताछ कर रही है। शशिकांत सिंह,जो बलिया जिले के सहतवार गांव के रहने वाले हैं। उनकी स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति वर्ष 1996 में हुई थी।गोंडा एंटी करप्श न थाने के प्रभारी राज किशोर यादव ने बताया कि उनकी टीम ने यह कार्रवाई की है। उन्होंने पुष्टि की कि शशिकांत सिंह को सीएमओ का र्यालय से चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान के नाम पर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर जिला कारागार व शिक्षण संस्थाओं में आयोजित हुआ शिविर

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में तारा महिला इण्टर कॉलेज, बहराइच मे निबन्ध प्रतियोगिता तथा शिवांशु सुशील महाविद्यालय, वृद्धाश्रम, अमीनपुर नगरौर व जिला कारागार, बहराइच में आमजनमानस को जागरूक करने हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बताया गया कि विश्व मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन मानवाधिकारों के संरक्षण, सम्मान और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा को अपनाया था। यह दुनिया भर के लोगों के बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रताओं को परिभाषित करने वाला पहला वैश्विक दस्तावेज़ था। इसी महत्वपूर्ण घटना की याद में हर साल यह दिन मनाया जाता है। सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा के सम्बन्ध में जानकारी दी गई कि यह एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ है जिसमें हर व्यक्ति को मिले मूलभूत अधिकारों का उल्लेख है, जैसे-जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार, सम्मानजनक कार्य का अधिकार, अत्याचार और भेदभाव से मुक्ति।

# मंत्री संजय निषाद ने उड़ाई यातायात के नियमों की धज्जियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे कैबि नेट मंत्री व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने खुलेआम यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई है बिना हेलमेट के बाइ क चलाते हुए डॉक्टर संजय निषाद नजर आए हैं।वहीं नवाबगंज स्थित एक निजी मैरिज हाल में निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिका री के साथ आगामी पंचायत और विधानसभा चुनाव को लेकर के समीक्षा बैठक की है। वही अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. संजय निषाद ने कहा कि मैं प्रतिदिन चार घंटे आप लोगों को इस लिए समझता हूँ मैं इसलिए इतना देर समझता हूँ क्योंकि लोगों को जल्दी समझ नहीं आती है। समझ एक ऐसी चीज है बहुत देर समझ में आती है जब सत्यानाश हो जाता है। मैं चाहता हूँ कि सत्यानाश होने से पहले समझ आ जाए इसीलिए मैं अपने आप के बहाने अपने कार्यकर्ताओं को समझा रहा हूँ, यह लोग पव्वा (दारू) पी करके पांच घंटा पा वर में रहते हैं ऐसा पावर है और अपनी बीवी और बच्चों के साथ किस तरीके से व्यवहार करते हैं मतलब आपके समाज पर बिकाऊ पीयो का लेवल लगा है।तो मैं इसीलिए सम झाने आया हूँ की बिकाऊ और पीयो का लेवल हटा दो तो शायद आपके बच्चों



का भविष्य हो जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं पर भी कैबि नेट मंत्री डॉ.संजय निषाद नाराज नजर आए और उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि यहां पर क्या करने के लिए आए थे फोटो खिंचवाने के लिए आए थे फोटो खींच करके ले जाकर दिखाएंगे कि मंत्री के साथ खिंचवाया है। जाक र वहां पर गेट पर पुलिस लगा दो इनके जैसे यहां पर बहुत लोग हैं यह बाहर लोग क्यों घूम रहे हैं इनके जैसे लोगों को टोपी क्यों पकड़ा दे रहे हैं।जो घुमक्कड़ है ऐसे लोगों को टोपी आप क्यों दे दे रहे हैं इनको लोगों को टोपी देने का क्या मतलब है।दरअसल कार्यकर्ता डॉ. संजय निषाद के इस समीक्षा बैठक से निकाल निका ल कर जा रहे थे।यह देश अब संविधान से चले गा इसमें अधिनियम है नियम नहीं है नियम के अनुसार हम अभी ऊपर नीचे हैं।लेकिन देश अ धिनियम से चलेगा अधिकारियों को अधिनियम बता दिया गया है।कि साले देश ऐसे चलाना है जा करके खड़ा रहो चौराहे पर जा करके बताएं गे।अधिकार ही तो की फल- फल को यह अधि कार होगा सबको अधिकार है मताधिकार का अधिकार है इलाज लेने का अधिकार है। वही अपने आप को महापुरुष बताते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि लेकिन हमारे जैसे लोग तमाम महापुरुष आंदोलन किए तुम महिला को भी प्रधान बनने का अधिकार मिल गया पहले लोग कहते थे कि यह कमजोर है क्या कर पाएंगे। 33% रिजर्वेशन महिलाओं को दिया गया है अब प्रधान महिला बनेगी भले उ सके पति वहां पर काम देखें और पति से अब प्रधान का पति प्रधान पति हो गया या लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और संविधान की देन है। कि सात फ़ेरा तो लगाई थी पति के रूप तो पति के साथ एक और जुड़ गया प्रधान पति के रूप में 50 लाख से एक करोड़ तक का हर साल बजट आता है तो वह प्रधान नहीं बल्कि लखपति हो गया। कहां मैं दून कॉलेज से पढ़कर आया हूं मैं चाहता हूं कि दून कॉलेज जैसी शिक्षा प्राइमरी में होनी चाहिए गांव का लड़का भी वहां पर जाकर के पढ़े जैसे बड़े लोग पढ़ते हैं। शिक्षा फ्री में होना चाहिए क्योंकि यह अधिकार बनता है लेकिन आप क्या करोगी हमें तो अपनों ने लूटा गैरों में कहां दम था और किश्ती वहीं डूबी जहां पानी कम था हमारे ही लोग डूबा रहे हैं। ऐसा कोई गांव नहीं है जहां ठेकेदार ना हो तो अगर तुम लोग पॉकेट में ही रहोगे तो पॉकेट में क्या रहती है या तो खायनी रहती है या तो पैसा रहता है। चमार, धोबी और पासी समाज का व्यक्ति सरकार के पैसे से पड़ता है कि आप की तो लोगों ने बोला कि सरकार के पैसे से और हमारे लोग किसके पैसे से पढ़ते हैं अपने बाप के पैसे से पढ़ते हैं। मंत्री ने पूछा कि आप के पैसे से पढ़कर की बड़ा हो गए कि सब रहे हैं तो लोगों ने कहा कि सड़ रहे हैं इस दौरान अव्यवस्था कर रहे कार्य कर्ताओं को उन्हें पीछे जाने को लेकर के भी कहा और नाराज नजर आए,जैसे काशीराम ने कसम खाया था कि हम अपने समाज के लोगों को सुधार देंगे चमार समाज का बेटा सुधारने का नाम नहीं ले रहा था और काशीराम ने खत्म खाया था कि हम सुधरेंगे।तो तुम लोगों ने कस म खाया है कि हम नहीं सुधरेंगे तो डॉ. संजय निषाद ने भी कसम खाया है गोंडा को सुधार के जाऊंगा।

## लोकतंत्र सेनानी अली हुसैन नेता का निधन, नानपारा में शोक की लहर

नानपारा, बहराइच। लोकतंत्र सेनानी अली हुसैन नेता का लखनऊ में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नानपारा व आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने लगे और शोक संवेदनाओं का सिलसिला जारी रहा। हर कोई उनकी समाजसेवा और संघर्षों को याद करता नजर आया। मृतक की मिट्टी मोहल्ला बावर्ची टोला स्थित इमामबाड़ा सज्जादिया में बुधवार को मगरिब की नमाज़ के बाद शाम 6:30 बजे अदा की गई। वहीं, अगले दिन सैय्यम की मजलिस का आयोजन होगा, जिसमें बड़े उलेमा भी शिरकत करेंगे। स्वतंत्रता सेनानी अली हुसैन के निधन पर नानपारा जिला बनाओ समिति के केशव पांडे, शकील अंसारी, मनोज तिवारी, सुरेश शाह, रोशन जमीर, हलीम अंसारी, सरफराज़ सिद्दीकी सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इसके अलावा मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्रकांत श्रीवास्तव, पत्रकार संघ के अध्यक्ष मुस्तफा अली खान, नीरज शर्मा आदि ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# प्रभु की आराधना से दूर होता है व्यक्ति का अभिमान : आचार्य संतोष जी महाराज

## गड़ेहरी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत गड़ेहरी रामपुर में राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी राजू के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि भगवान की आराधना करने से व्यक्ति के अंदर अभिमान का समावेश नही होता है। कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि एक बार देवराज इन्द्र को अभिमान हो गया था। इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण जो स्वयं लीलाधारी श्री हरि विष्णु के अवतार हैं ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने बड़े भोलेपन से मइया यशोदा से प्रश्न किया मइया ये आप लोग किनकी पूजा की तैयारी कर रहे हैं।कृष्ण की बातें सुनकर मैया बोली लल्ला



हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिये अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं ? मइया ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिये क्योंकि हमारी गाये वहीं चरती हैं, इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिये। लीलाधारी की लीला और माया से सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। प्रलय के समान वर्षा देखकर सभी बृजवासी भगवान कृष्ण को कोसने लगे कि सब इनका कहा मानने से हुआ है। तब मुरलीधर ने मुरली कमर में डाली और अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं और पूर्ण पुरूषोत्तम नारायण हैं।इस मौके पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी,राम किशन कश्यप,सत्येन्द्र तिवारी,हेमेंद्र प्रताप सिंह, आनंद सिंह,सज्जन अवस्थी,अजय सिंह, कामता दीक्षित हरिशंकर सिंह,संजय उपाध्याय, अश्वनी पाठक,आलोक सिंह, संतलाल तिवारी,हरपाल सिंह, गुरुसेवक श्रीवास्तव, शिवशंकर तिवारी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।


## महिला कल्याण विभाग टीम ने विद्यार्थियों को बाल तस्करी एवं विभागीय योजनाओं की दी जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।महिला कल्याण विभाग पीलीभीत की टीम ने थाना एएचटी पुलिस के साथ थाना माधोटांडा क्षेत्र के नेपाल सीमावर्ती गांव ग्राम बूंदीभूड़ के राजकीय हाई स्कूल के विद्यार्थियों के साथ बाल तस्करी एवं विभागीय योजनाओं को लेकर किया जागरूक। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना आदि की जानकारी उपस्थित विद्यार्थियों को दी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि अगर कोई भी बच्चा मुसीबत में हो, तो वह रात-दिन किसी भी समय चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल कर अपनी समस्या को बता सकते हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन आपकी मदद के लिए सदैव तैयार रहती हैं। थाना एएचटी कॉन्स्टेबल भानु प्रताप ने साइबर क्राइम नंबर 1930 के साथ साथ हेल्पलाइन 112, 1076, 102, 1090, 108, 1090 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई हैं।

## उपाधि महाविद्यालय में स्नातक की परीक्षाएं शुरू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। शहर में स्थित उपाधि महाविद्यालय में स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गई है।पहली पाली में बीएससी,बीकॉम, बीबीए की परीक्षाएं संपन्न हुई है।सभी परीक्षाओं की तैयारियां पहले ही पूरी की जा चुकी है। प्राचार्य डॉ.प्रोफ़ेसर दुष्यंत कुमार ने बताया कि एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रथम, तृतीय, पंचम 10 दिसंबर से प्रारंभ हो गई हैं। प्रथम पाली सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे, द्वितीय पाली साढ़े 11 बजे से डेढ़ बजे और तृतीय पाली ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक होगी इस सत्र से प्रत्येक पाली की परीक्षा दो घंटे की हो रही है। उपाधि महाविद्यालय केंद्र पर तीन कालेजों के छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे जिसमें लगभग 3000 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।पहले दिन पहली पाली में दो सौ परीक्षार्थी ने परीक्षा दी हैं।

## ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने स्कूली बच्चों को बांटा ट्रैक सूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । बेसिक शिक्षा विभाग तिलोई द्वारा सम्पन्न हुई ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने ट्रैक सूट वितरित कर उत्साहवर्धन किया है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय छवहिया के बच्चों द्वारा बीते दिनों बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर जो उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया वह सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों के लिये सरकार द्वारा खेलकूद सामग्री की धनराशि भेजी जाती है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी खेलकूद में सफलता हासिल करें। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा है इस विद्यालय के बच्चों



की प्रतिभा को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई इससे ऐसा प्रतीत होता है कि विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता के साथ ही साथ खेलकूद में भी प्रतिभाग कराया जाता है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय के तेइस बच्चों को ट्रैक सूट वितरित कर शुभकामनाएं दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरुरी है।प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ तिलोई के अध्यक्ष संतोष तिवारी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, वीर बहादुर सिंह,रमाकांत मौर्या,स्वाती सिंह,साधना मिश्रा, दिग्विजय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### परिषदीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में परिषदीय विद्यालयों की अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने तैयारी पूरी कर ली है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने का निर्देश दिए हैं परीक्षा के दौरान व्यवस्थाएं देखने के लिए सभी खंड से अधिकारी सक्रिय रहेंगे परीक्षा में सभी स्कूलों में सत प्रतिशत बच्चों को शामिल होना है।

### डीएम की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की जिला संचालन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में यूपी रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की जिला संचालन समिति की बैठक कलेक्टेझट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी, सदस्य व सचिव के पोर्टल पर 83 प्रकरणों का गहनता से समीक्षा की गयी। उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की जिला संचालन समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, नोडल चिकित्साधिकारी डॉ0 राजेश कुमार, सीओ सिटी, सहायक अभियोजन, अग्रणी शाखा प्रबंधक, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी उपस्थित रहे।जिला संचालन समिति के द्वारा 69 प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है अन्य 14 प्रकरणों चार्जशीट पर प्राप्त होने के उपरान्त कार्यवाही कराने के जिलाधिकारी द्वारा निर्देश देते हुए बैठक का समापन किया गया।

### शिवरतनगंज पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये अठारह ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान रामकिशोर पुत्र रामफल निवासी ग्राम सिंहपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक की तलाशी में उसके कब्जे से अठारह ग्राम स्मैक बरामद हुई।इस सम्बंध में थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ चार मुकदमे पहले से ही दर्ज है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में 'एक माह के लिए अलाव सेवा' शुरू

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाजसेवी संदीप खंडेलवाल द्वारा एक माह की 'अलाव सेवा' की शुरुआत की गई है। उन्होंने यह सेवा अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय नारायण दास खंडेलवाल की पुण्य स्मृति में शुरू की है। इस सेवा का शुभारंभ विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान और नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। विधायक बाबूराम पासवान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अलाव भीषण ठंड के मौसम में अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को निश्चित रूप से बड़ी राहत प्रदान करेगा। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने भी इसे सराहनीय कार्य बताते हुए कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में श्री खंडेलवाल द्वारा की जा रही यह सेवा एक मिसाल है। विधायक ने गायत्री परिजन संदीप खंडेलवाल की पीठ थपथपा कर उन्हें आशीर्वाद भी दिया। इस सेवा के दौरान सभी जरूरतमंदों के लिए चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर डॉ. मनीष राज शर्मा, डॉ. हरमन रंधावा, जितेंद्र कुमार, संस्कृति प्रजापति, विश्व वीर सिंह, मनीष मिश्र, अनुज मिश्रा, जितेंद्र सिंह, अंकित जायसवाल, सौभाग्य खंडेलवाल और सुखलाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जंगल के राजा को सफारी वाहन के चालकों ने घेरा कमिश्नर गंभीर डीएम से मांगी पूरे मामले में रिपोर्ट

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत टाइगर रिजर्व लगातार सुर्खियों में रहता है कभी विदेशी पर्यटकों के आने से कभी जंगल के राजा के दीदार होने से लेकिन इस बार सुर्खियों में तब आया जब पीलीभीत टाइगर रिजर्व में चलाई जा रही सफारी वाहनों के चालकों ने जंगल के राजा को सायफन पर दोनों तरफ से घेर लिया जंगल का राजा सफारियों के बीच में फस गया जिसको निकालने का रास्ता नहीं दिखाई दिया जंगल के राजा ने यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया कि इन सफारी वाहनों के चालकों एवं पर्यटकों के ऊपर किसी प्रकार का कोई हमला नहीं किया मामले की वीडियो वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा कई लोगों ने इसको सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वीडियो वायरल होते ही कमिश्नर भूपेंद्र चौधरी ने तत्काल संज्ञान ले लिया और पीलीभीत जिला अधिकारी से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब कर ली मामला कमिश्नर के संज्ञान में आते ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अधिकारियों में हड़कंप मच गया और आनन फानन वराही रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव सहित कई कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दिए मामले की जांच उप प्रभागीय वन अधिकारी माला रुद्रभान सिंह को सौंप दी गई है अक्सर पीलीभीत टाइगर में जंगल के राजा की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती है।मगर यह वीडियो जंगल के राजा को घेरने की है। इसलिए मामले को कमिश्नर ने तत्काल संज्ञान ले लिया है। और अधिकारियों को जांच के आदेश दिए है।अब जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मामले में लापरवाही बरतने बालों के खिलाफ कार्रवाई होना लगभग तय है।

### मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विधिक शिविरों का किया गया आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला कल्याण विभाग के सयुंक्त तत्वाधान में विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर विश्व मानवधिकार दिवस के अवसर पर विधिक शिविरों का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रतिभागियों क़ो वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासिका तृप्ति मिश्रा ने बताया कि दुनिया भर में हर एक व्यक्ति के जन्मसिद्ध अधिकारों की अहमियत को उजागर करने के लिए, हर वर्ष 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

## आनलाइन उपस्थिति के विरोध में पंचायत सचिव ई रिक्शा से पहुंचे ब्लाक जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। आनलाइन उपस्थिति को लेकर उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत संघ और ग्राम विकास अधिकारी ऐसोशिएशन द्वारा सरकार के आनलाइन उपस्थिति सिस्टम के खिलाफ लगातार विरोध किया जा रहा है।जिसको लेकर संगठन द्वारा कई विंदुओं को लेकर ज्ञापन एवं पत्र सरकार को प्रेषित किए जा चुके हैं।परंतु सरकार द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।बुधवार को प्रान्तीय आवाहन पर सचिवों द्वारा अपने नीजी वाहन को छोड़कर पैदल व ई रिक्शा से कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया है। बरखेड़ा ब्लाक में ग्राम पंचायत सचिव रमावीर गंगवार ने ई रिक्शा से ब्लाक पहुंच अपना विरोध दर्ज कराया।उन्होंने कहा की सरकार द्वारा साईकिल भत्ता 200 रू दिया जाता है।भला इतने कम पैसों में कैसे पंचायतों में भ्रमण किया जा सकता है।इस सवके वावजूद सरकार



द्वारा एकतरफा निर्णय ले लिया गया हैं जो गलत हैं। जहां एक तरफ एसआईआर का काम भी चल रहा है।इस सवके वावजूद बगैर संसाधनों एवं अन्य विभागों के कार्यों के चलते आनलाइन उपस्थिति सिस्टम कैसे चल पाएगा।

ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के जिला अध्यक्ष अवनीश गंगवार ने बताया कि लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

## प्रतिभा के दम पर एसपीएल टीम में पहुंचे श्रवण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कादीपुर/सुलतानपुर। छोटे से गांव मोहम्मदाबाद के श्रवण मिश्र ने अपनी प्रतिभा के दम पर प्रदेश का नाम एक बार फिर रोशन किया है। श्रवण का चयन 1एसपीएल टी-10 सीजन 3 में दिल्ली सुपर हीरो टीम के लिए हुआ है। टीम के ओनर अभिनेता सलमान खान और उनकी बहन अर्पिता खान ने उन्हें बेस प्राइस पर खरीदते हुए बड़े मंच पर अवसर प्रदान किया है।




श्रवण मिश्र इससे पहले दुबई कैपिटल टीम के रिज़र्व खिलाड़ी रह चुके हैं और टीम के नेट बॉलर के रूप में भी उन्होंने अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखाई है। सबसे खास बात यह है कि उन्होंने इसी वर्ष दुबई में हुए एशिया कप एवं चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम को प्रैक्टिस कराई, जिसमें टीम विजयी रही। उनकी इस उपलब्धि से गांव से लेकर पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। परिजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में मंगला प्रसाद तिवारी, सुनील पांडेय, डॉ. श्रवण मिश्र, राजमणि वर्मा, राजीव कुमार, प्रदीप कुमार प्रधान सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। लोगों का कहना है कि श्रवण का यह चयन क्षेत्र के युवाओं को नई प्रेरणा देगा।

## वृक्षारोपण कर मनाया गया मानवाधिकार दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद के कैंप कार्यालय पर मानवाधिकार दिवस पर जिला अध्यक्ष चरणजीत सिंह की अध्यक्षता में नेशनल ह्यूमन राइट एंटी करप्शन ब्यूरो के बैनर तले बैठक आयोजित करते हुए वृक्षारोपण कर सार्वभौमिक अधिकारों को स्मरण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अलीमुद्दीन ने बताया कि मानवाधिकार दिवस हमारे मूल कर्तव्यों और अधिकारों का बोध कराता है। इसे संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए हम सबको सजग रहने की जरूरत है। प्रदेश महासचिव बाल गोविन्द मौर्य ने बताया कि हमें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी ध्यान रखकर काम करने की जरूरत है।

प्रदेश उपाध्यक्ष एम आर नंदवंशी ने बताया स्वतंत्र भारत में मानवाधिकार आयोग ही गरीब असहाय लोगों के जीवन को सुरक्षित करता है इसलिए हमें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन जरूर करना चाहिए मानवाधिकार आयोग



हमें मूल अधिकार और शोषण से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है। जिससे समाज के हर वर्ग स्वतंत्रता पूर्व रहकर अपना विकास कर सके पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से वृक्षारोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव आसिफ अंसारी जिला मीडिया प्रभारी अफ्तार अहमद, जिला उपाध्यक्ष मो अरबाज खान, जिला सचिव हाजी मोइनुद्दीन, जिला विधिक सलाहकार एम एच गौरी खान एडवोकेट, मो. हमजा, अनूप कुमार,जिला सचिव मो जुनेद समेत अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बाँसी न्याय पंचायत द्वारा भव्य हिंदू सम्मेलन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आज दिनांक 10 दिसम्बर को राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर न्याय पंचायत बांसी मण्डल के द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में हिन्दुओं ने उपस्थित होकर भारत माता के उद्घोष से प्रांगण को गूंजायमान कर दिया ।

मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य संत आशुतोष जी, विशिष्ट अतिथि हनुमान गुप्ता, संगीता देवी, मण्डल अध्यक्ष इंद्र पाल सिंह जी, कमलेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष, दीपक जायसवाल उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में अनिल जी क्षेत्र प्रचारक उपस्थित रहे, उन्होंने अपने उद्बोधन में हिन्दुओं को ऊँच-नीच, जात-पात से उपर उठकर संगठित होने की बात कही उन्होने कहा कि भारत में



रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति जो कि किसी भी जात-धर्म- मजहब- पेत का हो वह हिन्दू है। कार्यक्रम का संचालन राजवीर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रुपेश सिंह, विभाग कार्यवाहक नवीन जी, जिला प्रचारक आशीष जी, कान्ति सिंह, कमलेन्द्र सिंह पिन्टू, हनुमान शर्मा जी, राघवेन्द्र पाण्डेय, राजकुमार पाण्डेय, संजय यादव, प्रवीन अग्रवाल जी, आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# विकसित भारत का मूल मंत्र बनेगा 'वंदे मातरम'

जिससे स्वतंत्रता का मूल मंत्र, वंदे मातरम उद्भासित हुआ, जिसे गाते हुए हज़ारों की संख्या क्रांतिकारी फांसी के फंदे पर झूल गए, जीवन जेलों की क्रूर यातनाओं में काट दिया, जिस गीत ने माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण को परिभाषित किया, जिस गीत ने स्वाधीनता की अलख संपूर्ण भारत में जगा दी वह गीत है राष्ट्रगीत- वंदे मतारम। भारत विभाजन के पूर्वाभ्यास के रूप में बंग-भंग के अंग्रेजी षड्यंत्र को पहचान कर सम्पूर्ण राष्ट्र बंगाल विभाजन के विरुद्ध खड़ा हो गया। इस आंदोलन के दो हथियार थे- स्वदेशी का स्वीकार-विदेशी का बहिष्कार और रणघोष बना था वंदे मातरम। इस गीत के रचनाकार थे बंगाल में जन्मे महान सपूत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय। आज वंदे मातरम अपनी रचना का 150 वां वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर वंदे मातरम गीत के माध्यम से एक बार पुनः राष्ट्र में स्व की भावना की अलख जगाने का आह्वान प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हें। इसी श्रृंखला में संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम पर व्यापक चर्चा हुई। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने चर्चा की शुरुआत की। सत्ता पक्ष के वक्ताओं ने जहां वंदे मातरम गीत के इतिहास और उसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वंदेमातरम के प्रति कांग्रेस व वामपंथी दलों की विचारधारा और सोच को बेनकाब किया। विपक्ष ने इसके पीछे बंगाल चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई चर्चा बताया। कुछ विपक्षी सांसदों ने कहा कि वंदे मातरम पर बहस गैरजरूरी और मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए की जा रही है। इतने गंभीर व ऐतिहासिक विषय की बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन से गायब रहे। संसद में वंदे मातरम पर हुई व्यापक चर्चा सिर्फ एक गीत पर विमर्श नहीं वरन भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को दोबारा केंद्र में लाने का प्रयास भी है। चर्चा का आरम्भ करते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी और उसके बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने वंदे मातरम के प्रति कांग्रेस व उनके नेताओं की सोच को बेनकाब कर दिया। सरकार ने वंदे मातरम गीत की प्रेरणा से संकल्प लेकर वर्ष साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ राष्ट्रगीत को जीवंत बनाने का संकल्प लिया। वंदे मातरम गीत की महानता पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि त्र्जो वंदे मातरम साल 1905 में महात्मा गांधी को राष्ट्रगान के रूप मे दिखता था, देश के हर कोने में हर व्यक्ति के जीवन में जो भी देश के लिए जीता जागता था, उन सबके लिए वंदे मातरम की ताकत बहुत बड़ी थी। वंदे मातरम इतना महान था, उसकी भावना इतनी महान थी तो फिर पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ? वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ ? वह कौन-सी ताकत थी जो महात्मा गांधी की भावनाओं पर भी भारी पड़ गई? किसने वंदे मातरम जैसी पवित्र भावना को भी विवादों में घसीट दिया। सदन को बताया गया कि जब वंदे मातरम को 50 वर्ष हुए तब देश गुलामी में जीने को मजबूर था और जब वंदे मातरम के 100 वर्ष पूर्ण हुए तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जिस वंदे मातरम ने देश को आजादी की नई ऊर्ज़ा दी थी जब उसके 100 वर्ष हुए तो दुर्भाग्य से एक काला इतिहास हमारे कालखंड में उजागर हो गया। प्रधानमंत्री ने बताया कि त्वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग के विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्तूबर 1937 को वंदे मातरम के विरुद्ध नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा तो उन्होंने मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को तगड़ा जवाब देने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी और कहा कि कांग्रेस कार्यकारिणी में वंदे मातरम की उपयोगिता पर चर्चा होगी। इससे पूरा देश हतप्रभ रह गया।

# भारत के साथ अमेरिका और यूरोप के आर्थिक विकास में भी अहम योगदान

**चूंकि नरेन्द्र मोदी प्रशासन के तहत भारत उपनिवेशवाद से मुक्ति की ओर बढ़ रहा है इसलिए इस कलंकित करने वाले शब्द को खत्म करने की ज़रूरत है। नेहरूवादी आर्थिक नीति के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था बहुत धीमी गति से बढ़ी। अक्सर जनसंख्या वृद्धि दर से कम। नतीजतन, पश्चिमी देशों ने हमारी विकास गति का मज़ाक उड़ाया, जो हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर से तेज़ नहीं थी। ''हिंदू'' विशेषण हमारे हिंदू समुदाय को पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित मुक्त बाज़ार के बजाय समाजवादी अर्थव्यवस्था को अपनाने के लिए बदनाम करने के लिए जोड़ा गया था।**

आज़ादी के बाद से नेहरूवादी नीति ने भारत को आर्थिक विकास के लिए हिंदू दृष्टिकोण के बजाय समाजवादी विकास मॉडल अपनाने पर मजबूर किया था। इस रणनीति के अनुसार, निजी उद्यमशीलता कठोर लाइसेंस राज के अधीन थी, जिसने केवल लालफीताशाही और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र को अर्थव्यवस्था में एक बड़ी भूमिका निभानी थी। इस कम्युनिस्ट, केंद्रीय रूप से नियोजित आर्थिक मॉडल द्वारा निजी निवेश की भूमिका सीमित कर दी गई। अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में इस प्रतिमान ने वर्षों तक सपाट या खराब जीडीपी विकास दरें पैदा कीं और भारत को गरीबी से बाहर निकालने में विफल रहा। दशकों की कम विकास दरों की भारी विफलता के बारे में पूछे जाने पर कहानी- या बल्कि स्पष्टीकरण- देश के हिंदुओं को बदनाम करने और दोष देने का था।

'हिंदू विकास दर'' शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले साल 1978 में दिवंगत अर्थशास्त्री राजकृष्ण ने भारत की धीमी आर्थिक वृद्धि को दर्शाने के लिए किया था, जो साल 1960 और 1980 के दशक के दौरान औसतन लगभग 4% थी। इसका मतलब यह दिखाना था कि आज़ाद भारत की समाजवादी नीतियों के शुरुआती दशकों के दौरान देश की हिंदू आबादी धीमी प्रगति से कैसे जूझ रही थी। आज के समय में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित है और अपनी पुरानी शान हासिल करने के लिए तैयार है। अर्थशास्त्री इस कुख्यात और भ्रामक कहावत का इस्तेमाल करना जारी रखे हुए हैं और अर्थशास्त्र के छात्रों को इसे पूरे देश में सीखना पड़ता है। यह चतुर शब्द एक मार्क्सवादी अर्थशास्त्री द्वारा जानबूझकर हिंदू समाज को आर्थिक गतिविधि के मामले में ऐतिहासिक रूप से अविकसित के रूप में वर्गीकृत करने के प्रयास में गढ़ा गया था।

चूंकि नरेन्द्र मोदी प्रशासन के तहत भारत उपनिवेशवाद से मुक्ति की ओर बढ़ रहा है इसलिए इस कलंकित करने वाले शब्द को खत्म करने की ज़रूरत है। नेहरूवादी आर्थिक नीति के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था बहुत धीमी गति से बढ़ी। अक्सर जनसंख्या वृद्धि दर से कम। नतीजतन, पश्चिमी देशों ने हमारी विकास गति का मज़ाक उड़ाया, जो हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर से तेज़ नहीं थी। ''हिंदू'' विशेषण हमारे हिंदू समुदाय को पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित मुक्त बाज़ार के बजाय समाजवादी अर्थव्यवस्था को अपनाने के लिए बदनाम करने के लिए जोड़ा गया था।

पहली सहस्राब्दी ईसा पूर्व के अंत से लेकर भारत में ब्रिटिश शासन की शुरुआत तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। 300 ईसा पूर्व तक भारतीय उपमहाद्वीप का अधिकांश भाग मौर्य साम्राज्य द्वारा एकजुट हो गया था, जिससे व्यापार और वाणिज्य में सुधार हुआ, कृषि उत्पादन बेहतर हुआ और सुरक्षा बढ़ी। 1 से 1000 ईस्वी के बीच भारत का वैश्विक जीडीपी में 30% हिस्सा था। अंग्रेजों के आने के बाद भारत में औद्योगीकरण में गिरावट आई और कई शिल्प और अन्य उद्योग खत्म हो गए। वैश्विक औद्योगिक उत्पादन 1750 में 25% से गिरकर 1900 में 2% हो गया और विश्व अर्थव्यवस्था में इसका अनुपात 1700 में 24.4% से गिरकर 1947 में 3% हो गया। ब्रिटेन द्वारा भारत के शोषण से ही उसके 200 साल के विकास के लिए धन मिला।

इसे समझने के लिए मात्रात्मक मैक्रोइकोनॉमिक इतिहास में विशेषज्ञता वाले एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ''एंगस मैडिसन'' के काम का उल्लेख करना महत्वपूर्ण है। उनका सबसे प्रसिद्ध अध्ययन, ''द वर्ल्ड इकोनॉमी-ए मिलेनियल पर्सपेक्टिव,'' जिसे ग्क्एकसंगठन द्वारा जारी किया गया था, उसने पश्चिम को तब चौंका दिया जब इसमें प्राचीन और आधुनिक वैश्विक इतिहास दोनों में भारत के आर्थिक प्रभुत्व का पता चला। एंगस मैडिसन के शोध के अनुसार, भारत का जीडीपी दुनिया के कुल जीडीपी का लगभग 30% था। तुलनात्मक कीमतों और विनिमय दरों में संभावित बदलावों को ध्यान में रखने के लिए अनुमानों में क्रय शक्ति समता दृष्टिकोण का उपयोग किया गया था। पश्चिमी यूरोप, जिसमें पूर्व रोमन क्षेत्र का अधिकांश भाग शामिल है, उसका बाजार में लगभग 11% हिस्सा था। यह अविश्वसनीय लगता है, खासकर यह देखते हुए कि सदियों के आक्रमणों और विदेशी कब्ज़े को रोकने के लिए भारतीय पीढ़ियों द्वारा किए गए संघर्षों के कारण हम अपने देश की अर्थव्यवस्था के बारे में कितना कम जानते हैं। फिर भी, अगर हम समय और प्राचीनता में बड़ी दूरी के कारण अनुमानों को नज़रअंदाज़ करें तो यह वास्तव में एक अद्भुत काम है। एंगस मेडिसन के लेखों में भारतीय व्यापारियों के प्रभुत्व पर भी चर्चा की गई है, जो पूरे मध्य पूर्व और पूर्वी एशिया में काम करते थे, साथ ही भारत के साथ अपने देश के चालू खाते के असंतुलन (घाटे) के बारे में रोमन अधिकारियों की शिकायतों पर भी।

इसका श्रेय हिंदू अर्थशास्त्र या जिसे कुछ लोग ''तीसरा रास्ता'' कहते हैं, उसको दिया जा सकता है। पहले का श्रेय डॉ. एम.जी. बोकारे को दिया जाता है, जबकि बाद वाला दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा बनाया गया था। बोकारे का दावा है कि पवित्र वेद, जो बाज़ार, आपूर्ति, मांग और अन्य आर्थिक अवधारणाओं पर चर्चा करते हैं, हिंदू अर्थशास्त्र में समाहित हैं। संक्षेप में, पारंपरिक पूंजीवाद या मार्क्सवाद के पश्चिमी प्रतिमान को इस तीसरे रास्ते से खारिज कर दिया जाता है। यह किसी भी कीनेसियन विचारों या एडम स्मिथ के दृष्टिकोण का पालन नहीं करता है। इस स्थिति का दिलचस्प पहलू यह है कि बोकारे और ठेंगड़ी वैचारिक रूप से एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत थे। फिर भी, दोनों का मानना था कि लोकतंत्र और हिंदू आर्थिक प्रणाली सामंजस्य में हैं। बोकारे ने तो इस बारे में भी लिखा है कि पश्चिमी अर्थशास्त्रियों के शुरुआती संपर्क ने भारतीयों को कैसे प्रभावित किया है। मार्क्सवादी या कीनेसियन अर्थशास्त्र की तरह हिंदू अर्थशास्त्र को भी कई लोग अर्थशास्त्र के एक अलग स्कूल के रूप में देखते हैं। विकास के पश्चिमी मॉडल की कमियों को कई पश्चिमी अर्थशास्त्रियों ने स्वीकार किया है। सोवियत संघ के पतन और अमेरिका और यूरोप की बिगड़ती स्थिति ने दिखाया है कि पूंजीवाद और मार्क्सवाद के विकास मॉडल अपर्याप्त हैं। कई लोगों का मानना है कि पश्चिम आर्थिक और अन्य दोनों तरह से शक्ति संतुलन खो रहा है। हिंदू सोच पर आधारित शासन के पिछले 11 वर्षों में अपने कई उत्कृष्ट उपायों के कारण भारत इस मामले में आगे है। आत्मनिर्भर भारत विज़न के तहत घरेलू सुधारों और ग्लोबल पोजीशनिंग की वजह से हिंदू विचारधारा वाली सरकार के तहत साल 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। रियल क्क्रू 6.5% की दर से बढ़ रहा है और नॉमिनल क्क्रू 106.57 लाख करोड़ रुपये (2014S15) से तीन गुना बढ़कर 331.03 लाख करोड़ रुपये(2024S25) हो गया है, जिससे भारत दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है। जर्मनी का नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद अभी ठ्ट्क 4.6 ट्रिलियन है और यह सामान्य दर से बढ़ रहा है। इसलिए, भारत 2026S2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर जर्मनी को पीछे छोड़ने के बहुत करीब होगा। ये अनुमान इस धारणा पर आधारित हैं कि गणना अप्रत्याशित झटकों से प्रभावित नहीं होगी। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 18 मिलियन भारतीय, जिनमें से ज़्यादातर हिंदू हैं, अभी उत्तरी अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व और मलेशिया और सिंगापुर जैसे अन्य एशियाई देशों में रहते हैं। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, इस विस्तार के परिणामस्वरूप, भारत की आर्थिक शक्ति उनके देश से बाहर फैल गई है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। अमेरिका और यूरोप दोनों का राजनीतिक और आर्थिक माहौल भारतीय हिंदू डायस्पोरा द्वारा महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया जा रहा है। भारतीय अप्रवासी सबसे तेजी से बढ़ते अप्रवासी समूहों में से हैं और उन्होंने अपने नए देशों में महत्वपूर्ण आर्थिक और राजनीतिक योगदान दिया है। उदाहरण के लिए अमेरिका में भारतीय डायस्पोरा ने व्यापार, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कई भारतीय-अमेरिकी सरकार में उच्च पदों पर पहुंचे हैं, जो कानून बनाने और अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में डायस्पोरा के प्रभाव को दर्शाता है। इसी तरह, भारतीय हिंदू डायस्पोरा यूरोपीय देशों के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को समृद्ध और विविध बनाने में महत्वपूर्ण रहा है। उनके पेशेवर ज्ञान और उद्यमशीलता की भावना ने आर्थिक विकास और नवाचार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जैसे-जैसे उनकी संख्या और प्रभाव बढ़ता रहेगा, भारतीय डायस्पोरा निःस्संदेह दुनिया के राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को प्रभावित करने में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एलोन मस्क ने हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में कहा, ''मुझे लगता है कि अमेरिका को अमेरिका आए प्रतिभाशाली भारतीयों से बहुत फायदा हुआ है। अमेरिका स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन, इंडियास्पोरा की नवीनतम इम्पैक्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अमेरिकी, मुख्य रूप से हिंदू, धीरे-धीरे शीर्ष सार्वजनिक सेवा पदों पर नामांकित हो रहे हैं, डायस्पोरा के अमेरिकी आबादी का केवल 1.5% होने के बावजूद 4.4% से अधिक नौकरियों पर काबिज हैं। हाल के वर्षों में डायस्पोरा का प्रभाव प्रभावशाली रहा है, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से लेकर व्यवसायों में नेतृत्व पदों पर रहने तक। वे अमेरिकी संघीय खजाने को हर साल त्त्व300 बिलियन का कर राजस्व प्रदान करते हैं। वर्तमान में, भारतीय हिंदू मूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फॉर्च्यून 500 फर्मों में से सोलह का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में 2.5 मिलियन लोगों को रोजगार देती हैं और लगभग 978 बिलियन का राजस्व उत्पन्न करती हैं। नवीनतम इंडियास्पोरा इम्पैक्ट रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में 648 यूनिकॉर्न व्यवसायों में से 72 का संचालन भारतीय मूल के हिंदू उद्यमियों द्वारा किया जाता है और वे 55,000 से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं। यह देश के सभी यूनिकॉर्न का 11% है। टेक और सीरियल एंटरप्रेन्योर्स ने रिपलिंग और लेसवर्क जैसे स्टार्टअप के ज़रिए दुनिया भर में अपनी जगह बनाई है। भारत, जहाँ बड़ी संख्या में हिंदू आबादी है, टैलेंट का नेट एक्सपोर्टर बन गया है, जबकि अमेरिका ऐतिहासिक रूप से कई मौकों की जगह रहा है। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि अमेरिकी यूनिवर्सिटी में 25% विदेशी छात्र भारतीय हैं। प्रतिष्ठित भारतीय कॉलेजों के लगभग 270,000 भारतीय छात्र उन संस्थानों में अपने विचार और एकेडमिक स्किल्स का योगदान देते हैं। भारतीय डायस्पोरा की आविष्कारक क्षमताओं और टेक-सेवी सोच ने मेज़बान देशों की मदद की है।

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# बच्चों के भविष्य की रोशनी जगाता यूनिसेफ

यूनिसेफ स्थापना दिवस (11 दिसम्बर) पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान तबाह हुए देशों के बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर 1946 को न्यूयार्क में यूनिसेफ की स्थापना की गई थी। उस समय इसे 'यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स इमरजेंसी फंड' के नाम से जाना जाता था। विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विस्तारित किया गया। 1953 में यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतरराष्ट्रीय' तथा 'आपातकालीन' (इमरजेंसी) शब्दों को हटा दिया गया। 1953 में यूनिसेफ के संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाने के बाद इसका नाम 'यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड' (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) कर दिया गया लेकिन मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया।

यूनिसेफ के गठन में पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉश्मन ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण की हिमायत करने, उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने तथा उनकी प्रतिभा के पूर्ण विकास के अवसरों का विस्तार करने का दायित्व यूनिसेफ को सौंपा गया है, जो बाल अधिकार समझौते से मार्गदर्शन लेते हुए बाल अधिकारों को चिरंतन नैतिक सिद्धांतों और बच्चों के प्रति व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के रूप में स्थापित करने के लिए सदैव प्रत्यनशील रहता है। अपनी स्थापना के बाद के इन 79 वर्षों में यूनिसेफ ने दुनियाभर में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विश्वभर में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कल्याण और विकास के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही यूनिसेफ को वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार, वर्ष 1989 में इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार तथा वर्ष 2006 में प्रिंस ऑफ अस्तुरियस अवार्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। नोबेल पुरस्कार दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर यूनिसेफ का कार्य और तेज हो गया। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यूनिसेफ की शिक्षा इकाई के कारण ही वर्ष 2006 तक विश्वभर में करीब 12 मिलियन बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल वापस जा सके। बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए यूनिसेफ आपात स्थितियों में कार्रवाई करता है और युद्ध, आपदा, घोर गरीबी, हर प्रकार की हिंसा और शोषण तथा विकलांगता से पीड़ित सर्वाधिक वंचित बच्चों के लिए विशेष संरक्षण सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। यह बच्चों को पहला अधिकार दिलाता है और वंचित बच्चों तथा उनके परिवारों के लिए उपयुक्त नीतियां बनवाने और सेवाएं प्रदान करने की देशों की क्षमता का निर्माण करता है। 1946 में यूनिसेफ की स्थापना द्वितीय युद्ध में प्रभावित बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से ही की गई थी लेकिन अब यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यूनिसेफ के कार्यकर्ता दुनियाभर के 190 से भी अधिक देशों में बच्चों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। भारत में इस संस्था ने वर्ष 1949 में कार्य करना प्रारंभ किया था और अब हमारे यहां यह नई दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, उड़ीसा इत्यादि राज्यों में कार्य कर रही है। बाल विकास और पोषाहार, बाल संरक्षण, शिक्षा, बाल पर्यावरण, पोलियो उन्मूलन, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य, बच्चे और एड्स, सामाजिक नीति, नियोजन, निगरानी एवं मूल्यांकन, हिमायत और भागीदारी, आचरण परिवर्तन संदेश, आपात स्थिति तैयारी और कार्रवाई जैसे क्षेत्रों पर यूनिसेफ का मुख्य फोकस रहता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग के अलावा यूनिसेफ द्वारा दुनियाभर में मौजूद अनेक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के साथ मिलकर बच्चों को पानी, स्वच्छता, इंफ़ेक्शंस आदि के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष दुनियाभर में नवजात बच्चों के टीकाकरण के लिए तीन बिलियन से भी अधिक टीके प्रदान किए जाते हैं। यूनिसेफ की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह संस्था दुनियाभर में बच्चों के कल्याण हेतु कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक विचारधारा इत्यादि के आधार पर भेदभाव नहीं करती।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में सेहत के लिए अच्छा नहीं होता रोजाना नहाना

गर्मियों में रोजाना नहाना सभी को अच्छा लगता है और यह जरुरी भी होता है लेकिन सर्दियो में नहाना किसी के लिए चुनौती से कम नहीं है, लेकिन एक अध्ययन के अनुसार सर्दियों में रोजाना नहाना सेहत के लिए अच्छा नहीं होता। बॉस्टन (अमेरिका) के डर्मैटॉलजिस्ट डॉक्टर रनेला के अनुसार लोग रोजाना गंदे होने की वजह से नहीं बल्कि समाज के प्रेशर की वजह से नहाते हैं। कई स्टडीज में यह साबित हो चुका है कि स्किन में खुद को साफ करने की बेहतर क्षमता होती है। अगर आप जिम नहीं जाते या रोजाना पसीना नहीं बहाते, धूल-मिट्टी में नहीं रहते तो आपके लिए रोजाना नहाना जरूरी नहीं है। अगर सर्दियों में गरम पानी से देर तक नहाते हैं तो यह फायदे से ज्यादा आपको नुकसान पहुंचा सकताहै। ऐसा करने से आपकी स्किन ड्राई हो सकती है क्योंकि नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं। ये ऑयल आपको मॉइश्चराइज्ड और सुरक्षित रखते हैं। अगर आपको रोजाना नहाना जरूरी है तो 10 मिनट से ज्यादा देर न नहाएं। आपकी स्किन अच्छे बैक्टीरिया पैदा करती है जो कि इसको हेल्दी रखते हैं और केमिकल्स के टॉक्सिन्स से बचाते हैं। जॉर्ज वॉशिंग्टन यूनिवर्सिटी (वॉशिंग्टन डीसी, यूएस) के असिस्टेंट प्रफ़ेसर डॉक्टर सी ब्रैंडन मिशेल का कहना है कि नहाने से स्किन के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं जिससे गुड बैक्टीरिया भी हट जाते हैं। ये बैक्टीरिया इम्यून सिस्टम को भी सपॉर्ट करते हैं। इसलिए सर्दियों में हमें हफ्ते में दो या तीन दिन ही नहाना चाहिए। रोज गरम पानी से नहाने से आपके नाखूनों को भी नुकसान पहुंचता है। नहाते वक्त आपके नाखून पानी अवशोषित कर लेते हैं फिर सॉफ्ट होकर टूट जाते हैं। इनका नेचुरल ऑयल भी निकल जाता है जिससे ये रूखे और कमजोर हो जाते हैं। पर्सनल से ज्यादा अगर सोशल कंसर्न के बारे में सोचें तो रोजाना नहाने से पानी की बर्बादी भी होती है। एक स्टडी के मुताबिक एक व्यक्ति के नहाने में रोजाना 55 लीटर पानी बर्बाद होता है।

## धर्म मंत्र

# शिव का रौद्र रूप माना जाता है भगवान काल भैरव को

कालाष्टमी के दिन भगवान भैरव की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति भयमुक्त होता है और उसके जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाती है। मान्यता यह भी है कि इस दिन भगवान भैरव की पूजा करने से रोगों से भी मुक्ति मिलती है। काल भैरव जयंती के दिन भगवान काल भैरव की पूजा की जाती है। भगवान काल भैरव को भगवान शिव का रौद्र रूप माना जाता है। हिंदू धर्म में काल भैरव जयंती सबसे शुभ दिनों में से एक माना गया है। इस दिन भक्त सुबह सूर्योदय से पहले उठते हैं और स्नान करते हैं। फिर इसके बाद भगवान काल भैरव का आशीर्वाद लेने के लिए विशेष पूजा की जाती है। काल भैरव जयंती को भैरव अष्टमी और भैरव जयंती के रूप में भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव के मंत्रों का जाप और काल भैरव कथा का पाठ करना चाहिए। इससे जीवन में सफलता और कामनाओं की पूर्ति होती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि काल भैरव जयंती हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस दिन भोलेनाथ के रौद्र रूप काल भैरव का अवतरण हुआ था। तंत्र साधना के देवता काल भैरव की पूजा रात में की जाती है इसलिए अष्टमी में प्रदोष व्यापनी तिथि का विशेष महत्व होता है। यह दिन तंत्र साधना के लिए उपयुक्त माना गया है। ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार, भगवान शिव ने कृष्ण अष्टमी पर काल भैरव का रूप धारण किया था। उन्हें काशी के निर्देशों और संरक्षण का रक्षक माना जाता है।

## पर्यटन



# ट्रैकिंग के शौकीन हों या फिर इतिहास के, हर तरह के पर्यटकों के लिए रोमांच से भरा है 'तेनी'

यहां दाखिल होते ही आप एक ऐसे इलाके में कदम रखते हैं जहां नीलगिरी की पहाड़ियों की ऊंचाई कम होने लगती हैं। इन पर रस्सी के समान लिपटी सड़कों के घुमावदार मोड़ों पर चलते ही आपको प्रकृति नए रूप में नजर आने लगती हे। प्रकृति का यह अलग रंग आपको अपनी मोहपाश में यूं बांधता है जैसे कोई अदृश्य जादू चल रहा हो। आप इन सड़कों के आसपास खुले खेत देखते हैं। मैदानी इलाकों की तरह आम के बाग दिखने लगते हैं। उन सर्पिल रस्तों से नीचे उतरते हुए नारियल और केले के बड़े-बड़े खेतों का सौन्दर्य अपने सभी रूपों के साथ प्रकट होता है। यूं तो नीलगिरी के वातावरण में हरियाली बहुत है लेकिन इस हरे पन का यह अनुभव अलहदा है! तमिलनाडू के इस कृषि प्रधान जिले की यही खूबसूरती है। यकीनन यह एक सुंदर कल्पनालोक है, जहां हर तरह के पर्यटकों को अपने लिए कुछ न कुछ खास जरूर मिल जाता है। जैसे, ट्रेकिंग के शौकीन यहां की पहाड़ियों पर अपने रोमांच को जी सकते हैं तो मंदिर आदि में रुचि रखने वालों के लिए द्रविड़ शैली के अद्भुत पूजा स्थल खड़े हैं। दरअसल, तेनी भक्ति के रंग में रंगे यात्रियों को भी निराश नहीं करता है। यहां उनके लिए भी बहुत से मंदिर हैं जो अपनी ऐतिहासिकता के साथ साथ स्थानीय संस्कृति को सदियों से सहेज कर रखने के लिए जानी जाते हैं। इन मंदिरों में कामाची अम्मान मंदिर, वेल्लापर मंदिर आदि में दर्शन-पूजन करने वालों की आमद रहती है। यही स्थिति दूसरे धर्म से जुड़े पूजा स्थलों की भी है। चर्च और मस्जिदों की संख्या इसे उन विशिष्ट स्थानों में शुमार कराती है जो भारतीय बहुलतावादी संस्कृति की पहचान के रूप में विख्यात हैं। तेनी में जंगल के छोटे-बड़े 27 हिस्से हैं। शहर की भागमभाग से दूर जो लोग शांति की तलाश में आते हैं उनके लिए यहां के चाय बागान किसी स्वर्ग की तरह हैं। यहीं पर कोलुकामलाई टी एस्टेट है जिसके बारे में इतना ही जान लेना पर्याप्त होगा कि यह विश्र्व में सर्वाधिक ऊंचाई पर बसा हुआ ओर्गेनिक चाय का बागान है।

भारत की वर्तमान शिक्षा संस्कृति के अनुरूप नहीं

# बचपन का संस्कार मानव निर्माण में सहायक होता है: अतुल कृष्ण भारद्वाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



टिकैतनगर सिरौलीगौसपुर। हिंदू संस्कृति व भारत राष्ट्र उन्नयन के पक्षधरों में अति विशिष्ट पूरी दुनिया में राम कथा गंगा का प्रवाह करने वाले कथाकार अतुल कृष्ण भारद्वाज जी गरिमामयी उपस्थिति से विकासखंड क्षेत्र का वातावरण पावन हुआ है। टिकैतनगर में इन दोनों ज्ञान गंगा की वर्षा कर रहे हैं। कथा व्यास श्री भारद्वाज जी कहते हैं कि मेरे रघुनाथ का नाम लेने मात्र से ही पापों से मुक्ति हो जाती है उनके दर्शन मात्र से उद्धार। प्रभु श्री राम के दर्शन मात्र से इंद्र और गौतम ऋषि के श्राप से शिला रूप अहिल्या का उद्धार हो गया। कथा व्यास ने भगवान की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन कर उपस्थित श्रोता समाज का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि दुनिया भर के कौए गंदगी में वास करते हैं परन्तु काग भुशुण्डीजी ने भगवान के जन्म के उपरान्त संकल्प किया कि जब तक भगवान पाँच वर्ष के नहीं हो जाएंगे तब तक सब कुछ त्याग, मैं अवध में ही बास करूंगा तथा राजा दशरथ के महल की मुडेरी पर बैठ भगवान की बाल लीलाओं के दर्शन कर जीवन धन्य करुँगा। इसे वर्णित करते हुए सूरदास जी का प्रचलित भजन ''जन-जन की जिव्हा पर आज भी अंकित है, का मनोहरी स्मरण कराया। खेलत खात फिरे अंगना, पग पैजनि बाजत पीली कछोटी । काग के भाग कहा कहिए. हरि हाथ से ले गयो माखन रोटी । कागभुशुंडी जी ने संकल्प लिया था कि भगवान के हाथ का जो झूठन गिरेगा वही प्रसाद ग्रहण करूंगा। कथा व्यास जी ने कहा कि कागमुशुण्डी जी कोई सामान्य कौआ नहीं थे। उनकी दक्षता का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ जी भी कागमुशुण्डीजी से श्रीराम कथा सुनने स्वयं जाया करते थे। आगे की बाल लीला में भगवान श्रीराम के धूल में खेलने और राजा दशरथ के कहने पर माता कौशिल्या द्वारा धूलघूसरित प्रभू को उठाकर दशरथ जी के गोद में देने का सुन्दर चित्रण किया। नामकरण की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि यह नाम ही मनुष्य का भाग्य,भविष्य तय करता है। प्रभु श्रीराम का नाम लेने मात्र से ही मनुष्य धन्य हो जाता है। उन्होने कहा की हमारे समाज में जो बुराईयों व्याप्त है उनका कारण शिक्षा का अभाव ही है, आज जो भारत में शिक्षा दी जा रही है वह संस्कृति के अनुरूप नहीं है। हमारी संस्कृति में शिक्षा धर्म से जोड़ने वाली, त्यागमयी जीवन जीने वाली, व दूसरों का हित करने वाली शिक्षा होती थी। बचपन का संस्कार व्यक्ति निर्माण में सहायक होता है। हमारे शास्त्रों में ग्रह नक्षत्र के आधार पर ही नामकरण करने की व्यवस्था थी। व्यास जी महाराज ने सर्व समाज को पाप से मुक्ति का सहज मार्ग बताया। मनुष्य के जीवन में कभी न कभी भूलवश कोई न कोई गलत कार्य हो जाता है जिससे मुक्ति पाना, प्रायश्चित करना ही एकमात्र साधन है। पुरुष या नारी को अपने पाप को छिपाना नहीं चाहिए उसे संत,गुरू, श्रेष्ठजन के सामने व्यक्त करना चाहिए। अगर कही क्षमा याचना नहीं कर सकते तो अपने इष्टदेव मंदिर में (पूजा स्थल पर भगवान के सामने) क्षमा मांगने का एहसास करना चाहिए क्योंकि पाप छिपाने से बढ़ता है व पुण्य बताने से घटता है। भगवान श्रीराम के दर्शन मात्र से इन्द्र एवं गौतम ऋषि के श्राप से शिला रूपी अहिल्या का उद्धार हो गया

## ईपीएफ से वंचित रोजगार सेवकों का विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदुरा बाराबंकी। ई.पी.एफ. से वंचित एवं आक्रोशित रोजगार सेवकों ने गांधी गिरी का सहारा लिया और उपवास आंदोलन पर विकासखंड परिसर में बैठ गए।रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों का अविलंब समाधान के लिए खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सेवकों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का निस्तारण शीघ्र नहीं हुआ, तो शुक्रवार को सभी साथी विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप छोड़ देंगे और जिला अधिकारी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने को विवश होंगे। संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र स्वास्थ्य ने कहा कि वर्षों से ई.पी.एफ. का लाभ न मिलना रोजगार सेवकों के साथ घोर अन्याय है और अब धैर्य की सीमा समाप्त हो चुकी है। उपाध्यक्ष पवन पोरवाल ने कहा कि बीच में कुछ साथियों के साथ दुर्घटनाएं हो गई अगर उन्हें यह लाभ मिल जाता तो दुख की घड़ी में उनके परिवार को आर्थिक समस्या से न जूझना पड़ता।जबकि ई पी एफ को लेकर इससे पहले भी कई बार विकासखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक मांग की जा चुकी है। इस मौके पर महामंत्री त्रिभुवन, संगठन मंत्री दीपू वर्मा, अनूप सिंह, राज किशोर, श्यामू वर्मा सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक आंदोलन में मौजूद रहे।

## घर-घर संपर्क, दिया भारत माता के चित्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ द्वारा निर्धारित सात बड़े कार्यक्रमों में से व्यापक गृह संपर्क अभियान के तहत बुधवार को कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के निंदूरा खंड में विशेष अभियान चलाया गया। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज के जागरण और संगठन को मजबूत करना है।

अभियान के दौरान जिला कार्यवाह सुधीर, सह खंड कार्यवाह रामदास, सह संपर्क प्रमुख कुलदीप, संजय आद ने क्षेत्र में घर-घर संपर्क के दौरान लोगों को भारत माता के चित्र भेंट किए। इस अवसर पर श्रीश रावत, नीरज कुमार, विपिन सोनी, दीपक यादव सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## महादेवा में फिर तालाब व सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण

### शिकायत पर गरजा बुलडोजर, निर्माण जमींदोज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। लोधौरा ग्राम में मस्तान पुत्र मो. सफी अहमद द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जेदारी की शिकायत पर तहसील प्रशासनदरा द्वारा आज भेज निर्माण धारा सही कर दिया गया। बताते हैं कि तहसील प्रशासन नियतिक्रमणकारी को पहले भी चेतावनी दी थी।

कहते हैं कि अतिक्रमणकारियों को कुछ जिम्मेदारों का संरक्षण मिलने से वह निर्माणकार्य और तेजी से करने लगा था। रवायत के अनुसार मस्तान अपनी मस्ती मे रातों रात अवैध निर्माण कर रहा था।इस बारे में तहसीलदार विपुल सिंह ने बताया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। तहसील प्रशासन द्वारा मना किया गया था फिर भी निर्माण जारी था।बुधवार को उसी अवैध निर्माण पर बुलडोज़र चलाकर जमीदोज कर दिया गया।कार्यवाही के दौरान लेखपाल गण चंदन रावत संतोष कुमार व गुरुशरण एवं राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश तथा जयशंकर उपाध्याय सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत रामनगर पुलिस टीम मौजूद रही।

## हादसे में एंबुलेंस क्षतिग्रस्त चालक की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली रामसनेहीघाट के तालागांव मोड़ के पास एक निजी एम्बुलेंस वाहन, सड़क पर पहले से खड़े वाहन मे पीछे से जा घुसी। एम्बुलेंस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। हादसे में चालक मारा गया। चालक अमित भारती (40) पुत्र माखनलाल निवासी थाना गुलरिया जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस के बताए अनुसार मृतक अमित भारती लखनऊ अस्पताल में मरिज को छोड़ कर वापस गोरखपुर लौट रहा था तभी ये हादसा हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रोजगार मेले में चयनित हुये सत्ताताइस अभ्यर्थी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य व नोडल अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में रोजगार अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया जिसमें लगभग सरसठ अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त मेले में हीरो कम्पनी अलवर राजस्थान के एचआर शिव कुमार द्वारा उपस्थित अभ्यार्थियों का साक्षात्कार किया गया तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरांत सत्ताइस अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान उक्त आयोजित रोजगार अप्रेन्टिस मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा व दिवाकर मिश्र उपस्थित रहे।

## आर्थिक और सामाजिक समृद्धि का मूल मंत्र है सहकारिता डीडीएम नाबार्ड

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सौजन्य से बल्दीराय विकास खंड की बहुरांवा बाजार में सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदित हो कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जनपद सुल्तानपुर में नाबार्ड के द्वारा व्यापक स्तर पर सहकारिता से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, आज का कार्यक्रम कई मायनों में खास था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र बरासिन पशुपालन वैज्ञानिक डॉक्टर गौरव पांडे ने ठंड में पशुओं की देखभाल के बारे में विस्तार से चर्चा की। पशुओं के आहार प्रबंधन ,टीकाकरण तथा प्री और पोस्ट मानसून टीकाकरण के बारे में किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अभिनव द्विवेदी ने कहा कि सहकारिता से सामाजिक और आर्थिक विकास में मूल मंत्र का कार्य करता है कठिन से कठिन कार्य सहकारिता से सरल हो जाता है । डीडीएम नाबार्ड ने नाबार्ड द्वारा संचालित परियोजनाओं तथा सहकारी समितियों के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारी समितियों को और अधिक मजबूत किया जा रहा है इसके लिए भारत सरकार ने ठोस कदम उठाया है। कार्यक्रम को सामाजिक कार्यकर्ता राजेश द्विवेदी सहित दर्जनभर विद्वानों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चंद्र नाथ पांडे ने किया। चंद्र शेखर उपाध्याय ,कृष्ण कांत तिवारी, राम करन शुक्ला, लल्लन सिंह ,सचिन पांडे ,आलोक यादव, राज कुमार तिवारी, अनिल कुमार मौर्य सहित सैकड़ों को संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहें।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे कांड में बड़ी कार्रवाई

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक्सप्रेस-वे सीसीटीवी स्कैंडल पर हमारी ख़बर का बड़ा असर दिखा। एंटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के चारों आरोपी कर्मचारी टर्मिनेट, स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन को गिरफ्तार, चौथे की तलाश तेज। एटीएमएस टीम पर आरोप था कि एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों से यात्रियों के प्राइवेट मोमेंट, कपल व नवविवाहितों के रोमांटिक वीडियो क्लोज़ कैप्चर में रिकॉर्ड करते थे। फिर उन्हीं वीडियो को दिखाकर ब्लैकमेल और वसूली की जाती थी। पैसे मिलने के बाद भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देते थे। मुख्यमंत्री से शिकायत पहुँचते ही प्रशासन में हड़कंप, हलियापुर टोल प्लाजा की यूनिट पर गिरी बड़ी गाज। जाँच और कार्रवाई की रफ्तार अब और तेज, कुछ और बड़े खुलासों की उम्मीद।

## आईआईटी कानपुर के पूर्व कर्मचारी को सीपीएफ से जीपीएफ योजना में जाने की मिली अनुमति

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के एक पूर्व कर्मचारी को सीपीएफ से जीपीएफ योजना में जाने की अनुमति दी है। वहीं, अन्य दो कर्मचारियों की याचिका खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने दिया है। याची राम स्वरूप राजपूत (शिक्षक मैकेनिक बी), फूल सिंह चौहान (इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर) और एक अन्य शिक्षक ने आईआईटी कानपुर में अपनी सेवाएं दी थीं। उन्होंने सीपीएफ से जीपीएफ पेंशन योजना में जाने के लिए आवेदन किया था जिसे संस्थान ने 16 सितम्बर 2021 के आदेश से अस्वीकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि याची फूल सिंह चौहान ने 31 अगस्त 1990 को सेवा शुरू की थी। यानी केंद्र सरकार के 1 मई 1987 के कार्यालय ज्ञापन और आईआईटी कानपुर द्वारा 11 सितम्बर 1987 को अपनाने के बाद वह 1 जनवरी 1986 के बाद सेवा में आए। इसलिए उन्हें स्वतः ही पेंशन योजना के अंतर्गत माना जाना चाहिए था। कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए कहा कि सीपीएफ में दी गई राशि को 5 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ वापस करना होगा। जिसके बाद उन्हें जीपीएफ-पेंशन योजना का लाभ मिल सकेगा। हालांकि, याची राम स्वरूप राजपूत और याची तीन के सम्बंध में कोर्ट ने कहा कि उन्होंने 1987 और 1992 में दो बार सीपीएफ योजना में ही रहने का विकल्प चुना था। बाद में 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर भी उन्होंने जीपीएफ में जाने का अवसर नहीं लिया। ऐसे में उनकी याचिका को खारिज कर दिया।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर पूर्व सांसद ने की चित्रकूट व अतर्रा बाईपास के निर्माण की मांग

चित्रकूट। बुंदेलखंड के कद्दावर राजनेता एवं बांदा- चित्रकूट के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से बुधवार को मुलाकात कर पर्यटकों एवं स्थानीय जनमानस को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जनपद चित्रकूट में राम गमन मार्ग एवं बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले चित्रकूट बाईपास एवं बांदा जनपद के अतर्रा कस्बे में प्रस्तावित बाईपास का निर्माण जल्द से जल्द कराये जाने की मांग की है। इसके अलावा चित्रकूट के खोह में अधूरे पडे ओवरब्रिज का कार्य अभिलम्ब पूर्ण कराये जाने का अनुरोध किया है।

पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन मार्ग का निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू हो रहा है। जिसे आने वाले दो से तीन वर्ष में पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। जिसके अंतर्गत जनपद अयोध्या से श्रंगवेरपुर धाम होते हुए चित्रकूट धाम को जोड़ा जा रहा है। राम वन गमन मार्ग जनपद चित्रकूट में बेडीपुलिया के करीब स्थित चकला राजरानी नामक गांव से एनएच-35 होते हुए मध्य प्रदेश को जाएगा। राम वन गमन मार्ग में एनएच-35 जो प्रयागराज से चित्रकूट से होकर जाता है, उसमें खोह रेलवे क्रॉसिंग के पास से चकला राजधानी मार्ग होते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे तक फोरलेन का बाईपास मार्ग बनाए जाने की स्वीकृति हो चुकी है, जमीनों का मुआवजा आदि भी दिया जा चुका है। निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, किंतु अभी तक निर्माण कर चालू नहीं किया गया है।

## महंत व राकेश ने किया दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ

### पहलवानों के दांव-पेंच देखने उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। ग्राम शहाबपुर स्थित कमल पैलेस परिसर में बुधवार से शुरू हुए दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट दंगल का उदघाटन पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा व हनुमानगढी अयोध्या के महन्त श्री श्री 1008 पूज्य बलरामदास जी महराज तथा प्रदीप यादव विंद्रा स्वीट द्वारा पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। उदघाटन पश्चात उपस्थित लोगों से रुबरु होते हुए पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि कुश्ती हमारे देश की पुरानी परंपरा है तथा भारतीय संस्क्रति से जुड़ी हुई है।पहलवानी का सम्बंध स्वास्थ्य से भी जुड़ा होता है और पहलवानी के लिए कठिन परिश्रम भी करना पड़ता है। पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने पहलवानों की हौसला अफजाई की। महन्त बलरामदास महराज ने कहा कि पहलवानी ग्रमीणों की शान है गांव के लोगो का आज भी सबसे ज्यादा प्रिय खेल है। तथा निरन्तर अभ्यास करते रहना चाहिए।राष्ट्रीय स्तर के दंगल कुश्ती प्रतियोगिता मे रेफरी गुड्डू गौरखपुर उत्तराखंड के कालू पहलवान की निगरानी में प्रथम कुश्ती जम्मू कश्मीर के पहलवान भूरा एव राजस्थान के पहलवान बादल के बीच हुई जिसमें भूरा ने बादल को पटखनी दी। मेरठ के पहलवान मो0 मोहसिन व रुड़की के फ़ौजी के बीच हुई जिसमें कुश्ती बराबर रही। नेपाल के लकी थापा व राजस्थान के बिल्ला के बीच कुश्ती हुई जिसमें लकी थापा ने फिर अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी। पंजाब के पहलवान प्रवेश व रोहतक के पहलवान फ़ौजी के बींच हुई जिसमे पहलवान प्रवेश ने फौजी को पटकनी दी । पंजाब के जग्गा सरदार व हनुमानगढी अयोध्या के बाबा लाड़ी के बींच हुई जिसमे बाबा लाड़ी ने जग्गा सरदार को चित कर दिया। अंतिम कुश्ती नेपाल के लकी थापा व राजस्थान के ठाकुर जल्लाद सिंह के बींच हुई जिसमे दोनो पहलवान बराबरी पर रहे इसी तरह हरियाणा के सोनू व जम्मू कश्मीर के भूरा की कुश्ती बराबर पर रही। दंगल के प्रथम दिन आस पास के गाँवो की उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की निगरानी में कुश्तियां आयोजित हुई। इस मौक़े पर दंगल आयोजक शौरभदास महराज अयोध्या, मनीष सिंह , विकास यादव, कमल जयसवाल, तुषार जयसवाल, शशि भुर्जी, शौरभ मौर्य, आयुष भट्ट, ज्ववाद खान सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## शिक्षा मित्रों के मूल विद्यालय का रास्ता साफ, जताया सरकार का आभार

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के शिक्षा मित्रों को योगी सरकार द्वारा गृह जनपद, मूल विद्यालय तथा महिलाओं को ससुराल के जनपद में सेवा का मौका, ट्रांसफर का शासनादेश आफ्लाइन पूर्ण करने का जारी कर दिया, जिसके क्रम में प्रथम चरण में आवेदन लिया जायेगा मूल विद्यालय में रहने वालो को कोई दिक्कत नहीं है शेष प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी यह प्रक्रिया शिक्षा मित्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है ।

इसकी मांग प्राथमिक शिक्षा मित्र संगठन द्वारा काफी समय से की जा रही थी. अब शासनादेश जारी होने पर प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ सुलतानपुर के जिलाध्यक्ष वृजेश पाण्डेय, महामंत्री पवन कुमार, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार दूबे,अवधेश तिवारी, संपूर्णानंद पाण्डेय, प्रांजली श्रीवास्तव, राम अवतार वर्मा, शैलेंद्र सिंह, रईस अहमद, अवधेश पाण्डेय, धनंजय यादव, करुणा शंकर पाण्डेय, राजदेव यादव, रीता दूबे, शीतला दूबे, संतराम पाल, अर्धेन्दु सिंह उदय प्रताप पाण्डेय सहित समस्त जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया गया और सभी ब्लॉक अध्यक्षो व ब्लॉक पदाधिकारियों को निर्देशित किया ।

## सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा के अंगीकरण में भारत की भूमिका अहम : डॉ बी डी पाण्डेय

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में कल्याणपुर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) की तरफ से राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के मौके पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन सेंटर ऑफ़ एकेडेमिक्स के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया हैं। यह जानकारी बुधवार को सीएसजेएमयू के मीडिया प्रभारी डॉ दिवाकर अवस्थी ने दी।

सीएसजेएमयू मीडिया प्रभारी डॉ दिवाकर अवस्थी ने बताया कि यह कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ़ लीगल स्टडीज़, विधि विभाग की तरफ से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. बी. डी.पाण्डेय, जेल अधीक्षक कानपुर नगर उपस्थित हुए। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसजेएमयू के प्रतिकुलपति प्रो.फ़ेसर सुधीर कुमार अवस्थी ने की।

प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मानवाधिकारों के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घृणा अपराध से होनी चाहिए, अपराधी से नहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, लिंग अथवा सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव अनुचित है। उन्होंने मानव मूल्य आधारित पाठ्यक्रमों के समावेशन तथा न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विधिक सहायता कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. बी. डी. पाण्डेय ने कहा कि मानवाधिकारों की उत्पत्ति, सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा (यूडीएचआर) तथा उसके अंगीकरण में भारत की भूमिका है। जो 54 देशों में से एक था। इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मानवाधिकार उल्लंघन की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए विभिन्न जनपद कारागारों में अपने अनुभव साझा किए। डॉ. पांडे ने वाराणसी जेल में अपने कार्यकाल के दौरान आधुनिक तकनीकी संसाधनों के उपयोग और प्रशासनिक सुधारों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार जिला अस्पताल के सहयोग से कैदियों को किडनी व कैंसर उपचार जैसी चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गई है। कार्यक्रम के अंत में अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ़ लीगल स्टडीज़ के सहायक निदेशक समीउद्दीन ने संसाधन व्यक्ति, प्रो-वीसी तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। शशिकांत त्रिपाठी आशुतोष बाजपेई, डॉ दिव्यांश शुक्ला, डॉ स्मृति रॉय एवं अन्य उपस्थित रहे। साथ ही अशुतोष बाजपेयी, अध्यक्ष, एएमएससीएस कानपुर ने भी विशेष अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह कार्यक्रम मानव मर्यादा, समानता एवं न्याय के सिद्धांतों को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता हुआ राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की भावना को सफलतापूर्वक प्रदर्शित करता है। शिक्षाविदों ने मानवाधिकारों के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले तीन शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई

गोरखपुर,। संगठित अपराधों पर सख्ती के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गोरखपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विदेश भेजने के नाम पर आम नागरिकों से लाखों की धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर अपराधियों के विरुद्ध थाना गोरखनाथ पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। सीओ गोरखनाथ ने बताया कि गैंग का लीडर शेख हसनैन अपने दो साथियों अमानुल्लाह सिद्दीकी और नाजिम सिद्दीकी के साथ मिलकर विदेश भेजने का झांसा देकर कई लोगों से रुपयों की ठगी करता था। तीनों मूल रूप से कुशीनगर के रहने वाले हैं और गोरखनाथ क्षेत्र के हुसैनाबाद में रहकर अपनी गतिविधियां संचालित करते थे। इनके खिलाफ शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही थीं, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था।

जनहित व कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए थाना गोरखनाथ पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर से अनुमोदन कराया और तीनों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। सीओ गोरखनाथ ने कहा कि यह कार्रवाई ऐसे अपराधियों पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से की गई है जो लंबे समय से संगठित तरीके से धोखाधड़ी में लिप्त थे।

आपराधिक इतिहास बताया–शातिर और सक्रिय गैंग लीडर शेख हसनैन पर मु.अ.सं. 70/2024ऽधारा 420, 406, 504, 506 भादवि, मु.अ.सं. 529/2017ऽधारा 419, 420, 467, 468, 406, 504, 506 भादवि, मु.अ.सं. 79/2015ऽधारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि तथा मु.अ.सं. 348/2010 थाना चौराखास, कुशीनगर। अमानुल्लाह सिद्दीकी पर मु.अ.सं. 70/2024 ऽ धारा 420, 406, 504, 506 भादवि एवं मु.अ.सं. 529/2017 ऽ धारा 419, 420, 467, 468, 406, 504, 506 भादवि नाजिम सिद्दीकी पर मु.अ.सं. 70/2024 ऽ धारा 420, 406, 504, 506 भादवि।

# कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे, रोहित शर्मा शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज बनने की ओर मजबूती से बढ़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी ताजा मेंस वनडे प्लेयर रैंकिंग में कोहली ने दो स्थान की छलांग लगाते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जबकि रोहित शर्मा नंबर-1 की कुर्सी पर बने हुए हैं।

कोहली ने पाकिस्तान के बाबर आजम के हाथों अप्रैल 2021 में वनडे बल्लेबाजों की नंबर-1 रैंकिंग गंवाई थी, लेकिन अब वह एक बार फिर शीर्ष स्थान के बेहद करीब पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली को रैंकिंग में बड़ा फायदा मिला। 37 वर्षीय कोहली ने सीरीज में कुल 302 रन बनाए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।



सीरीज के आखिरी मुकाबले में विशाखापत्तनम में खेली गई नाबाद 65 रन की पारी के दम पर कोहली अब रोहित शर्मा से सिर्फ आठ रेटिंग अंकों पीछे हैं। वहीं रोहित शर्मा ने सीरीज में 146 रन बनाकर अपनी नंबर-1 पोजिशन बरकरार रखी। रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं, जबकि कोहली के 773 रेटिंग अंक हैं।

भारतीय टीम अब 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, जहां कोहली और रोहित के बीच नंबर-1 स्थान की रेस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है। विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल दो स्थान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए, जो इस सूची में सबसे बड़ा फायदा है।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने भी रैंकिंग में सुधार किया है। क्विंटन डी कॉक 13वें, एडेन मार्कराम 25वें और टेम्बा बावुमा 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज भारत ने 2-1 से अपने नाम की थी।

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज के पहले मैच के बाद प्रोटियाज के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस तीन स्थान ऊपर चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं भारत के गेंदबाजों में अक्षर पटेल 13वें, अर्शदीप सिंह 20वें और जसप्रीत बुमराह 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने जबरदस्त छलांग लगाई है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो एशेज टेस्ट में लगातार 'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रदर्शन के दम पर स्टार्क तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इन दो मैचों में कुल 18 विकेट झटके हैं और करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान फिसलकर चौथे नंबर पर आ गए हैं, जबकि केन विलियमसन दूसरे और स्टीव स्मिथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जो रूट अब भी टेस्ट बल्लेबाजों में नंबर-1 बने हुए हैं।

न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच क्राइस्टचर्च में खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ रहा, लेकिन दोनों टीमों के खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने नौ स्थान की छलांग लगाकर 15वां स्थान हासिल किया, जबकि टॉम लैथम छह स्थान ऊपर चढ़कर 34वें नंबर पर पहुंच गए।

# प्रीति झंगियानी 'स्पोर्ट्स महिला बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी

नई दिल्ली,। पीपल्स आर्मरेसलिंग फ़ेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष, एशियन आर्मरेसलिंग फ़ेडरेशन (एएएफ) की उपाध्यक्ष और प्रो पंजा लीग की सह-संस्थापक प्रीति झंगियानी को तीसरे सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवॉर्ड्स 2025 में प्रतिष्ठित 'स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर (महिला)' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह 9 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित एक होटल में आयोजित किया गया, जो सीआईआई स्कोरकार्ड 2025 के 10वें संस्करण के साथ हुआ। इस वर्ष का मुख्य विषय ल्ववन नेशन, वन स्पोर्ट विजनङ्क रहा। सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवॉर्ड्स देश के सबसे प्रतिष्ठित खेल व्यवसाय सम्मान समारोहों में गिने जाते हैं, जहां खेल जगत में नेतृत्व, नवाचार और प्रभाव को मान्यता दी जाती है। इससे पहले यह सम्मान जय शाह, नीता अंबानी, पार्थ जिंदल और वीटा दानी जैसी नामी हस्तियों को मिल चुका है। अब यह




सम्मान प्रीति झंगियानी को भारतीय आर्मरेसलिंग को वैश्विक मंच पर मजबूती से स्थापित करने के लिए दिया गया है। जूरी ने सर्वसम्मति से प्रीति झंगियानी को भारतीय आर्मरेसलिंग के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए चुना। पीएएफआई के जरिए उनके दूरदर्शी नेतृत्व, एएएफ में उनकी अहम भूमिका और प्रो पंजा लीग के दूसरे सीजन की शानदार सफलता ने खेल को एशिया में नई पहचान दिलाई है। देशभर में संरचित प्रतियोगिताओं का आयोजन, उभरती प्रतिभाओं की खोज और उन्हें निखारने की दिशा में किए गए प्रयासों से खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत विकास प्रणाली तैयार हुई है, जिससे भारतीय आर्मरेसलिंग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां मिली हैं। इस समारोह में अन्य पुरस्कार विजेताओं में राजस्थान रॉयल्स के मालिक मनोज बदाले को स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर (पुरुष) चुना गया। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया को स्पोर्ट्स फ़ेडरेशन ऑफ द ईयर, टाटा समूह को लीगेसी ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स पैट्रोनेज और तमिलनाडु को बेस्ट स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## आईओए और इटली ओलंपिक समिति के बीच ऐतिहासिक समझौता, खेल सहयोग को मिलेगी नई मजबूती

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और इटली की नेशनल ओलंपिक कमेटी (कॉनई) के बीच खेलों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नई दिल्ली में ऐतिहासिक समझौता (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया। समझौते के तहत दोनों देशों के खिलाड़ियों, कोचों और खेल विज्ञान विशेषज्ञों को एक-दूसरे के उच्च स्तरीय खेल ढांचे और हाई-परफॉर्मेंस सेंटरों तक पहुंच मिलेगी।

इस समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में इटली के उप-प्रधानमंत्री एवं विदेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो ताजानी और भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम दोनों देशों की सरकारों की खेल के माध्यम से रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा कि यह दिन भारतीय ओलंपिक आंदोलन के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि कॉनई के साथ यह साझेदारी भारतीय खिलाड़ियों को विश्व के प्रतिष्ठित खेल तंत्रों में प्रशिक्षण और सीखने के नए अवसर प्रदान करेगी, जिससे भारत के वैश्विक खेल प्रदर्शन को नई ऊंचाई मिलेगी। इटली की नेशनल ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष लुसियानो बुओनफिलियो ने कहा कि भारत और इटली दोनों ही खेल के प्रति गहरी रुचि साझा करते हैं। यह समझौता दोनों देशों के खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्टता का सेतु तैयार करेगा और लंबे समय तक लाभ पहुंचाएगा। समारोह के दौरान इटली के उप-प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि यह सहयोग दोनों देशों के बढ़ते संबंधों का प्रतीक है और खेल लोगों व संस्कृतियों को जोड़ने की अद्भुत शक्ति रखता है। वहीं, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि यह साझेदारी भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे भविष्य के ओलंपिक चक्रों में भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी मजबूत होगी। एमओयू के तहत संयुक्त प्रशिक्षण शिविरों, कोचिंग एक्सचेंज, खेल विज्ञान कार्यक्रमों में सहयोग और उभरते खिलाड़ियों के विकास से जुड़े योजनाबद्ध कार्यक्रमों पर काम किया जाएगा, जो भारतीय और इतालवी ओलंपिक समितियों के बीच सहयोग के एक नए युग की शुरुआत करेगा।

## 26वें जोधपुर पोलो सीजन 2025 का आगाज, पहले दिन लो गोल टूर्नामेंट शुरू

जोधपुर। जोधपुर पोलो एवं इक्विस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के तत्वावधान में 26वां जोधपुर पोलो सीजन 2025 गुरुवार से महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेद सिंह एयरपोर्ट रोड पाबूपुरा पर शुरू हुआ। यह आयोजन 17 जनवरी तक चलेगा।

जोधपुर पोलो एवं इक्वीस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि 26वां पोलो सीजन 2025 में पांच टूर्नामेंट व दस एक दिवसीय प्रदर्शन मैच खेले जाएंगे। पोलो सीजन में पांच टूर्नामेंट होंगे। इसमें आज लो गोल टूर्नामेंट शुरू हुआ जो 13 दिसम्बर तक होगा। इसके बाद 14 से 17 दिसम्बर तक उम्मेद भवन पैलेस कप 4 गोल, एचएच महाराजा ऑफ जोधपुर कप 8 गोल 23 से 28 दिसम्बर, राजपूताना व सेन्ट्रल इण्डिया कप 8 गोल चार से 11 जनवरी व 12 से 17 जनवरी 6 के मध्य महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप 8 गोल होगा। नाथावत ने बताया कि सीजन में 10 प्रदर्शन मैच खेले जाएंगे, इसमें 18 दिसम्बर को ब्रिटिश पोलो डे, 21 दिसम्बर को इंडियन एयर फोर्स लोंगेवाला पोलो कप होगा। 25 दिसम्बर को भंवर बाईजी लाल वारा राजे पोलो कप, 28 दिसम्बर को लेडीज इन्टरनेशनल पोलो कप का प्रदर्शन मैच, 29 दिसम्बर को महाराजा सरदार सिंह मेमोरियल कप, पांच जनवरी को इंडियन नेवी एडमिरल पोलो कप, छह जनवरी को आर्मी कमाण्डर्स कप, सात जनवरी को मेजर ठाकुर सरदार सिंह जसोल मेमोरियल कप, आठ जनवरी को हरमेश कप, व अबूसियर कप 14 जनवरी को खेला जाएगा। ये सभी एकदिवसीय मैच दोपहर तीन बजे होंगे।

## दिनेश कार्तिक बने लंदन स्पिरिट के मेंटर और बल्लेबाजी कोच

लंदन। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को द हंड्रेड लीग की फ्रेंचाइज़ी लंदन स्पिरिट (मेंस टीम) का मेंटर और बल्लेबाज़ी कोच नियुक्त किया गया है। कार्तिक वर्तमान में आईपीएल की मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भी मेंटर हैं। द हंड्रेड में यह किसी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी पहली भूमिका होगी। दिनेश कार्तिक का अनुभव बेहद समृद्ध रहा है। उन्होंने खिलाड़ी और कोच के रूप में आईपीएल में 250 से अधिक मैचों में हिस्सा लिया है, जबकि भारत की ओर से उन्होंने 180 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उनका यह व्यापक अनुभव लंदन स्पिरिट के लिए काफी अहम माना जा रहा है।

लंदन स्पिरिट के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मो बॉबट ने फ्रेंचाइज़ी की ओर से जारी बयान में कहा, डीके का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है। वह क्रिकेट के एक बेहद मौलिक सोच वाले खिलाड़ी रहे हैं और शॉर्ट-फॉर्मेट व फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट में उनका विशाल अनुभव हमारे लिए अमूल्य साबित होगा। उनके साथ काम करना मज़ेदार है और वह हर काम में ऊर्जा और उत्साह भर देते हैं। उन्होंने आगे कहा, ल्खेल में इतनी ऊंची पहचान रखने वाले एक और उत्कृष्ट व्यक्ति को टीम से जोड़ना हमारी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ संभव सहयोग मिले।

नई भूमिका को लेकर दिनेश कार्तिक ने कहा, ल्लंदन स्पिरिट से जुड़ना मेरे लिए बेहद रोमांचक है। जब मैंने मो, एमसीसी और टेक टाइटन्स की योजनाओं और महत्वाकांक्षाओं के बारे में सुना, तो मैं तुरंत इससे जुड़ने को उत्साहित हो गया। इंग्लिश समर में लॉर्ड्स में काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। यही वह मैदान है जहां मैंने भारत के लिए डेब्यू किया था और अपना आखिरी टेस्ट मैच भी खेला था। लॉर्ड्स मेरे दिल के बहुत करीब है। अगले साल टीम को एकजुट होते देखने और शानदार खिलाड़ियों के साथ काम करने का मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। उल्लेखनीय है कि कार्तिक पहले भी मो बॉबट और लंदन स्पिरिट के हेड कोच एंडी फ्लावर के साथ आईपीएल में आरसीबी के लिए काम कर चुके हैं, जिससे यह नई जिम्मेदारी उनके लिए अपेक्षाकृत आसान मानी जा रही है।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का आगाज अगले साल 16 फरवरी से

एजेंसी




नई दिल्ली। बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का आयोजन 16 से 26 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। यह घोषणा पहले किए गए उस ऐलान के बाद हुई है, जिसमें लीग के उद्घाटन सत्र को वर्ष 2026 की शुरुआत में कराने की जानकारी दी गई थी। अब अंतिम तारीखें इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फ़ेडरेशन (आईएसएसएफ) के 2026 कैलेंडर के अनुरूप तय की गई हैं, ताकि किसी भी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से टकराव न हो।

इस लीग में देश और विदेश के कई शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबले देखने को मिलेंगे। शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का उद्देश्य लीग-फॉर्मेट में विश्वस्तरीय शूटिंग को प्रस्तुत करना और खेल को नए दर्शकों तक पहुंचाना है।

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''शूटिंग लीग ऑफ इंडिया हमारे खेल के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ी-केंद्रित और वैश्विक कैलेंडर के अनुरूप है, जिससे अधिकतम अंतरराष्ट्रीय भागीदारी संभव होगी। मिश्रित टीम मुकाबलों और प्रीमियम प्रसारण के साथ हम विश्वस्तरीय उद्घाटन सत्र प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा, ''हमें खुशी है कि शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का पहला संस्करण अगले साल की शुरुआत में होगा। इसमें भारत और विदेश के शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिससे मुकाबले बेहद प्रतिस्पर्धी होंगे। यह लीग शूटिंग खेल को बढ़ावा देने और घरेलू खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर के एथलीटों के साथ खेलने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगी। पूर्व विश्व चैंपियन और शूटिंग दिग्गज रंजन सोढ़ी ने कहा, ''कसा हुआ प्रारूप, मिश्रित टीम प्रणाली और उम्दा प्रसारण शूटिंग जैसे तकनीकी खेल को भी दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक बना सकते हैं। यह मंच खेल की बारीकियों को रोचक कहानी में बदलने की क्षमता रखता है। पूर्व विश्व नंबर-1, खेल रत्न एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अंजलि भगवत ने कहा, ''यह मंच जूनियर और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को वैश्विक सितारों के साथ खेलने और उनसे सीखने का मौका देगा। सुरक्षित कैलेंडर और मजबूत आयोजन व्यवस्था के साथ यह लीग अने वाली पीढ़ी को प्रेरित कर सकती है। इस प्रतियोगिता में मिश्रित टीम स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर थ्री-पोज़िशन) और शॉटगन (ट्रैप व स्कीट) शामिल हैं। फ्रेंचाइजी आधारित टीमों को लीग चरण में दो समूहों में बांटा जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। खिलाड़ियों का ड्राफ्ट चार श्रेणियों – एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस और जूनियर एवं यूथ में किया जाएगा, ताकि अंतरराष्ट्रीय सितारों, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण तैयार किया जा सके।

## वेलिंगटन टेस्ट: वेस्टइंडीज की पहली पारी 205 रन पर सिमटी, टिकनर ने झटके चार विकेट

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), । वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर और डेब्यू कर रहे माइकल रे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज की पहली पारी को 75 ओवर में 205 रन पर समेट दिया। टिकनर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 32 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि रे ने अपने डेब्यू मैच में 3 विकेट हासिल किए।

हालांकि दिन के खेल के दौरान न्यूजीलैंड को झटका भी लगा, जब टिकनर 67वें ओवर में फील्डिंग के दौरान कंधे में चोट लगने के कारण स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाए गए। उनके कंधे के डिसलोकेट होने की आशंका जताई जा रही है।द टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी रही। ओपनर ब्रैंडन किंग (33) और जॉन कैंपबेल (44) ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े।

# एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में पैट कमिंस की वापसी

एजेंसी

एडिलेड । ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हो गई है। यह टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें कमिंस की वापसी ही एकमात्र नया बदलाव है। पैट कमिंस ने पीठ के निचले हिस्से (लंबर बैक स्ट्रेस) में चोट के कारण एशेज सीरीज़ के शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेले थे। उन्होंने आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। कमिंस पिछले हफ्ते गाबा टेस्ट के लिए चयन के काफी करीब थे, क्योंकि उनकी रिकवरी उम्मीद से तेज़ रही थी। हालांकि, टीम प्रबंधन ने उन्हें पूरी तरह तैयार करने के लिए मैच सिमुलेशन के तहत कई स्पेल्स गेंदबाज़ी करवाने का निर्णय लिया।

मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा,ल्वह हमारी उम्मीद से काफी आगे थे और ब्रिस्बेन टेस्ट के लिए उनके चयन पर गंभीर चर्चा हुई थी। अब हम मानते हैं कि एडिलेड की चुनौती के लिए वह पूरी तरह तैयार होंगे। नेट्स में किए गए सिमुलेशन से उनकी स्किल्स भी तैयार हैं और उनका शरीर खेलने के लिए फिट है। अगर अगले एक हफ्ते में कुछ अप्रत्याशित नहीं होता, तो मुझे उम्मीद है कि पैट कप्तान के तौर पर टॉस करते और ब्लेज़र पहनते दिखेंगे। इस बीच, बल्लेबाज़ उस्मान ख्वाजा ने भी टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। वह पर्थ टेस्ट में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे थे और पीठ में चोट के कारण गाबा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। मैकडॉनल्ड ने बताया कि ख्वाजा ने ब्रिस्बेन में नेट्स में अच्छी बल्लेबाज़ी की और उनके अगले हफ्ते तक पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, उज़ी (ख्वाजा) फिट और उपलब्ध होने चाहिए। सामान्य तौर पर वह सलामी बल्लेबाज़ के रूप में ही खेलते हैं, लेकिन उनमें क्रम में बदलाव की क्षमता भी है। हम मानते हैं कि हमारे सभी बल्लेबाज़ किसी भी स्थान पर खेलने की काबिलियत रखते हैं। नाथन लियोन की भी एडिलेड टेस्ट में वापसी की संभावना है, जिससे चयन को लेकर टीम मैनेजमेंट के सामने मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। ऐसे में स्कॉट बोलैंड, माइकल नेसर और ब्रेंडन डोगेट में से दो खिलाड़ियों को अंतिम एकादश से बाहर बैठना पड़ सकता है। वहीं ख्वाजा की उपलब्धता से बल्लेबाज़ी क्रम को लेकर भी कुछ फैसले लेने होंगे। मैकडॉनल्ड ने आगे कहा, ल्पर्थ और ब्रिस्बेन टेस्ट के बीच और फिर ब्रिस्बेन से एडिलेड के बीच का अंतराल ऐसा था जिसे हम संभाल सकते थे। इसलिए एडिलेड के लिए सबसे संतुलित और उपलब्ध गेंदबाज़ी आक्रमण के साथ उतरने की योजना है। किसी खिलाड़ी को आराम देने का विचार फिलहाल नहीं है, यह फैसला शायद चौथे और पांचवें टेस्ट (मेलबर्न और सिडनी) के लिए लिया जा सकता है।

# मोनाल कप 2025: सचिवालय 'ए' और डेंजर्स सेमीफाइनल में

देहरादून। सचिवालय 'ए' और सचिवालय डेंजर्स ने मोनाल कप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टूर्नामेंट में बुधवार को महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सचिवालय रॉयल स्ट्राइकर्स और सचिवालय 'ए' के बीच खेला गया।

टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल स्ट्राइकर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 138 रन बनाए। टीम की ओर से पुष्पेंद्र लटवाल ने 33 रनों की उपयोगी पारी खेली। गेंदबाजी में टिकराज ने 3 विकेट हासिल किए, जबकि सागर और आशुतोष को 2ऽ2 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सचिवालय 'ए' की टीम ने सागर की शानदार 59 रनों की पारी की बदौलत 17.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। गेंदबाजी में रमेश जोशी, नीरज और प्रदीप आगरी को एक-एक विकेट मिला।

इस प्रकार सचिवालय 'ए' ने यह मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया। सागर कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

दूसरे क्वार्टरफाइनल में सचिवालय डेंजर्स और सचिवालय माइटी-11 आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए डेंजर्स की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 133 रन बनाए, जिसमें मनोज बिष्ट के 32 रनों का अहम योगदान रहा। गेंदबाजी में अंकित नौटियाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी माइटी-11 की टीम दबाव में बिखर गई और महज 80 रनों पर ऑलआउट हो गई। प्रियांशु ने सबसे अधिक 16 रन बनाए, जबकि डेंजर्स की ओर से अमित तोमर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए। इस तरह सचिवालय डेंजर्स ने मुकाबला 53 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमित तोमर को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

## इंडिगो संकट के बीच स्पाइसजेट रोजाना शुरू करेगी अतिरिक्त 100 उड़ानें

नई दिल्ली। इंडिगो के हालिया संकट के बीच घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने इस शीतकालीन सत्र में अपने परिचालन का विस्तार करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने कहा कि वह 100 अतिरिक्त दैनिक उड़ानें शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि मौजूदा विमानन क्षमता की कमी को दूर किया जा सके। कंपनी ने बताया कि रेगुलेटरी से मंजूरी मिलने के बाद यह सेवा शुरू हो जाएगी। स्पाइसजेट ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रमुख रूटों पर हवाई यात्रा की मांग लगातार बढ़ रही है, इसलिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की तैयारी की जा रही हैं। इंडिगो में चल रही परिचालन बाधाओं के बीच यह कदम एयरलाइन उद्योग में क्षमता संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इंडिगो इस समय संकट के दौर से गुजर रही है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने देर शाम एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान इंडिगो एयरलाइन की 10 फीसदी फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया था। स्पाइसजेट पिछले दो महीनों में 17 एयरक्राफ्ट को अपने ऑपरेशन में शामिल कर चुकी है।

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 275 अंक टूटा, निफ्टी में 82 अंक की गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 275 अंक टूटा, जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 275.01 अंक यानी 0.32 फीसदी टूटकर 84,391.27 के स्तर पर बंद हुआ है। यह 11 नवंबर के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 85,020.34 के ऊपरी और 84,313.62 के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी अंतिम घंटे की बिकवाली के दबाव में 81.65 अंक यानी 0.32 फीसदी गिरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ है।

बाजार में कारोबार के आखिरी घंटों में उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, निजी बैंक और आईटी शेयरों में हुई



बिकवाली ने शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया, जिससे सेंसेक्स एवं निफ्टी एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स के शेयरों में इटर्नल, ट्रेंट, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर गिरावट में रहे। हालांकि टाटा स्टील, सन फार्मास्यूटिकल्स, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज़, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड और एशियन पेंट्स के शेयरों में बढ़त रही।

इसके अलावा एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्केई, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट में बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग हरे निशान में था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 0.03 फीसदी फिसलकर 61.92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच भारतीयद मुद्रा रुपया नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

एक दिन पहले बीएसई का सेंसेक्स 436.41 अंक यानी 0.51 फीसदी लुढककर 84,666.28 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई का निफ्टी भी 120.90 अंक यानी 0.47 फीसदी टूटकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ था।

# सरकारी स्कूलों में 50 हजार नई अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करेंगे : प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में देशभर के सरकारी स्कूलों में नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 50 हजार नई अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) स्थापित करेगी। उत्तर प्रदेश से भाजपा सदस्य तेजवीर सिंह के डिजिटल क्लासरूम, स्किल आधारित शिक्षा और शिक्षकों की क्षमता निर्माण से जुड़े प्रश्न के उत्तर में प्रधान ने कहा कि स्कूली शिक्षा मूल रूप से राज्यों का विषय है, लेकिन केंद्र सरकार 'समग्र शिक्षा' योजना के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता दे रही है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में स्कूली शिक्षा के आधुनिकीकरण को गति देने के लिए कई महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा की गयी है। आने वाले एक-दो वर्षों में देश के सभी सेकेंडरी (कक्षा 9 से 12) सरकारी स्कूलों को ब्रॉडबैंड और भारतनेट के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके लिए आवश्यक वित्तीय प्रावधान किए गए हैं, ताकि स्कूलों को वैश्विक डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा जा सके।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्तमान में लगभग दस हजार अटल टिंकरिंग लैब कार्यरत हैं, जिन्हें वृहद आकार देते हुए अगले पांच साल में इनकी संख्या 50 हजार तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारत की शिक्षा प्रणाली अधिकाधिक तकनीक आधारित होने जा रही है।

प्रधान ने बताया कि शिक्षकों की क्षमता वृद्धि के लिए जिला स्तरीय डीआईईटी संस्थानों को मजबूत किया जा रहा है तथा शिक्षक शिक्षा के लिए नया पाठ्यक्रम और कार्यप्रणाली तैयार की जा रही है, जो क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि देश के प्रत्येक बच्चे तक एड्यूटेक का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में केंद्र सरकार पूरी तन्मयता से काम कर रही है।

प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूरे देश द्वारा स्वीकार की गई एक सर्वसम्मत और दूरदर्शी नीति है, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मार्ग प्रशस्त करती है।

# मुक्तेश्वर से लौट रहे गाजियाबाद के पर्यटकों की कार खाई में गिरी, दो की मौत व छह घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल । मुक्तेश्वर से लौट रहे गाजियाबाद के एक परिवार के आठ पर्यटकों की कार मंगलवार देर रात मल्ला रामगढ़ क्षेत्र में गागर के समीप अनियंत्रित होकर लगभग सौ मीटर गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। छह अन्य लोग घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात लगभग स्थानीय लोगों ने 11.46 बजे 112 आपातकालीन सेवा पर सूचना दी कि एक कार मल्ला रामगढ़ क्षेत्र में गागर के समीप गहरी खाई में गिर गई है। सूचना पर भवाली कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ ने अंधेरे तथा खाई की कठिन परिस्थितियों में खोज और बचाव अभियान चलाकर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद छह घायलों को हल्द्वानी स्थित डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में चालक 32 वर्षीय सचिन और उनकी 12 वर्षीय भांजी लक्ष्मी पुत्री विकास की मौत ही हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में नितिन (32), रुचि (39), कंचन (26), शामा (8), निष्ठा (14) और लव (11) घायल हुए हैं। चौकी प्रभारी गुलाब सिंह कंबोज ने बताया कि कार सवार प्लाट नंबर पांच, शिवपुरी सेक्टर-9, न्यू विजय नगर गाजियाबाद निवासी परिवार के सदस्यों की कार मुक्तेश्वर से घर वापसी के दौरान गागर के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन गिरने की आवाज और यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुँचे और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## राहुल गांधी 17 दिसंबर को पेरिस में भारतीय समुदाय से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 17 दिसंबर को अपने फ्रांस दौरे के दौरान राजधानी पेरिस में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में उनके साथ भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के मुताबिक इस दौरान राहुल गांधी भारतीय समुदाय के लोगों के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने, एनआरआई से जुड़े मुद्दों और भारतीय ओवरसीज कांग्रेस की भूमिका को बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श होगा। बैठक का उद्देश्य यह समझना है कि भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के संपर्क को और विस्तृत करने और इसकी विचारधारा को विदेशों में फैलाने में योगदान देना है।

## छात्रवृत्ति घोटाले मामले में निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में समन आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद निचली कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। साथ ही कोर्ट ने 12 फरवरी की तिथि नियत करते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए है। बुधवार को न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार जिला नैनीताल के हल्द्वानी स्थित सोशल वेलफ़ेयर डायरेक्टोरेट में डिप्टी डायरेक्टर जगमोहन सिंह कफोला ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि उन पर आरोप है कि उसने मिली भगत कर छात्र-छात्रओं का भौतिक सत्यापन ना कर छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति की धनराशि जारी कर दी जबकि याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि ततसमय लागू शासनादेश एवं नियमों के अनुसार छात्रवृत्ति की धनराशि वितरित की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। उन्होंने निचली अदालत के 18 जून 2021 को जारी समन आदेश को चुनौती दी है।

## वरिष्ठ नागरिकों घर-घर जाकर पुलिस ने सुनी समस्याएं

हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आज ज्वालापुर पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत अकेले निवारत वरिष्ठ नागरिकों के घर पर जाकर कुशलता जानी और उनकी समस्या सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया। डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान ज्वालापुर पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को साईबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि किसी भी प्रकार की अनजान कॉल आने पर घबरायें नहीं। ऐसा होने पर सीधे पुलिस से सम्पर्क करें। इसके अतिरिक्त सिनियर सिटिजनों को अपने-अपने निवासरत क्षेत्र में प्रचलित चेतक मोबाईल पर नियुक्त कर्मियों के मोबाईल नम्बरों व पुलिस कंट्रोल रुम और प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर के मोबाईल नम्बर से भी अवगत कराया गया। वरिष्ठ नागरिकों को बताया गया कि आपकी कोई भी निजी पारिवारिक, घरेलू हिंसा अथवा अपराध सम्बन्धी समस्या होने पर आप अपनी समस्या को फोन बता सकते हैं, जिसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। पुलिस वरिष्ठ नागरिकों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया गया।

## परीक्षा देने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

भागलपुर। सिपाही भर्ती परीक्षा देने जा रहे दो युवक बुधवार को पुलिस जिला नवगछिया के खरीक पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुघर्टना का शिकार हो गया। घटना के बाद बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके साथ परीक्षा दिलाने जा रहे उनके चाचा गिरधारी कुमार ने उन्हें इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
मृतक की पहचान सुबोध कुमार यादव के पुत्र नीतीश कुमार के तौर पर हुआ है। घटना के बाद मायागंज हॉस्पिटल पहुंचे परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल गिरधारी ने बताया कि बांका से परीक्षा देने के लिए नवगछिया के रास्ते बेगूसराय जा रहे थे, तभी खरीक पेट्रोल पंप के समीप ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी।

## बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो पर एफआईआर

दरभंगा। बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को शेरपुर स्थित नदियांमी घाट टोला में छापेमारी की। कार्रवाई सहायक विद्युत अभियंता सकरी सौरभ कुमार की अध्यक्षता में की गई। जांच के बाद दो लोगों पर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने का मामला दर्ज किया गया है। कनीय विद्युत अभियंता तारडीह अनवर शाह कैसर ने इस संबंध में सकतपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। छापेमारी के दौरान दोनों उपभोक्ताओं पर कुल 39,013 रुपए की दंडात्मक राशि निर्धारित की गई।

## लोकसभा में तारिक अनवर ने उठाया बिहार में पीडीएस भंडारण का मुद्दा

कटिहार। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने लोकसभा में सांसद तारिक अनवर के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि बिहार राज्य में पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्रालय ने बताया कि एफसीआई के पास 13.43 एलएमटी की कवर्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है और बिहार में राज्य एजेंसियों के पास केंद्रीय पूल खाद्यान्न भंडार के भंडारण के लिए 10.13 एलएमटी की कवर्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) योजना, केंद्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) 2017-25, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत साइलो का निर्माण आदि शामिल हैं। सांसद तारिक अनवर ने सवाल किया था कि बिहार राज्य में पीएसीएस के माध्यम से पीडीएस के भंडारण, वितरण और दक्षता सुनिश्चित करने की वर्तमान प्रणाली की अपर्याप्तता के कारण क्या हैं और बाढ़ और सूखे जैसी आपदाओं के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे ठोस कदम क्या हैं। मंत्रालय ने बताया कि पीडीएस की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें गोदामों का निर्माण, अनाज की खरीद और वितरण की व्यवस्था, और पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कदम उठाना शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि बाढ़ और सूखे जैसी आपदाओं के दौरान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं ।

# अब कुपोषण दूर करेगा लौहयुक्त शिटाके मशरूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पंतनगर। उत्तराखंड के जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने आयरन नैनोकणों से शिटाके मशरूम का बायोफोर्टिफिकेशन कर 35 फीसदी अधिक लौहयुक्त शिटाके मशरूम तैयार करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस नैनो तकनीक से मशरूम ऊतकों में आयरन का अवशोषण, संचलन और जैव उपलब्धता काफी बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों ने इस तकनीक का पेटेंट भी फाइल कर दिया है।

सीबीएसएच कालेज के पूर्व अधिष्ठाता और वैज्ञानिक डॉ. संदीप अरोड़ा ने एक भेंट वार्ता में बताया कि शिटाके मशरूम (लेंटिनुला इडॉडस) विश्व का सबसे मूल्यवान खाद्य और औषधीय कवक है। पूर्वी एशिया के जंगलों, विशेषकर जापान और चीन, में उत्पन्न इस मशरूम की खेती जगभग एक हजार वर्ष पुरानी है। जब इसे पारंपरिक रूप से ओक की लकड़ियों पर उगाया और स्वास्थ्य लाभ के कारण 'जीवन अमृत' के रूप में जाना जाता था। जबकि भारत जैसे राष्ट्र तकनीकी नवाचार और वैल्यू एडिशन रणनीतियों से इसके उत्पादन का विस्तार कर रहे हैं। आज शिटाके विश्व का दूसरा सबसे अधिक उत्पादित मशरूम है, जो न केवल अपने समृद्ध स्वाद, बल्कि अपने उच्च पोषण के लिए जाना जाता है। जैसे-जैसे वैश्विक खाद्य प्रणाली बदल रही है, नैनो-बायोफोर्टिफाइड मशरूम आयरन की कमी से निपटने में टिकाऊ, सुलभ और अधिक प्रभावी समाधान बन सकते हैं। कभी प्राचीन परंपराओं में पूजनीय शिटाके मशरूम अब छुपी भूख के विरुद्ध एक आधुनिक हथियार बनकर उभर रहा है। जहां विज्ञान, पोषण और नवाचार एक ही थाली में मिलते हैं।

## अस्थायी बस स्टैंड निर्माण स्थल का डीडीसी ने किया निरीक्षण

भागलपुर। जिले में बसों के सुचारू संचालन और यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डीडीसी प्रदीप कुमार ने बुधवार को जगदीशपुर प्रखंड के रिक्शाडीह में प्रस्तावित अस्थायी बस स्टैंड निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की उपलब्ध जमीन, पहुंच मार्ग और आवश्यक संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीडीसी ने बताया कि यह निरीक्षण जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बसों की आवाजाही और ठहराव में हो रही दिक्कतों को देखते हुए अस्थायी बस स्टैंड का निर्माण जरूरी है। इससे न सिर्फ बसों के अनियंत्रित रूप से रुकने पर रोक लगेगी, बल्कि यात्रियों को भी सुरक्षित और व्यवस्थित सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि बस ठहराव स्थल तक पहुंचने वाले पथ का निर्माण जल्द किया जाए। साथ ही, स्थल पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि रात के समय यात्रियों और बस चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पोखड़ा में फिर गुलदार के हमले में महिला घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल। जिले के पोखड़ा ब्लाक में गुलदार का आतंक जारी है। बुधवार को गुलदार ने पोखड़ा रेंज के देवराड़ी से सटे जंगल में घास काटने गई महिला को गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को पोखड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद कोटद्वार के लिए रेफर किया है। गुलदार के हमले से क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। घटना पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। आज पोखड़ा ब्लाक के देवराड़ी में दिनदहाड़े घास काट रही 36 साल की कंचन देवी को घात लगाए गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया कि गुलदार ने महिला की गर्दन पर गहरे घाव कर दिए है। बताया कि साथ गए ग्रामीणों ने हो हल्ला कर गुलदार को भगाया। उन्होंने डीएम से मुलाकात कर गुलदार के आतंक से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कंग्रेस नेता राजपाल बिष्ट व पूर्व ब्लाक प्रमुख पोखड़ा सुरेद्र सिंह रावत ने डीएम से मुलाकात कर गुलदार के आतंक से निजात दिलाने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। वहीं, घटना पर चौबटटाखाल विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने घटना पर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी से वार्ता कर तत्काल उन्हें एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में उनका उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल में गुलदार के हमलों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए वन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि वह पूरे इलाके में ड्रोन से निगरानी के साथ-साथ गश्त बढ़ाकर तत्काल लोगों की सुरक्षा के सभी जरुरी कदम उठाएं। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों से कहा है कि गुलदार एवं जंगली जानवरों के छिपने के स्थान के साथ-साथ गांव के आसपास शीघ्रता से झाड़ियां का कटान करे।

# स्वदेशी उद्यमिता का आधार हैं महिलाएं: रेखा आर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि स्वदेशी उद्यमिता का महिलाएं आधार हैं। उनके ओर से तैयार किए गए उत्पाद देश-विदेश में अपनी पहचान बना रहे हैं। मंत्री रेखा आर्या बुधवार को परेड ग्राउंड पर आयोजित स्वदेशी महोत्सव उत्तराखंड विकास प्रदर्शनी में आयोजित महिला सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर संबोधित कर रही थीं। मंत्री ने कहा कि हम सभी को स्वदेशी के भाव को अपने रोजमर्रा के आचरण और दिनचर्या में शामिल करना होगा। तभी देश स्वदेशी आंदोलन पर आगे बढ़ सकेगा। अगर हम भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो इसमें स्वदेशी उत्पादों और कौशल की सबसे बड़ी भूमिका रहने वाली है। उन्होंने कहा कि एक समय में स्वदेशी आंदोलन ने हमारे देश को आजादी दिलाने में योगदान किया था, लेकिन अब समय है कि हम इस आजादी को और मजबूत और सुरक्षित बनाएं। यह भी स्वदेशी के भाव को मजबूत करने से ही संभव हो सकेगा। कार्यक्रम में मंत्री आर्या ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली महिला उद्यमियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र सिंह, संस्कृति विभाग से मधु भट्ट, बीएस नेगी महिला पॉलिटेक्निक की प्रधानाचार्य नमिता मंमगाई, उत्तरांचल महिला संगठन अध्यक्ष साधना शर्मा, नीति कांडपाल, सुविधा स्टोर से अमिता और विभिन्न स्कूलों की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पर्वतीय पारस्थितिकी और वैज्ञानिक प्रबंधन पर हुई चर्चा


कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के सहयोग से बीजीआर कैंपस के वनस्पति विभाग में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्वतीय पारस्थितिकी, जैव विविधता, ग्लेशियरों की बदलती स्थिति और उनके वैज्ञानिक प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जल संसाधन प्रबंधन, पर्वतीय वन संरक्षण, ग्लेशियर निगरानी, जोखिम आकलन और समुदाय आधारित संरक्षण रणनीतियों पर कई सत्र आयोजित किए गए। छात्रों और शोधार्थियों ने पोस्टर प्रस्तुति, संवाद सत्र और फील्ड गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया। परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में परिसर निदेशक प्रो.यूसी गैरोला ने युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। कहा कि जैव विविधता संरक्षण और पर्वतीय पारस्थितिकी को सुरक्षित रखने में युवा पीढ़ी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। उन्होंने छात्रों को स्वैच्छिक सेवाओं, पर्यावरण संरक्षण अभियानों और समुदाय आधारित कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डा. विक्रम नेगी ने पर्वतों के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि पर्वत दुनिया की आधी से अधिक आबादी को जल उपलब्ध कराते हैं और बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियरों का तीव्र पिघलना हिमालयी क्षेत्रों में जल संसाधनों और प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम को बढ़ा रहा है। कहा कि पर्वत और ग्लेशियर वैश्विक जल सुरक्षा और जैव विविधता की अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने हिमालयी क्षेत्रों के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक शोध, युवा सहभागिता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो प्रभाकर बड़ोनी ने ग्लेशियरों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

बताया कि ग्लेशियर ताजे जल के प्रमुख प्राकृतिक स्रोत हैं और ये नदियों को स्थिर प्रवाह प्रदान करते हैं। यह जल कृषि, सिंचाई और लाखों लोगों की आजीविका के लिए अत्यंत आवश्यक है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063